CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 22°C

मुरादाबाद, शनिवार 2 अगस्त 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 353 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com श्रावण शुक्ल पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 7 सफर 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**अमेरिका के समक्ष सरेंडर अच्छे दिन के संकेत नहीं: पवन खेड़ा**
पेज 2



**इंग्लैंड के गेंदबाज वोक्स ओवल टेस्ट से बाहर**
खेल टाइम्स



**एशिया की बिसात पर चीन की घेराबंदी, लंदन और तेल अवीव का बड़ा दांव**
सम्पादकीय



**गाजा में 175 फलस्तीनियों की हत्या**
पेज 12

## उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव नौ सितम्बर को

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव 9 सितम्बर को कराया जाएगा। इसके लिए अधिसूचना अगले सप्ताह गुरुवार को जारी की जाएगी। चुनाव आयोग द्वारा शुक्रवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार उपराष्ट्रपति के चुनाव के लिए अधिसूचना गुरुवार 7 अगस्त को जारी की जाएगी। इसके साथ ही नामांकन भरने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। नामांकन पत्र गुरुवार, 21 अगस्त तक भरे जा सकेंगे और नामांकन पत्रों की जांच शुक्रवार 22 अगस्त को की जाएगी। नामांकन सोमवार, 25 अगस्त तक वापस लिए जा सकेंगे। आयोग ने कहा है कि यदि आवश्यक हुआ, तो मतदान मंगलवार, नौ सितम्बर को पूर्वाह्न दस बजे से शाम पांच बजे तक कराए जाएंगे। मतगणना उसी दिन मतदान सम्पन्न होने के बाद रिटर्निंग अधिकारी की निगरानी में कराई जाएगी। सभी के मत का मूल्य एक समान (1) होगा।

## बिहार मतदाता सूची पुनरीक्षण पर दोनों सदनों में हंगामा

**नई दिल्ली।** लोकसभा में बिहार में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को लेकर शुक्रवार को विपक्षी दलों के सदस्यों ने भारी हंगामा करते हुए नारेबाजी की, जिसके कारण सदन की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दिन भर के लिए स्थगित करनी पड़ी। पीठासीन अधिकारी कृष्णा प्रसाद तेन्नेटी ने एक बार के स्थगन के बाद दो बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू की विपक्ष के सदस्य नारे लगाते हुए और हाथों में तख्तियां लेकर सदन के बीचों बीच आकर हंगामा करने लगे। हंगामे के बीच पीठासीन अधिकारी ने जरूरी दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाया और इसके बाद उन्होंने नियम 377 के तहत सदस्यों से अपने मुद्दे सदन के पटल पर यह कहते हुए रखने को कहा कि उन्हें पढ़ा हुआ समझा जाएगा।

## ले. जनरल सिंह ने सेना उप प्रमुख का कार्यभार संभाला

**नई दिल्ली।** लेफ्टिनेंट जनरल पुष्पेंद्र सिंह ने शुक्रवार को यहां सेना उप प्रमुख का कार्यभार संभाल लिया। इससे पहले वह सेना मुख्यालय में महानिदेशक, ऑपरेशनल लॉजिस्टिक्स एवं स्ट्रैटेजिक मूवमेंट के पद पर थे। कार्यभार संभालने से पहले उन्होंने यहां राष्ट्रीय युद्ध स्मारक जाकर मातृ भूमि के लिए प्राणों का बलिदान देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। जनरल ऑफिसर को दिसम्बर 1987 में पैराशूट रेजिमेंट (विशेष बल) की चौथी बटालियन में कमीशन दिया गया था।

## वात्सायन ने नौसेना उप प्रमुख का कार्यभार संभाला

**नई दिल्ली।** वाइस एडमिरल संजय वात्सायन ने शुक्रवार को यहां नौसेना के 47वें उप प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाल लिया। इससे पहले वाइस एडमिरल ने यहां राष्ट्रीय युद्ध स्मारक जाकर राष्ट्र की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# शाहरुख-विक्रांत बेस्ट एक्टर, रानी बेहतरीन अदाकारा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों का ऐलान हो गया है। शुक्रवार को इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के दावेदारों का ऐलान किया गया है।

इसमें शाहरुख खान को भी अपना पहला राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला है। उन्हें फिल्म 'जवान' के लिए यह पुरस्कार मिला है। जबकि रानी मुखर्जी को बेस्ट एक्ट्रेस पुरस्कार से नवाजा गया है। बता दें कि कोविड महामारी के चलते नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स में देरी हो रही है। साल 2024 में 2022 में



- नेशनल अवॉर्ड 'कटहल' को बेस्ट हिंदी फिल्म का पुरस्कार

रिलीज होने वाली फिल्मों को पुरस्कार दिए गए थे। अब इस साल उन फिल्मों को पुरस्कृत किया जाएगा, जो वर्ष 2023 में रिलीज हुईं। शाहरुख खान के अलावा विक्रांत मैसी को भी नेशनल फिल्म अवॉर्ड दिया गया है। उन्हें फिल्म 12वीं फेल के लिए बेस्ट एक्टर का नेशनल फिल्म अवॉर्ड दिया गया है। कटहल को बेस्ट हिंदी फिल्म का नेशनल फिल्म अवॉर्ड दिया गया है। साल 2023 में रिलीज हुई फिल्म कटहल में सान्या मल्होत्रा, विजय राज और अनंत जोशी जैसे सितारे नजर आए। वहीं रानी मुखर्जी को उनकी फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेस नार्वे के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का खिताब मिला है। नेशनल अवॉर्ड के विनर के लिए फिल्मों को कई हफ्तों तक जूरी ने रिव्यू किया, जिसके बाद उन्होंने अपनी आखिरी रिपोर्ट मंत्री अश्विनी वैष्णव और एल मुरुगन को सौंपी है। दिल्ली के नेशनल मीडिया सेंटर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस ऑर्गेनाइज किया गया, इस दौरान जूरी में फिल्ममेकर आशुतोष गोवारिकर, पी. शेषाद्री शामिल हैं।

# उद्योगपति अनिल अंबानी के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** देश के बड़े उद्योगपति और रिलायंस धीरूभाई अंबानी ग्रुप के चेयरमैन अनिल अंबानी के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया गया है। हाल ही में ईडी ने अनिल अंबानी के ठिकानों पर रेड की थी।

ईडी ने उन्हें 5 अगस्त को दिल्ली पूछताछ के लिए बुलाया है। प्रवर्तन निदेशालय 17,000 करोड़ रुपये के



- ईडी की रेड के बाद मुश्किल में फंसे उद्योगपति !

कथित लोन घोटाले की जांच कर रहा है। पिछले हफ्ते ईडी -**शेष पृष्ठ दो पर**

# अपने फैसले से पलटे ट्रम्प

## भारत का करारा जवाब: एफ- 35 नहीं खरीदेगा

**वाशिंगटन डीसी, वार्ता**

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत पर 25 फीसदी टैरिफ को 7 दिन के लिए टाल दिया है। ये एक अगस्त से लागू होना था, जो अब 7 अगस्त से लागू होगा।

ट्रम्प ने 92 देशों पर नए टैरिफ की लिस्ट जारी की है। इसमें भारत पर 25 फीसदी और पाकिस्तान पर 19 फीसदी टैरिफ लगाया गया है। हालांकि, कनाडा पर एक अगस्त से ही 35 फीसदी टैरिफ लागू हो गया है। साउथ एशिया में सबसे कम टैरिफ पाकिस्तान पर लगा है। अमेरिका ने पहले पाकिस्तान पर 29 फीसदी टैरिफ लगा रखा था। वहीं दुनियाभर में सबसे ज्यादा 41फीसदी टैरिफ सीरिया पर लगाया गया है। इस लिस्ट में चीन का नाम शामिल नहीं है। ट्रम्प ने 2 अप्रैल को दुनियाभर के देशों पर टैरिफ लगाने की घोषणा की थी, लेकिन 7 दिन बाद ही इसे 90 दिनों के लिए टाल दिया था। कुछ दिनों बाद ट्रम्प ने 31 जुलाई तक का समय दिया था। इसके बाद ट्रम्प सरकार ने 90 दिनों में 90 सौदे कराने का टारगेट रखा था। हालांकि, अमेरिका का अब तक सिर्फ 7 देशों से समझौता हो पाया। -**शेष पृष्ठ दो पर**

### ट्रम्प का 25 फीसदी टैरिफ सात दिन टला




- 90 देशों को भी राहत, कनाडा पर आज से 35 फीसदी टैरिफ, लिस्ट में चीन नहीं

### ट्रम्प से डिफेंस डील नहीं चाहती मोदी सरकार

**नई दिल्ली।** भारत ने अमेरिकी अधिकारियों को बता दिया है कि उसकी एफ-35 स्टील्थ फाइटर जेट खरीदने में दिलचस्पी नहीं है। ब्लूमबर्ग ने अपनी एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से ये जानकारी दी है।

एफ-35 अमेरिका का 5वीं जेनरेशन का लड़ाकू विमान है। इसे लाकहीड मार्टिन कंपनी ने डेवलप किया है। रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि मोदी सरकार निकट भविष्य में अमेरिका के साथ कोई बड़ा रक्षा सौदा नहीं चाहती। सरकार रक्षा उपकरण बनाने वाली साझेदारी में ज्यादा दिलचस्पी रखती है। यानी, भारत टेक्नोलॉजी ट्रांसफर और देश में उत्पादन की शर्त पर डिफेंस डील चाहता है। इस साल फरवरी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्हाइट हाउस दौरे के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत को फाइटर जेट बेचने की पेशकश की थी। इसके बाद अप्रैल में भारत दौरे पर आए अमेरिका के उप राष्ट्रपति जेडी वेंस ने भी भारत को एफ-35 खरीदने का ऑफर दिया था। रिपोर्ट में अमेरिका की ओर से लगाए गए टैरिफ का भी जिक्र है।

# चुनाव आयोग करवाता है वोट चोरी, सबूत हैं हमारे पास : राहुल गांधी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि चुनाव आयोग वोटों की चोरी करा रहा है और इसके उनके पास पर्याप्त सबूत हैं, लेकिन जो यह चोरी करवा रहे हैं उनका यह काम देशद्रोह है और ऐसे लोगों को खोज निकालेंगे।

श्री गांधी ने शुक्रवार को संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से कहा कि हमारे पास सबूत है कि चुनाव आयोग वोट चोरी करवा रहा है। मैं शत-प्रतिशत सबूतों के साथ ये बात कह रहा हूं। हम जैसे ही ये सबूत सबके सामने रखेंगे, पूरे देश को पता चल जाएगा कि चुनाव आयोग वोट चोरी करा रहा है। कांग्रेस नेता ने कहा कि आश्चर्य की बात यह है कि चुनाव आयोग यह काम भाजपा के लिए करा रहा है। उन्होंने कहा कि सवाल है कि आयोग किसके लिए करा रहा है यह वोट चोरी, इसका जवाब है कि भाजपा के लिए करा रहा है। उन्होंने कहा कि हमें मध्य प्रदेश में संदेह था, लोकसभा चुनाव में संदेह था, महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में संदेह था। चुनाव आयोग हमारी मदद नहीं कर रहा था इसलिए हमने अपनी तरफ से जांच करवाई। इस जांच में छह महीने लगे और जो हमें मिला है, वह एटम बम है। चुनाव आयोग में जो भी वोट चुराने का काम कर रहे हैं, उन्हें हम छोड़ेंगे नहीं। क्योंकि आप हिंदुस्तान के खिलाफ काम कर रहे हैं, जो देशद्रोह है। आप कहीं भी हों, चाहे आप रिटायर ही क्यों न हो जाएं, हम आपको ढूंढ़ निकालेंगे।

- कांग्रेस नेता ने कहा: जो यह चोरी करवा रहे हैं, उनका यह काम देशद्रोह, ऐसे लोगों को हम खोज निकालेंगे



### राहुल गांधी को चुनाव आयोग का जवाब

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग का बयान आया है, जिसमें राहुल गांधी को जवाब दिया है। चुनाव आयोग ने कहा कि हमने राहुल गांधी को 12 जून 2025 को एक मेल भेजा, मगर वो नहीं आए। इसके बाद 12 जून को फिर एक पत्र भेजा, लेकिन उन्होंने इसका कोई जवाब नहीं दिया। राहुल गांधी ने कभी भी किसी भी मुद्दे पर चुनाव आयोग को कोई पत्र नहीं भेजा। अब वो बेतुके आरोप लगा रहे हैं और अब चुनाव आयोग और उसके कर्मचारियों को धमकाना भी शुरू कर दिया है, ये निंदनीय है। चुनाव आयोग ऐसे गैर-ज़िम्मेदाराना बयानों को नजरअंदाज करता है और अपने सभी कर्मचारियों से निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से काम करते रहने का अनुरोध करता है।

**लेटर का रिप्लाई नहीं दिया, अब धमकाना शुरू कर दिया**

# सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक दलों की याचिका खारिज की

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 (पोश अधिनियम) के दायरे में राजनीतिक दलों को लाने की मांग वाली एक जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया और कहा कि यह विषय संसद के अधिकार क्षेत्र में आता है।

पीठ ने अधिवक्ता योगमाया एमजी की इस याचिका पर



विचार करने से मना कर दिया। पीठ ने याचिकाकर्ता से कहा कि अदालत इस मामले में हस्तक्षेप नहीं कर सकती, क्योंकि यह संसद के अधिकार क्षेत्र में आता है।

## मोदी पर टिप्पणी मामले में थरूर को राहत का संकेत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पीएम मोदी पर 2018 के कथित आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में शुक्रवार को कांग्रेस सांसद शशि थरूर के खिलाफ मानहानि का मामला बंद करने का संकेत दिया और शिकायतकर्ता भाजपा नेता राजीव बब्बर के अधिवक्ता से पूछा कि इस मामले में आप 'इतना संवेदनशील क्यों हैं?' पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनी और शिकायतकर्ता से कहा कि आइए इसे बंद करते हैं।

# रेप मामले में प्रज्वल रेवन्ना दोषी करार

**बेंगलुरु, वार्ता**

**जनप्रतिनिधियों** से जुड़े मामलों की सुनवाई के लिए गठित एक विशेष अदालत ने अपनी घरेलू सहायिका का बलात्कार करने और उसका वीडियो बनाने के मामले में शुक्रवार को कर्नाटक के हासन से सांसद रहे प्रज्वल रेवन्ना को दोषी पाया।

कर्नाटक के हासन से सांसद रह चुके और जनता दल सेक्युलर से निष्काषित राजनेता प्रज्वल रेवन्ना के लिए शुक्रवार का दिन



- कोर्ट आज सुनाएगा प्रज्वल रेवन्ना को सजा

काफी मुश्किल भरा साबित हुआ। जनप्रतिनिधियों से जुड़े मामलों की सुनवाई के लिए गठित एक विशेष अदालत ने अपनी घरेलू सहायिका का बलात्कार करने और उसका वीडियो बनाने के मामले में रेवन्ना को दोषी पाया। रेवन्ना के दोषी पाए जाने का आदेश जज संतोष गजानन भट्ट ने पढ़ा। अब उन्हें इस मामले में कितने बरस की सजा होगी, ये शनिवार, 2 अगस्त को तय होगा। अप्रैल महीने में रेवन्ना के खिलाफ आईपीसी की जिन धाराओं के तहत आपराधिक मुकदमा दर्ज हुआ था, वहां से उनकी सजा को लेकर कुछ इशारे मिलते हैं।

## दाऊद के गुर्गों के खिलाफ एनआईए की बड़ी कार्रवाई

**अहमदाबाद।** एनआईए ने दाऊद इब्राहिम के नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई की है। गुजरात के भरूच में उसके एक गुर्गे की दो संपत्तियों को जब्त कर लिया है। यह कार्रवाई 2015 में हुए दोहरे हत्याकांड के मामले से जुड़ी हैं, जिसमें बीजेपी कार्यकर्ताओं की हत्या कर दी गई थी। एनआईए ने मोहम्मद यूनुस उर्फ मंजरो नाम के आरोपी की दो अचल संपत्तियों को यूएपीए के तहत जब्त किया है।

# बुलंदशहर में इंस्पेक्टर के पांच हत्यारों को उम्रकैद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुलंदशहर।** बुलंदशहर के बहुचर्चित स्याना हिंसा मामले में शुक्रवार को कोर्ट ने इंस्पेक्टर की हत्या के 5 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है, जबकि 33 दोषियों को हिंसा, आगजनी और हत्या की कोशिश के लिए 7-7 साल की सजा दी गई।

एक दिन पहले गुरुवार को कोर्ट ने सभी 38 आरोपियों को दोषी करार दिया था। सजा के लिए एक अगस्त की तारीख तय की थी। शाम 5:45 बजे जज ने फैसला



- हिंसा के 33 दोषियों को 7-7 साल की सजा
- कोतवाल को मारकर फूंकी थी चौकी

सुनाया। सजा पाने वालों में जिला पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान, बीजेपी नेता, निषाद पार्टी के नेता और आरएसएस के नगर कार्यवाह भी शामिल हैं। पुलिस ने मामले में कुल 44 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। इनमें से 5 आरोपियों की मौत हो चुकी है, जबकि एक नाबालिग का केस जुवेनाइल कोर्ट में चल रहा है। एएसपी ऋजुल ने बताया कि स्याना हिंसा मामले में शुक्रवार को सजा का ऐलान हुआ। कोर्ट के बाहर तीन सीओ समेत 5 थानों का फोर्स तैनात रहा। आसपास के इलाके को पुलिस ने कब्जे में ले रखा था। अदालत ने कहा कि दोषियों पर लगाए गए आर्थिक जुर्माने से वसूली का 80 फीसदी हिस्सा शहीद इंस्पेक्टर सुबोध सिंह की पत्नी को दिया जाएगा। यह फैसला शहीद परिवार के लिए राहत की बड़ी खबर साबित हुआ है। फैसले के बाद बुलंदशहर में पुलिस और प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी।

# पंजाब के पांच पुलिसकर्मियों पर हत्या का दोष सिद्ध

**नई दिल्ली।** सीबीआई की एक अदालत ने 1993 में अमृतसर के रानी विल्लाह गांव के सात युवकों की हत्या से जुड़े 32 साल पुराने फर्जी मुठभेड़ मामले में एक पूर्व एसएसपी और एक पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) समेत पंजाब के पांच पुलिस अधिकारियों को दोषी ठहराया है।

अदालत ने पूर्व एसएसपी भूपिंदरजीत सिंह, डीएसपी दविंदर सिंह, इंस्पेक्टर सूबा सिंह, एएसआई गुलबर्ग सिंह और एएसआई रघबीर सिंह (सभी सेवानिवृत्त) को आपराधिक साजिश, हत्या, सबूत नष्ट करने और रिकॉर्ड से छेड़छाड़ करने का दोषी ठहराया है। सोमवार को सजा सुनाई जाएगी।

- 32 साल पुराने फर्जी मुठभेड़ मामले में CBI कोर्ट ने सुनाया फैसला

# पुलिस मुठभेड़ में बदमाश पैर में गोली लगने से घायल

## अवैध तमंचा व फर्जी नम्बर प्लेट लगी कार बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** थाना क्षेत्र के गांव मोहनपुर तिराहे पर वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस और बदमाश के बीच हुई मुठभेड़ में एक शातिर बदमाश के पैर में गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बदमाश के कब्जे से एक तमंचा बरामद हुआ है, जबकि जिस कार से वह फरार हो रहा था, वह फर्जी नंबर प्लेट के साथ पाई गई। पुलिस ने कार को सीज कर चालान कर दिया है।

घटना बृहस्पतिवार की रात लगभग 11 बजे की है। थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार बैंसला पुलिस टीम के साथ मोहनपुर तिराहे पर वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें एक संदिग्ध कार के जरिए बदमाश के मौजूद होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस को देख कार सवार ने मोहनपुर की ओर भागने का प्रयास किया। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे रोकने की कोशिश की, जिस पर आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की, जिसमें बदमाश के पैर में गोली लग गई और वह घायल होकर गिर पड़ा।

पुलिस ने घायल बदमाश को तत्काल प्राथमिक उपचार दिलाने के बाद थाने लाकर पूछताछ की। उसने अपनी पहचान मुजफ्फरनगर के मोहल्ला किदवई थाना खालापार निवासी शहजाद के रूप में बताई। पूछताछ में शहजाद ने कबूला कि करीब बीस दिन पूर्व उसने अपने साथी अरशद के साथ थाना क्षेत्र के गांव जैनुलआबदीनपुर में एक बकरी चोरी की थी। इसके अतिरिक्त कोतवाली शहर के गांव शादीपुर डल्ला में भी एक बकरा चोरी करने की बात स्वीकारी है। पुलिस के अनुसार पकड़ी गई कार शहजाद के साथी अरशद ने अपने किसी रिश्तेदार से लगभग ढाई लाख रुपये में खरीदी थी और उस पर फर्जी नंबर प्लेट लगाई गई थी। पुलिस ने कार को सीज कर दिया है। आरोपी के कब्जे से एक तमंचा भी बरामद हुआ है।

थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी शहजाद के खिलाफ मुजफ्फरनगर और बिजनौर समेत विभिन्न जनपदों के कई थानों में कुल 27 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## युवक ने पुलिस से की कार्रवाई की मांग

**नहटौर।** तीन दिन पूर्व कश्मीरी सब्जी मंडी जा रहे एक युवक के साथ तीन बाईक सवारों ने मारपीट करते हुए नशीला पदार्थ सुंघाकर एक मोबाईल व 1200 रूपए की नगदी छीनकर फरार हो गए।

मोहल्ला नौधा निवासी तुषार सिंह पुत्र किशोरी सिंह मंगलवार की सुबह करीब पांच बजे कश्मीरी सब्जी में पैदल अपने भाई के पास जा रहा था। आरोप है कि नहटौर धामपुर मार्ग पर मोहल्ला नौधा में बंगाली डाक्टर वाली गली के सामने तीन बाईक सवार आए। उसके साथ मारपीट करते हुए नशीला पदार्थ सुंघाकर उसकी जेब से एक मोबाईल व 1200 रूपए नगदी निकालकर उसे सड़क किनारे बेहोशी की हालत में छोड़कर फरार हो गए। बताया जाता है कि सड़क किनारे बेहोशी की हालत में पड़े होने की सूचना पर परिवार के लोग उसे उठाकर ले आए। होश में आने पर उसने आपबीती परिवार वालों को बताई। जिसके बाद उसने शुक्रवार को अपने परिवार वालों के साथ थाने पहुंचकर शिकायत की।

# ईओ ने की व्यापार मंडल प्रतिनिधियों के साथ बैठक

## अतिक्रमण व प्रतिबंधित प्लास्टिक पर विचार-विमर्श

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** प्रतिबन्धित प्लास्टिक, अतिक्रमण, डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन एवं कूड़े का पृथक्करण के सम्बन्ध में नगर पालिका में अधिशासी अधिकारी रवि शंकर शुक्ला की अध्यक्षता में व्यापार मण्डल प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक की गई।

बैठक में प्रतिबन्धित प्लास्टिक के बारे में चर्चा हुई एवं साथ ही यह भी अवगत कराया गया कि प्लास्टिक की एक लीटर से कम वाली सभी प्रकार की बोतल के क्रय विक्रय पर पूर्णत: रोक लगा दी गई है। अगर कोई इन्हें बेचता पाया गया तो कठोर दण्डनात्मक कार्यवाही एवं जुर्माना / प्राथमिकी आदि भी दर्ज करायी जायेगी। अतिक्रमण की बढ़ती समस्या को लेकर भी लोगों को आगाह करने की बात रखी गयी है। व्यापारी रोड एवं पटरी पर अपनी दुकानों का सामान रख देते है। उनसे अपील की गयी कि वे ऐसा न करे। अन्यथा कार्यवाही की जायेगी। अधिशासी अधिकारी द्वारा व्यापारी से वार्ता के दौरान यह भी अवगत कराया गया कि पालिका द्वारा डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन का कार्य शुरू किया गया है, जिसमें जन सहभागिता जरूरी है। सभी अपने गीले सूखे कूड़े को अलग-अलग करके कर्मचारियों को दे। जिससे कूड़े का सही ढंग से निस्तारण किया जा सके। पालिका इसके लिये जन जागरूकता अभियान प्रत्येक वार्डो में मौहल्ला समितियों के सहयोग से चलायेगी। इसमें सभी का सहयोग अपेक्षित है।

रवि शंकर शुक्ला अधिशासी अधिकारी द्वारा जनमानस से यह भी अपील की गई है कि इसमें पालिका का सहयोग करे, जिससे धामपुर नगर स्वच्छ बना रहे।

## एक नजर

### हर्षोल्लास से मनाया तीजोत्सव



**धामपुर।** गाँधी नारी कल्याण समिति की नारी शक्ति द्वारा समिति सचिव नीरा गोयल के आवास पर तीजोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। झूला, सावन की प्रतियोगिताओं के साथ महिलाओं नें प्रेम पूर्वक त्यौहार का भरपूर लुत्फ उठाया। मालिनी अवस्थी के लोक संगीत की धुन का आनंद लेते हुए सभी महिलाओं नें बैस्ट मैचिंग के आधार पर, माला देवी को तीज- क्वीन का ताज पहना कर सम्मानित किया। संस्था की ओर से सभी सदस्याओं को त्रिदेवियों के प्रतीक (माता पार्वती, श्रृंगार सामग्री, माता लक्ष्मी पुरस्कार स्वरूप धनराशि एवं डायरी पैन वितरित करके विशिष्टता प्रदान की गयी। समारोह में डा. रश्मि रावल, नीरा गोयल, विनोद शर्मा, पमिल अग्रवाल, माला देवी, सुनीता नंदा, अनीता सिंह, ऐश्वर्या चौधरी, बबीता गुप्ता, अनुपम विश्नोई, अंजु मित्तल, प्रियंका वत्स, सुनीता चौहान, रजनी अग्रवाल, मीनू सिसौदिया उपस्थित रहीं।

### बीएड द्वितीय वर्ष में श्वेता प्रथम



**बिजनौर।** कृष्णा कालेज ऑफ साइंस में बी.एड. द्वितीय वर्ष का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। कृष्णा कालेज ऑफ साइंस के बी.एड. पाठयक्रम के द्वितीय वर्ष का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। बी.एड. के विभागाध्यक्ष एम.एस. अंसारी ने बताया की बी.एड. द्वितीय वर्ष में श्वेता अग्रवाल ने 80.5 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान, आकांक्षा राय ने 80.3 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान द्वितीय स्थान और कुमारी अंजली ने 79.75 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य डा. सीमा शर्मा ने कहा कि हमारा सदैव यही प्रयास रहा है कि विद्यार्थियों को एक अच्छा शैक्षिक वातावरण उपलब्ध हो, जिससे कि वह भविष्य में अपना उज्जवल भविष्य बना सके एवं भविष्य में अच्छे शिक्षक बन सकें। कालेज के संस्थापक एवं निदेशक राजीव कुमार, प्रबंधक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, प्राचार्या डा. सीमा शर्मा ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। बी.एड विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डा. दीपशिखा अग्रवाल, सुनील कुमार, कुमारी प्रतिमा एवं श्रीमती अंशिका राव ने विद्यार्थियों की सफलता पर खुशी व्यक्त की एवं अच्छे शिक्षक के रूप में समाज को लाभान्वित करें, ऐसी कामना की।

### संकल्प क्लासेस का शुभारंभ



**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिन्दू महाविद्यालय में शिक्षा के क्षेत्र में अभिनव पहल करते हुए प्रतियोगी परीक्षा तैयारी एवं इंग्लिश स्पीकिंग सिखाने के लिए निशुल्क संकल्प क्लासेज का शुभारंभ किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर साधना ने अपने उद्बोधन में कहा कि महाविद्यालय अब शिक्षा को मात्र डिग्री तक सीमित नहीं रखना चाहता, बल्कि इसे जीवन-निर्माण और आत्म-निर्भरता का प्रभावी साधन बनाने की दिशा में एक दूरदर्शी और नवाचारी पहल कर रहा है। इसी क्रम में आज से प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से महाविद्यालय में संकल्प नामक विशेष कक्षाओं का शुभारंभ किया जाएगा, जिनमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की नि:शुल्क तैयारी और इंग्लिश स्पीकिंग सीखने का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। महाविद्यालय के अकादमिक डायरेक्टर प्रोफेसर अनिल कुमार वर्मा ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण व सामान्य पृष्ठभूमि से आने वाले विद्यार्थियों को ऐसा गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन प्रदान करना है, जिससे वे अपनी स्नातक और परास्नातक की शिक्षा के साथ-साथ शिक्षक भर्ती, रेलवे, बैंकिंग, पुलिस, यूपीएससी आदि प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भी सक्षम रूप से तैयारी कर सकें। साथ ही अंग्रेजी भाषा में दक्षता प्राप्त कर आत्मविश्वास और व्यक्तित्व विकास के क्षेत्र में भी नई ऊँचाइयों तक पहुँच सकें। इन कक्षाओं का संचालन महाविद्यालय के चयनित, अनुभवी और समर्पित प्राध्यापकों द्वारा किया जाएगा, जिनके पास स्वयं प्रतियोगी परीक्षाओं का चयन एवं मार्गदर्शन का दीर्घकालिक अनुभव है। प्रोफेसर दिनेश सिंह ने कहा कि महाविद्यालय की यह पहल न केवल महाविद्यालय की सामाजिक एवं शैक्षिक जिम्मेदारी का परिचायक है, बल्कि यह उन हजारों युवा सपनों को पंख देने की कोशिश है जो गाँवों और कस्बों में पलते हैं और जिन्हें सही दिशा व अवसर मिलने पर वे भी उड़ान भर सकते हैं। अपने सपनों को साकार कर सकते हैं। डॉ. साजिद अंसारी, मोहम्मद सुलेमान ने भी छात्रों को संबोधित किया। संकल्प क्लासेज के संचालन के लिए एक ऑडियो-वीडियो तकनीक से युक्त एक विशेष स्मार्ट कक्षा की स्थापना की गई है।

## बीएससी ( जूलॉजी ऑनर्स ) तृतीय वर्ष का परीक्षाफल रहा शत प्रतिशत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस, बिजनौर के बी.एस.सी. (जूलॉजी ऑनर्स) तृतीय वर्ष का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा।

विभागाध्यक्षा डॉ. शोमा सिंह ने बताया कि एम.जे.पी. रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली द्वारा घोषित परिणाम में बी.एस.सी. (जूलॉजी ऑनर्स) तृतीय वर्ष के परीक्षाफल में अंशिका राणा ने 71.30 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, तान्या राजपूत ने 70 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा इलमा नासिर ने 68.65 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय परिवार इन सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता है। कृष्णा इंस्टीटयूट ऑफ साइंस की प्राचार्या डॉ. सीमा शर्मा ने सभी उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि कृष्णा कॉलेज का परिणाम सदैव ही अति उत्तम रहा है। हमारा निरन्तर यही प्रयास रहता है कि छात्र/छात्राओं को कॉलेज में आधुनिक व शैक्षिक वातावरण मिले।

# नवोदय उड़ान नई सोच विषय पर कार्यक्रम

## पांच विद्यालयों के 100 बच्चों ने किया प्रतिभाग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** एक स्कूल में दो दिवसीय नवोदय उड़ान नई सोच विषय पर कार्यक्रम शुक्रवार को आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में जनपद के पांच विद्यालयों के 100 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।





कार्यक्रम में बाल लोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूलों के छात्र छात्राओं ने राजनीतिक दलों के सांसद के रूप में अपने क्षेत्र के बारे में चर्चा की। कार्यक्रम का मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा वर्तमान परिपेक्ष में आज के युवा को पढ़ाई के साथ-साथ राजनीति क्षेत्र में भी अपनी सहभागिता करनी चाहिए ताकि राजनीतिक क्षेत्र में आगे बढ़कर देश को आगे बढ़ाने में पूर्ण सहभागिता कर सके। देश के विकास में युवा देश को आगे ले जा सकता है। कार्यक्रम में सेंट मेरिज धामपुर, पुष्प निकेतन धामपुर, साईं मिलेनियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल नहटौर, ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल नहटौर, बलराम कुमार विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नहटौर के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम आयोजक श्रया जैन ने कहा कि वर्तमान समय में संसद भवन में किस तरह से काम होता है। इसकी जानकारी होना आवश्यक है। छात्र छात्राओं को संसद में होने वाली गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

# गन्ना सट्टा प्रदर्शन कार्यों की समीक्षा

## पंचामृत योजना किसानों को स्थायी और लाभदायक खेती के लिए कर रही प्रेरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चाँदपुर।** गन्ना विकास परिषद ने हाल ही में गन्ना किसानों के लिए नई कृषि तकनीकों को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक चांदपुर द्वारा ग्राम अजूपुरा और लिंडरपुर का दौरा कर गन्ना सट्टा प्रदर्शन कार्यों की समीक्षा की और किसानों से बातचीत की।



इस पहल का उद्देश्य किसानों को आधुनिक और टिकाऊ कृषि पद्धतियों से जोड़कर उनकी उपज और आय बढ़ाना है। पंचामृत योजना: एकीकृत कृषि का नया मॉडल गन्ना विभाग द्वारा संचालित पंचामृत योजना एक व्यापक दृष्टिकोण है जो किसानों को स्थायी और लाभदायक खेती के लिए प्रेरित करती है।

इस योजना के तहत, निम्नलिखित प्रमुख तकनीकों को एकीकृत किया गया है- पंचामृत खेती यह योजना का मुख्य आधार है। यह एक प्राकृतिक खेती का तरीका है जिसमें पाँच प्रमुख तत्वों- गौमूत्र, गोबर, गुड़, बेसन और मिट्टी का उपयोग किया जाता है। इसका मुख्य लक्ष्य मिट्टी की उर्वरता को बढ़ाना और रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता को कम करना है। यह विधि पर्यावरण के अनुकूल है और किसानों की लागत कम कर आय में वृद्धि करती है।

ट्रेंच विधि -ट्रेंच विधि में गन्ने को सामान्य विधि की बजाय गहरी खाइयों (ट्रेंच) में बोया जाता है। इस विधि से गन्ने की फसल को बेहतर पोषण और जल प्रबंधन मिलता है, जिससे फसल की जड़ें मजबूत होती हैं और पैदावार में वृद्धि होती है। यह विधि फसल को गिरने से भी बचाती है। सहफसली खेती यह एक ऐसी तकनीक है जिसमें गन्ने के साथ-साथ अन्य छोटी फसलें जैसे- प्याज, लहसुन, या दालें भी उगाई जाती हैं। इससे किसान एक ही खेत से कई फसलों की पैदावार कर पाते हैं, जिससे उनकी आय के स्रोत बढ़ते हैं और मट्टी की उर्वरता भी बनी रहती है। ड्रिप इरिगेशन (टपक सिंचाई)- यह एक जल-बचत सिंचाई तकनीक है। इसमें पानी को सीधे पौधों की जड़ों में बूंद-बूंद करके पहुँचाया जाता है। यह पानी की बर्बादी को कम करता है और खरपतवारों के विकास को नियंत्रित करता है। गन्ने जैसी फसलों के लिए यह विधि अत्यधिक प्रभावी है और उपज को बढ़ाती है।

रटून मैनेजमेंट-यह एक ऐसी तकनीक है जिसमें गन्ने की कटाई के बाद उसकी दूसरी फसल (रटून) को सही तरीके से प्रबंधित किया जाता है। इसमें खेत की उचित देखभाल और पोषण प्रबंधन पर ध्यान दिया जाता है, जिससे अगली फसल की पैदावार अच्छी हो और लागत में भी कमी आए। ट्रेश मलचिंग- गन्ने कि पत्तियों को नालियों मे बिछाने से जहाँ खेत मे बायोमास रिजर्व होता है वही जमीन मे कार्बनिक पदार्थ की वृद्धि करता है। आधुनिक तकनीकों का उपयोग, ड्रोन और नई सुविधाएँ- चीनी मिल ने किसानों को आधुनिक तकनीक का लाभ उठाने के लिए ड्रोन छिड़काव की सुविधा भी प्रदान की है। इस सुविधा के तहत किसान कीटनाशकों जैसे अमिस्टआर टॉप, तालागोल्ड, नैनो यूरिया, और एनपीके पर छूट का लाभ उठा सकते हैं। छूट के बाद ड्रोन के किराए सहित किसानों से प्रति एकड़ केवल रुपए 700 का शुल्क लिया जा रहा है। किसानों ने इस सुविधा को फसल सुरक्षा के लिए बहुत उपयोगी बताया है।

इन सभी पहलों का उद्देश्य चाँदपुर और नूरपुर के गन्ना किसानों को आधुनिक और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके।

# भाकियू टिकैत के मीडिया प्रभारी ने किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत जिला अध्यक्ष सुनील बिजनौर के आदेश अनुसार संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं का सम्मान दिया गया।



ब्लॉक जलीलपुर तहसील चांदपुर क्षेत्र के मीडिया प्रभारी मोहम्मद हनीफ ने जिला अध्यक्ष के आदेश अनुसार अपने ब्लॉक में सीनियर और बुजुर्ग कार्यकर्ताओं से संपर्क किया। भारतीय किसान यूनियन के मीडिया प्रभारी तहसील क्षेत्र चांदपुर मीडिया प्रभारी तहसील चांदपुर मोहम्मद हनीफ ने ग्राम खानपुर खादर के 88 वर्ष सुखदेव से संपर्क किया जो कई बार बाबा महेंद्र सिंह टिकैत के साथ जेल गए और विभिन्न आंदोलनों में हिस्सा लिया। मोहम्मद हनीफ ने बताया कि सुखदेव गिरी ने बहुत ऐसे पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी बताएं जिनका स्वर्गवास हो चुका, जिसमें जगराम गिरी मुखिया, जसवंत सिंह, चंद्रभान सिंह, भगवान सिंह, रामकुमार नेताजी, सरफराज मुंशी, शेर सिंह सैनी, शाकिर अली, ओम प्रकाश सिंह, सलामुद्दीन उस समय के और भी कॉफी युवा लड़के थे। सुखदेव गिरी ने उसे समय बहुत संघर्ष किया। उन्होंने नव नियुक्त जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान के लिए आशीर्वाद व शुभकामनाएं देते हुए कहा ईश्वर उन्हें संगठन को मजबूत करने की शक्ति दे, जिन्होंने हमें इस उम्र में याद किया। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के मीडिया प्रभारी मोहम्मद हनीफ ने ब्लॉक जलीलपुर में 5 अगस्त को भवानीपुर ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी कल्याण सिंह के यहां पंचायत में पहुंचने के लिए सभी किसानों से अपील भी की। उन्होंने बताया कि जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान ब्लॉक जलीलपुर के भवानीपुर आ रहे हैं जो की 13 अगस्त को बिजनौर महापंचायत की तैयारी के लिए विचार विमर्श करेंगे।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

### अनिल अंबानी...

ने अनिल अंबानी के रिलायंस ग्रुप से जुड़ी कई कंपनियों और व्यक्तियों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। यह कार्रवाई मुंबई के 35 स्थानों पर की गई थी, जिसमें 50 कंपनियां और 25 लोग शामिल थे। यह छानबीन मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत हो रही है। ईडी की जांच अनिल अंबानी समूह की कई कंपनियों द्वारा किए गए कथित वित्तीय गड़बड़ियों और 10,000 करोड़ रुपये से अधिक के लोन डायवर्जन पर केंद्रित है। खासतौर पर जांच इस बात पर है कि 2017 से 2019 के बीच यस बैंक द्वारा दिए गए लगभग 3,000 करोड़ रुपये के लोन को गैरकानूनी तरीके से दूसरी जगहों पर डायवर्ट किया गया। इस जांच के जवाब में रिलायंस पावर और रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर ने स्टॉक एक्सचेंज को बताया कि उन्हें ईडी की कार्रवाई की जानकारी है, लेकिन इस छापेमारी का उनके बिजनेस, आर्थिक स्थिति या स्टेकहोल्डर्स पर कोई असर नहीं पड़ा है। कंपनियों ने कहा, मीडिया रिपोर्ट्स में जिन लेन-देन की बात हो रही है, वे रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड और रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड से जुड़े हैं, जो 10 साल से भी पुराने हैं।

### अपने फैसले से....

लाओस, म्यांमार, सीरिया जैसे देशों पर सबसे ज्यादा 40 फीसदी या उससे ज्यादा टैरिफ। अगर कोई वस्तु किसी और देश के जरिये भेजी गई है, ताकि टैक्स बचाया जा सके, तो उस पर 40 फीसदी टैरिफ लगेगा। यूरोपीय संघ के सामानों पर सीधे 15 फीसदी टैरिफ नहीं लगाया गया। अगर किसी प्रोडक्ट का मौजूदा शुल्क 10 फीसदी है, तो सिर्फ 5 फीसदी अतिरिक्त जोड़ा जाएगा, लेकिन अगर प्रोडक्ट पहले से 15 फीसदी या उससे अधिक शुल्क दे रहा है, तो कोई टैरिफ नहीं बढ़ेगा। चीन पर अलग से मई 2025 का एग्जीक्यूटिव ऑर्डर लागू है, इसमें कोई बदलाव नहीं हुआ है। अभी उसे पहले की तरह 30 फीसदी टैरिफ ही देना होगा। कनाडा पर एक अगस्त की रात से ही टैरिफ लागू होगा। इसकी वजह ये है कि कनाडा ने फलस्तीन को एक अलग देश के तौर पर समर्थन देने का ऐलान किया है। आदेश लागू होने से पहले जो सामान अमेरिका के रास्ते में होगा, उसे पुराने नियमों पर ही टैक्स देना होगा। 5 अक्टूबर 2025 यह पहुंच गया, तो इसे पर पुराना टैरिफ ही लगेगा। अब अमेरिका के कस्टम सिस्टम में हर देश की अलग-अलग ट्रैकिंग होगी।

# सरकार को तानाशाही छोड़कर लोकतंत्र के तहत काम करना चाहिए: स्वामी प्रसाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पूर्व मंत्री और अपनी जनता पार्टी अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य ने योगी सरकार पर निशाना साधते हुए शुक्रवार को कहा कि सरकार को तानाशाही छोड़कर लो. कतंत्र के तहत काम करना चाहिए।

मौर्य ने गोमतीनगर स्थित आवास पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भाजपा सरकार कोई भी जन विरोधी फैसला लेती है, तो उनकी पार्टी सड़क पर संघर्ष के जरिए उसे बैकफुट पर लाने की पूरी ताकत रखती है। सरकार जनता के हितो के लिए बनती है। डबल इंजन की सरकार कहीं की हो हर जगह और अलोकतांत्रोक और असंवैधानिक रास्ता अपनाती है लोकतंत्र को दबाने कोशिश करती हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में जिस तरह से छात्रों पर अत्याचार किया जाता है। परीक्षाओं में अनिमितताए देखने को मिल रही हैं। छात्रों ने जन आंदोलन के माध्यम से अपनी आवाज केंद्र सरकार को पहुंचने की कोशिश की है। पूर्व मंत्री मौर्य ने कहा कि संवेदनशीलता से समस्या को निपटने की बजाय लाठीचार्ज किया गया। थाने पर रात में बैठाया गया। सरकार की जिम्मेदारी है कि छात्रों की समस्याओं को गंभीरता से लेकर समय रहते उनका निस्तारण करे। एक सवाल के जवाब में मौर्य ने कहा कि अगर भगवा आतंक नहीं है, तो कौन सा आतंक है। इस देश में आतंकवादी भगवा हो या अन्य आतंकवादी आतंकवादी होता है।

रवि किशन पर बोलते हुए मौर्य ने कहा कि अगर राजनीति में रगड़ घिस कर के आए होते, तो शायद जमीनी मुद्दों पर बात करते हैं। मौर्य ने कहा कि पूरी भाजपा सरकार अराजकता के रास्ते पर चल रही है जनहित का कोई कार्य नहीं करती। योगी सरकार जनहित की मुद्दों की अनदेखी कर रही है। अपनी जनता पार्टी में स्कूल मर्जर को लेकर अपने आंदोलन को खत्म नहीं किया है। अपनी जनता पार्टी अगर सरकार कोई कूटनीति के तहत कुछ गलत करेंगी, तो उसका विरोध करेगी।

## सड़क हादसे में एक परिवार के पांच सदस्यों की मौत

**मैनपुरी।** उत्तर प्रदेश में मैनपुरी जिले के बेबर क्षेत्र में शुक्रवार को एक भीषण हादसे में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि एक बच्ची घायल है। पुलिस ने बताया कि केथोली ग्राम पंचायत के हरिपुरा निवासी दीपक (36) आगरा में अपनी भतीजी काव्या का जन्म दिन मनाकर अपने परिवार के साथ गांव लौट रहे थे कि बेबर क्षेत्र में नगला ताल के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर ट्रक से टकरा गयी। इस हादसे में कार सवार दीपक, पत्नी पूजा, बेटी आशी और आर्या और दीपक की बहन सुजाता की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। दीपक की एक पुत्री आराध्या इस दुर्घटना में घायल है। इस दुर्घटना के बाद यातायात कुछ समय के लिए बाधित रहा। ट्रक को पुलिस ने बरामद कर लिया है। पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

# अमेरिका के समक्ष सरेंडर अच्छे दिन के संकेत नहीं: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने कहा है कि अमे. रिका के इशारे पर भारत रूस से तेल खरीदना बंद करना अच्छे दिन के संकेत नहीं है, इसलिए अमेरिका के सामने 'सरेंडर' नहीं किया जाना चाहिए।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि अमेरिका अब पाकिस्तान को तेल दे रहा है और भारत को परंपरागत मित्र रूस से तेल खरीदने से रोक रहा है। अनुमान लगाया जा सकता है कि मोदी राज में अच्छे दिन भारत के नहीं, पाकिस्तान के आए हैं। खेड़ा ने कहा कि सरेन्डर। मोदी अमेरिका के कहने पर मित्र देश रूस से तेल खरीदना बंद कर रहा है, जबकि खुद अमेरिका भारत के दुश्मन देश पाकिस्तान के साथ तेल समझौता कर चुका है। भारत पर तो अब भी 25 प्रतिशत टैरिफ़ और अघोषित पेनल्टी लगाई है, लेकिन पाकिस्तान पर केवल 19 प्रतिशत टैरिफ़ लगाया है। रूस भारत का पारंपरिक सहयोगी देश रहा है, लेकिन अब भारत की नीतियों से निराश होकर वह पाकिस्तान के साथ एक बड़ा रेल मार्ग बना रहा है। अब खुद अंदाज़ा लगाया जा सकता है कि मोदी के कारण अच्छे दिन कहां आए हैं, भारत में या पाकिस्तान में।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## एक नजर

### करंट लगने से छात्र की मौत




**राजा का ताजपुर।** ग्राम मुजाहिदपुर निवासी मरहूम फुरकान अहमद के पुत्र दिलशान (15 वर्ष) की हाई वोल्टेज विद्युत लाईन की चपेट में आने से मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक जयभगवान सिंह भारी पुलिस फोर्स लेकर घटना पर पहुंच गए और पीड़ित परिवार को समझाने की कोशिश की। मगर परिवार के लोग किसी की बात को मानने को तैयार नहीं थे। परिवार व ग्रामीण सपा विधायक राम अवतार सिंह सैनी को बुलाने की मांग करने लगे। सपा विधायक ने मौके पर पहुंच कर परिवार को समझा बुझाकर मामले को शांत कराया। तब जाकर परिवार के लोग पोस्टमार्टम के लिए तैयार हुए। विधायक ने परिवार को हर मुमकिन मदद करने व छतों के ऊपर से लाईन को हटाने का भरोसा दिलाया है। दिलशान कक्षा आठ का छात्र था। उसके पिता की भी दो साल पहले सड़क हादसे में मौत हो गई थी। छात्र की मौत से ग्राम में गमगीन माहौल बना हुआ है। एसडीएम नितिन तेवतिया भी मौजूद रहे। देर शाम बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ जेई सुनील कुमार ने मौके पर पहुंच कर छतों के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइन को सपा विधायक ने देर रात तक उतारवाने का काम किया है। विधानसभा के इस सराहनीय कार्य को लेकर गांव के लोग तारीफ करते हुए नजर आ रहे हैं। जब जाकर ग्रामीणों का गुस्सा शांत हुआ। इस मौके पर सपा विधानसभा अध्यक्ष नसीम अहमद इदरीसी, नगर अध्यक्ष जुल्फकार कुरैशी, बसपा नेता डॉ. शमशाद अहमद, सपा नेता सरफराज सिद्दीकी, ग्राम प्रधान आफताब अहमद इदरीसी, हितेंद्र सिंह, पूर्व ग्राम प्रधान मंगू त्यागी आदि मौजूद रहे।

### संस्कृत भाषा प्रतिभा प्रतियोगिता



**शिवाला कलां।** गुरुवार को क्षेत्र में संचालित कृषक इंटर कॉलेज धुंधली तबिबपुर में कक्षा आठ की छात्रा आराध्या को संस्कृत भाषा प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त करने पर प्रबन्धक दुष्यन्त सिंह राणा व प्रधानाचार्य ललित कुमार सिंह ने स्कूल प्रांगण में सम्मानित किया। यह गौरव का पल सभी को अभिभूत करने वाला था। जहां वर्तमान समय में छात्र-छात्राओं का संस्कृत विषय को लेकर मोह भंग हो रहा है। ऐसे में विद्यालय की छात्रा आराध्या ने संस्कृत भाषा को चुना और संस्कृत भाषा की जनपदस्तरीय प्रतिभा प्रतियोगिता में अपने क्लास टीचर सहित उन्तीस जुलाई को भाषा प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। साथ ही संस्कृत सामान्य ज्ञान, प्रश्नोत्तरी आदि प्रतियोगिता में सफल रही और जिले में तृतीय स्थान प्राप्त किया। पिता पुखराज सिंह ने बेटी की इस उपलब्धि के लिए उसकी मेहनत को सराहा और आगे भी संस्कृत विषय को सुनने के लिए प्रेरित किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्था ने किया था। जो उत्तर प्रदेश शासन भाषा विकास के अधीन कार्य करती है। बालिका के सम्मान समारोह में शिक्षक पवन कुमार, जितेंद्र सिंह, लोकेंद्र कुमार, राजेन्द्र यादव, अनुज कुमार सिंह, जगदम्बा, आयुषी, साक्षी रानी, अनिल देवरा व समस्त छात्र-छात्राएं और स्टाफ मौजूद रहा।

### वोट की कीमत समझें : रितेश सैन



**नजीबाबाद।** भाजपा पिछड़ा मोर्चा सोशल मीडिया के जिला प्रमुख रितेश सैन नजीबाबाद विधानसभा के ग्राम-ग्राम जाकर अति पिछड़े वर्ग को एकजुट करने का काम कर रहे हैं। इसी संबंध में आज भाजपा नेता रितेश सैन नजीबाबाद विधानसभा के नांगल मंडल के ग्राम लालपुर सोजीमल में अति पिछड़े वर्ग के लोगों के साथ बैठक करके अति पिछड़े वर्ग को एकजुट रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि अति पिछड़े वर्ग के लोगों को कुछ लोग या तो अपने प्रभाव में लेते हैं या उनको गुमराह करके डराने धमकाने का कार्य कर रहे हैं और अति पिछड़े वर्ग का शोषण करने में कोई कमी नहीं छोड़ रहे हैं। आने वाले समय में जिला पंचायत और प्रधान पद के चुनाव होने जा रहे हैं, तो हम सब अति पिछड़े वर्ग के साथियों को एकजुट होकर जो भी प्रत्याशी संगठन की ओर से बनाए जाएं उनका पूरा सपोर्ट करना है और उन्हें सहयोग करना है। भारतीय जनता पार्टी रीति नीति की पार्टी है और पार्टी का जो भी प्रत्याशी पार्टी से टिकट लेकर आएगा। उसका हमें पूरा सहयोग करना है। उसका सपोर्ट करना है। उसका प्रचार करना है और उसी प्रत्याशी को अपना प्रत्याशी मानकर पूरा अति पिछड़ा वर्ग खुलकर उसका साथ देगा। इससे अति पिछड़ा वर्ग मजबूत होगा। लेकिन कुछ लोग संगठन के साथ रहकर भी संगठन के साथ नहीं होते हैं और अति पिछड़े वर्ग के प्रत्याशी को सपोर्ट नहीं करते हैं, तो हमें यह ध्यान में रखते हुए किसी के बहकावे में नहीं आना है और पूरा अति पिछड़ा वर्ग एकजुट होकर पार्टी के प्रत्याशी को वोट करने की अपील करेगा और स्वयं भी पार्टी प्रत्याशी को ही वोट देगा रितेश सैन ने लालपुर सोजीमल में पार्टी कार्यकर्ता अजय कुमार के भाई का उत्तर प्रदेश पुलिस में चयन होने पर उनके घर जाकर उनको शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रदीप पाल, रजनीश पाल, अजय कुमार, अक्षय कुमार, मिथुन कुमार, देवेश कुमार, राम सिंह, राजकुमार, सुरेंद्र पाल मौजूद रहे।

# बाहरी भूमाफियाओं की साजिश

## खुद पर लगे आरोपों से बचने के लिए तिकड़म

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** बाहरी जनपदों से आकर कुछ भूमाफिया साजिशें रचने में लगे हुए हैं।

प्राप्त समाचार के अनुसार ताजा मामला उस समय सामने आया जब एक दूसरे जनपद से आए कथित भूमाफिया ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर खुद को पाक-साफ बताने की कोशिश की और स्थानीय लोगों को ही भूमाफिया बता डाला। जनपद के ग्राम घुड़ियापुर, खानजहानपुर नौआबाद, रसूलपुर पित्तनका आदि गंगा पार है। जहां बिजनौर के काश्तकार गंगा पार जाकर खेती करते है। परंतु जयपाल



आदि गैंग बनाकर डरा धमका कर उनकी भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर लेते है और बाद में रकम वसूल कर जमीन खाली करते है। जब कोई व्यक्ति सक्षम नजर आता है या इनके दबाव में नहीं आता, तो ग्राम के अपने गैंग के लोगों को इकट्ठा कर बिजनौर के काश्तकारों को भूमाफिया बना देते है। जनपद मुजफ्फरनगर के जानसठ उपजिलाधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र में हल्का लेखपाल से मिली भगत कर जयपाल सिंह, रूपचंद, इंद्रपाल आदि के खिलाफ किसानों ने 25 मई को शिकायत की थी। जिसमें किसानों ने उनकी भूमि पर उक्त भूमाफियाओं ने कब्जा कर रखा है। जिसके एवज में ये लोग भूमि खाली करने के नाम पर मोटी वसूली करते है। उक्त भूमाफियाओं को कार्यवाही कर हल्का लेखपाल द्वारा हटाकर मूल काश्तकारों को मौके पर कब्जा करा दिया गया था और भू माफिया काश्तकारों पर कार्यवाही की तैयारी की जा रही थी। उक्त कार्यवाही से बचने के लिए बिजनौर जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर पीड़ित किसानों को ही भूमाफिया बता दिया।

### तुलसी जयंती पर यज्ञ का आयोजन

**अफजलगढ़।** भारतीय शिक्षा समिति, पश्चिमी उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, अफजलगढ़ में संत तुलसीदास जयंती के अवसर पर विधिवत यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ को वैदिक विधि से आचार्य सुशील रस्तौगी ने संपन्न कराया।

यज्ञ की यजमान भूमिका विद्यालय के रणवीर कुमार ने अपनी धर्मपत्नी के साथ निभाई। यज्ञ का उद्देश्य विद्यालय में शैक्षिक वातावरण की शुद्धि और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु ईश्वरीय आशीर्वाद प्राप्त करना रहा। इस अवसर पर विद्यालय व्यवस्थापक बलराम सिंह, सह व्यवस्थापक मनोज वर्मा, पूर्व अध्यक्ष अनिल कुमार रस्तौगी सहित कई गणमान्यजन उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य प्रकाश वीर आर्य ने विद्यार्थियों को यज्ञ के महत्व एवं उसके वैज्ञानिक लाभों की जानकारी दी।

कार्यक्रम में ओमकार सिंह, मनोज कुमार, कल्याण सिंह, उरेश कुमार, अमरीश कुमार, आनंद भूषण यादव, श्रीमती शिखा गुप्ता एवं श्रीमती अरुणा देवी सहित शिक्षकगण एवं सभी छात्र-छात्राओं ने श्रद्धाभाव से आहुतियां अर्पित कीं।

# दो कारों की आमने-सामने की टक्कर में महिला सहित दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** दो कारों की आमने-सामने की टक्कर में एक महिला सहित कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को 108 एंबुलेंस द्वारा सीएचसी अफजलगढ़ में भर्ती कराया।

प्राप्त समाचार के अनुसार मौहम्मद रिजवान (35 वर्ष) पुत्र मौहम्मद सुलेमान मौहल्ला नई बस्ती जसपुर उत्तराखंड निवासी अपनी रिश्तेदारी से कार द्वारा अपने गृह नगर जा रहा था। कार में उसका दोस्त मौहम्मद शाहिद उसकी पत्नी तथा चार बच्चे भी सवार थे। विपरीत दिशा से आ रहे कार चालक मौहम्मद शाकिर उर्फ शानू (26 वर्ष) पुत्र रियासतुल्ला निवासी मौहल्ला जैनुल आबेदीन अफजलगढ़ भी अपने गृहनगर जा रहा था कि थाना क्षेत्र के ग्राम भवानीपुर उर्फ जिकरीवाला स्थित नेशनल हाईवे 734 पर आमने-सामने की टक्कर हो गई। जिसमें कार चालक मौहम्मद शाकिर वह दूसरी कार में बैठी महिला घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल शाकिर को 108 एंबुलेंस द्वारा सीएचसी अफजलगढ़ भर्ती कराया। यहां



गंभीरावस्था देखते हो उसे हायर सेंटर रैफर कर दिया तथा घायल महिला को जसपुर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मौके पर पहुंचे कासमपुर गढ़ी चौकी प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह वह आरक्षी सुरेश कुमार ने घायलों की मदद की तथा कारों को ट्रैक्टर द्वारा हटाकर अवरुद्ध मार्ग को चालू कराया। गौरतलब है कि कांवड़ यात्रा के चलते नेशनल हाईवे 734 को वनवे कर देने के कारण आमने- सामने की भिड़ंत से दुर्घटनाएं हो रही हैं।

# फर्जी लेखपाल बनी युवती को नहीं मिली जमानत

## पुलिस रिपोर्ट के आधार पर होगी सुनवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** तहसील क्षेत्र में फर्जी लेखपाल बनकर लोगों से धोखाधड़ी और अवैध वसूली करने की आरोपी नहटौर निवासी नाजरीन को अब तक जमानत नहीं मिल सकी है। शुक्रवार को उसकी जमानत याचिका उपजिला मजिस्ट्रेट (एसडीएम) कोर्ट में पेश की गई, लेकिन यह मामला तब और गंभीर हो गया जब कोई अधिवक्ता उसकी पैरवी के लिए सामने नहीं आया।

### कोर्ट में रोते हुए लगाई खुद जमानत की अर्जी

पेशी के दौरान जब कोई अधिवक्ता उसकी जमानत की याचिका दाखिल करने आगे नहीं आया, तो नाजरीन खुद ही रोते हुए कोर्ट में खड़ी हुई और पश्च. ताप व्यक्त करते हुए एक प्रार्थना पत्र एसडीएम के समक्ष सौंपा। उसने खुद के लिए जमानत की मांग की और कहा कि वह भविष्य में ऐसा कृत्य नहीं दोहराएगी।

बताया गया कि युवती ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर खुद को लेखपाल और कानूनगो के रूप में पेश करते हुए क्षेत्र में कई लोगों से सरकारी काम कराने के नाम पर रुपये वसूले। इस पूरे मामले की जानकारी मिलने पर एसडीएम रीतू रानी ने 19 जुलाई को उसे गिरफ्तार कर 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था।

प्रकरण की संवेदनशीलता और सामाजिक प्रभाव को देखते हुए उप जिला मजिस्ट्रेट ने नहटौर थाना पुलिस से रिपोर्ट तलब की है कि युवती की जमानत देने से कहीं स्थानीय शांति व्यवस्था भंग होने की संभावना तो नहीं है। एसडीएम ने साफ किया कि पुलिस रिपोर्ट मिलने के बाद ही जमानत पर कोई निर्णय लिया जाएगा। फिलहाल नाजरीन को वापस जेल भेज दिया गया है, और अगली सुनवाई तक उसे न्यायिक हिरासत में ही रहना होगा।

इस घटना ने तहसील परिसर और स्थानीय लोगों में भी चर्चा का विषय बना दिया है, क्योंकि एक महिला द्वारा इस प्रकार प्रशासनिक पद का फर्जी इस्तेमाल कर लोगों को गुमराह करना न केवल कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है, बल्कि प्रशासन को भी सतर्क रहने की चेतावनी देता है।

# मौलाना अतीक का एकता पर जोर

## ग्रामीणों से अपने वोट बनवाने व आईडी सुरक्षित रखने का आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कासमपुर गढ़ी।** आसपा की प्रदेश कोर कमेटी के सदस्य एवं मुस्लिम भाईचारा समिति के मुरादाबाद मंडल प्रभारी मौलाना अतीकुर्रहमान कासमी ने दलित व मुस्लिम एकता पर जोर देते हुए कहा कि ग्रामीण अपने एक-एक वोट बनवाए और आईडी सुरक्षित रखे।

स्थानीय मौहल्ला हान्डोवाला में आयोजित नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने सभी पात्र दलित-मुस्लिम युवक-युवतियों से शत-प्रतिशत वोट बनवाने की अपील की। उन्होंने कहा कि मुसलमान व दलित अपने वोट की कीमत समझे



और उसका सही इस्तेमाल करें। आसपा (यु.मो.) के बढ़ापुर वि.स. क्षेत्र अध्यक्ष एड. मौ. शहराज जिम्मी के संचालन में आयोजित नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए मौलाना अतीकुर्रहमान ने आसपा मुखिया चंद्रशेखर को मुसलमानों का सच्चा रहनुमा बताते हुए कहा कि तमाम पार्टियों ने आज तक मुसलमानों को वोट बैंक समझकर उनसे सियासी लाभ उठाया, मगर कभी मुस्लिम नेताओं की कद्र नहीं की। जेल में बंद तमाम बेकसूर मुस्लिम नेताओं की कोई ठोस पैरवी तक नहीं कर पाए। उन्होंने कहा कि हमें आपसी भेदभाव भूलकर किसी को हराने कि नहीं, बल्कि अपने प्रत्याशियों को जिताने का प्रयास करना होगा। इसी में हम सबकी भलाई है।

उन्होंने आगामी पंचायत चुनाव के मद्देनजर दलितों व मुसलमानों से अपने परिवार के सभी सदस्यों के वोट बनवाने और अपने दस्तावेज दुरुस्त कराने पर जोर देते हुए वोट का सही इस्तेमाल करने का आह्वान भी किया।

## एक नजर

### स्थापना दिवस पर पूजन



**नजीबाबाद।** बाल सदन मोंटेसरी स्कूल ने शिक्षण संस्थान के रूप में गुणवत्ता युक्त शिक्षा देते हुए 66 वर्षों का सफर पूरा करके आज 67 वें वर्ष में प्रवेश कर लिया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों के अंतर्गत सर्वप्रथम विद्वान पंडित भोला शंकर शास्त्री ने पूरे विधि विधान के साथ स्थापना दिवस का पूजन कराकर मंत्र उपचार के साथ पवित्र अग्नि को सामग्री और घी की आहुतियां देकर हवन कराया। प्रधान अध्यापिका किरण बाला ने कहा कि आज का दिन इस बाल सदन परिवार के लिए विशेष महत्व रखता है, क्योंकि आज ही के दिन एक अगस्त 1959 को महान शिक्षाविद विष्णु दत्त भारद्वाज और श्रीमती सुशीला भारद्वाज द्वारा इस शिक्षण संस्थान का आरंभ किया गया था। प्रबंधक डॉ. एसके जौहर ने कहा कि पिछले छह दशकों से अधिक का शिक्षण कार्य करते हुए इस संस्थान से अनेक डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक, प्रबंधक, राजदूत, फिल्म इंडस्ट्री में म्यूजिशियन एवं पटकथा लेखक के रूप में कार्य कर रहे हैं। इस मौके पर स्कूल कोऑर्डिनेटर बीना शर्मा, रीना अग्रवाल, अंजना, पूजा शर्मा, कंचन शर्मा, अंशु शर्मा, प्रतिभा, दुर्गा भारद्वाज, रोशनी, आकांक्षा, शिवानी रावत, शिवानी, अंशु, भावना, मानसी, शहाना, हुमैरा, शोभा और ईशा रानी, शाहिद आदि मौजूद थे।

### जाहर दीवान मेले में उमड़े श्रद्धालु



**धामपुर।** मुख्य बाजार स्थित बालाजी मंदिर के निकट विशाल छड़ी जाहर दीवान मेले का भव्य आयोजन किया गया। श्रद्धा और आस्था से ओतप्रोत इस मेले में नगर सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। माता बाराही देवी मंदिर के मुनीश उपाध्याय के मोहल्ला साहूवान स्थित आवास से छड़ी यात्रा के साथ हुई। छड़ी को हाथों में लिए जयकारे लगाते हुए नगर परिक्रमा में शामिल रहे। यात्रा विभिन्न मार्गों से होती हुई जाहर दीवान स्थान और फिर स्व. पं. प्रेम शंकर शर्मा जी महाराज के प्रतिष्ठान पर पहुंची, जहां परंपरागत पूजा-अर्चना के साथ छड़ी स्थापित कर मेले का शुभारंभ किया गया। श्रद्धालुओं ने आटा, गुलदाना, गुड़, चीनी आदि अर्पण कर छड़ी जाहर दीवान से सुख-समृद्धि की कामना की। श्रद्धा का चरम उस समय देखने को मिला जब मयंक नाथ द्वारा श्रद्धालुओं की पीठ पर प्रतीकात्मक चाबुक का स्पर्श कर उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया गया। नगर की इस गौरवशाली परंपरा ने एक बार फिर से सांस्कृतिक धरोहर और धार्मिक आस्था को जीवंत कर दिया।

### लापता युवक की बरामदगी की गुहार



**बढ़ापुर।** कस्बा के मुहल्ला लालसराय निवासी अर्पित गुप्ता नगीना देहात क्षेत्र से लापता हो गया। स्वजन ने गुमशुदगी दर्ज कराकर युवक के सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है। कस्बे के मुहल्ला लाल सराय निवासी अर्पित गुप्ता (26 वर्ष) पुत्र पवन कुमार एक मोबाइल कंपनी में कार्य करता है। स्वजन ने बताया कि गुरुवार की सुबह वह कंपनी के कार्य से थाना नगीना क्षेत्र के गांवों में गया था जो कि देर शाम तक भी वापस नहीं लौटा तो उन्हें चिंता हुई और बढ़ापुर-रायपुर मार्ग पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई पता नहीं लग पाया। फोन के माध्यम से रिश्तेदारों और परिचितों से संपर्क किया गया। स्वजन ने अर्पित की नगीना देहात थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है। स्वजन के तलाशने पर उसकी बाइक नगीना की चितौड़गढ़ पुलिस चौकी के बाहर खड़ी मिली है। स्वजन नगीना के कई स्थानों पर कैमरे चेक करा रहे है लेकिन उसका अभी कोई पता नहीं लग पाया है।

### साहनपुर बिजलीघर पर धरना प्रदर्शन



**नजीबाबाद।** साहनपुर बिजली घर सब स्टेशन पर ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष प्रशांत चौधरी के नेतृत्व में बिजली कटौती एवं बिजली कर्मचारी द्वारा अभद्र व्यवहार किए जाने के विरोध में धरना प्रदर्शन किया गया। शुक्रवार को प्रात: 10 बजे सहानपुर सब स्टेशन पर प्रशांत चौधरी के नेतृत्व में काफी संख्या में ग्राम प्रधान, पूर्व प्रधान और काफी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हुए। प्रधान संघ के अध्यक्ष प्रशांत चौधरी का कहा कि सहानपुर फीडर से गुलाल वाली अली पुरा गढ़वाला, खलीलपुर, राहत पुर, खैरुल्लापुर, गुलाल वाली सहित दर्जनों ग्राम क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति होती है। बीती रात को सहानपुर सब स्टेशन पर प्रशांत चौधरी आए और बार-बार बिजली कटौती किए जाने के बारे में जानकारी करनी चाही, तो एसएसओ ध्रुव सिंह आग बबूला हो गए। वही प्रशांत चौधरी के मोबाइल पर भी गलत भाषा का इस्तेमाल किया, जिससे प्रधान संघ में आक्रोश पैदा हो गया। आज शुक्रवार को प्रधान संघ के अध्यक्ष प्रशांत चौधरी के नेतृत्व में ग्राम प्रधान मौहम्मद आसिफ, मास्टर करण सिंह, सुनील कुमार सहित काफी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हुए और अनिश्चितकालीन धरना देकर दो टूक कहा कि जब तक बिजली कर्मचारी ध्रुव सिंह को यहां से नहीं हटाया जाता, तब तक धरना जारी रहेगा। धरनास्थल पर काफी संख्या में किसान नेताओं का पहुंचना शुरू हो गया। एहतियात के तौर पर धरना स्थल पर पुलिस बल तैनात किया गया है और आरोपी बिजली कर्मी अपने कार्यालय पर मौजूद नहीं था। पुलिस प्रशासन एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा बिजली कर्मचारी ध्रुव सिंह के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी और नया ट्रांसफार्मर रखा जाएगा का आश्वासन दिया गया है।

# शेरकोट में जावेद अली का ऐतिहासिक स्वागत

## अपने वोट बनवाने और सभी कागजात सुरक्षित रखने का आह्वान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आजाद समाज पार्टी के जिला संगठन मंत्री एवं धामपुर विधानसभा क्षेत्र के संभावित प्रत्याशी जावेद अली का शेरकोट में ऐतिहासिक स्वागत किया गया।

कार्यक्रम का संयोजक वरिष्ठ समाजसेवी व आसपा के प्रमुख नेता सरदार ख्वाजा के द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जनपद की आठों सीटों पर पार्टी प्रत्याशियों की जीत होगी।




उन्होंने कहा कि आसपा दबे कुचले समाज को न्याय दिलाने के लिए लड़ाई लड़ रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में दलितों व मुस्लिमों पर सबसे ज्यादा अत्याचार हो रहे है। उन्होंने जिला पंचायत चुनाव को मजबूती से लड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष व नगीना के सांसद चंद्रशेखर को मुख्यमंत्री बनाने के लिए हमें जी तोड़ मेहनत करनी होगी। जावेद अली ने कहा कि आसपा का जनाधार तेजी के साथ बढ़ रहा है।

इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष संजय कुमार, किसान मोर्चा के विधानसभा अध्यक्ष मनोज कुमार, संजय सिंह, विशाल गौतम, नितिन, जावेद आफताब, अकरम, रोहित, नसीम अहमद गुड्डू, ताहिर, रियासत अली, शौकीन, यूनुस, मौलाना आसिफ, इरफान मंसूरी, इशरत, मौलाना शहजाद, पप्पू कुरैशी आदि भी मौजूद थे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# शाह टाइम्स विकास परिशिष्ट जनपद बिजनौर

शाह टाइम्स परिवार व नागरिकों को
विकास परिशिष्ट की
हार्दिक शुभकामनाएं



पंकज अग्रवाल
जिला उपाध्यक्ष-समाजवादी पार्टी
जनपद बिजनौर

शाह टाइम्स परिवार
व नागरिकों को
विकास परिशिष्ट की
हार्दिक बधाई



कय्यूम राईन
जिला महामंत्री- भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा, जनपद बिजनौर
अध्यक्ष-व्यापार मंडल, नगीना

शाह टाइम्स परिवार
व नागरिकों को
विकास परिशिष्ट की
हार्दिक बधाई

Education tree

एजुकेशन ट्री
सबसे सस्ता एमबीबीएस
रुपए एक लाख प्रति सेमिस्टर
मो. 7300997300, नगीना

शाह टाइम्स परिवार व नागरिकों को
विकास परिशिष्ट की
हार्दिक शुभकामनाएं



रवेन्द्र चौहान
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष- भारतीय किसान यूनियन (भानू)
निवासी ग्राम पखनपुर, नगीना

शाह टाइम्स परिवार
व नागरिकों को
विकास परिशिष्ट की
हार्दिक बधाई



कुंवर कृष्ण बलदेव सिंह
वरिष्ठ भाजपा नेता, नगीना
पूर्व जिला उपाध्यक्ष- भाजपा व जिला सहकारी बैंक, बिजनौर

शाह टाइम्स परिवार
व नागरिकों को
विकास परिशिष्ट की
हार्दिक बधाई



डॉ. आलमगीर काजमी - प्रिंसिपल
एमए, एलएलबी, बीएड
ए.के.एम. इंटर कॉलेज
नगीना, जनपद बिजनौर
मोबाइल नंम्बर :- 9411225911

## किसान व किशोर को सांप ने डसा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** खेत में काम कर रहे किसान व किशोर को सांप ने डस लिया। युवक को सीएचसी में भर्ती कराया गया तथा किशोर का तांत्रिक से उपचार कराया। प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

ग्राम दुलीचन्दपुर निवासी चंद्रपाल (30 वर्ष) पुत्र धर्म सिंह व वंश (10 वर्ष) पुत्र रामगोपाल खेतों में काम कर रहे थे कि इसी दौरान दोनों को सांप ने डंस लिया। चंद्रपाल को सीएचसी में भर्ती कराया तथा वंश को बेरखेड़ा स्थित तांत्रिक (झाड़ फूंक करने वालों) को उपचार कराया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को छुट्टी दे दी गई है। दोनों की हालत में सुधार बताया गया है।

## विधायक मनोज पारस ने पांच ट्रांसफार्मर स्वीकृत कराएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** विधायक नगीना एवं उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व राज्य मंत्री मनोज पारस ने किरतपुर क्षेत्र की जनता से किया गया एक और वादा पूरा कर दिखाया। क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति को दुरुस्त करने के लिए उनके प्रयासों से 2024-25 के बिजनेस प्लान के तहत कुल 5 ट्रांसफार्मरों (250-250 केवीए) की स्वीकृति प्राप्त हुई थी।

मौहल्ला अंसारियान किरतपुर में ट्रांसफार्मर स्थापना कार्य शुरू हो गया है। विधायक मनोज पारस स्वयं एसडीओ के साथ मौके पर पहुंचे और कार्य प्रगति का निरीक्षण किया। बाकी चार ट्रांसफार्मर कल्याणी हॉस्पिटल के पास, मौहल्ला अहमद खेल, सरकारी अस्पताल के पास, मौहल्ला आफगानान में लगेंगे।

### विद्युत आपूर्ति व्यवस्था और अधिक होगी सुचारू

मालूम हो कि इन ट्रांसफार्मरों की स्थापना से क्षेत्र में लंबे समय से बनी ओवरलोड और बिजली संकट की समस्या काफी हद तक कम हो जाएगी। इसके अतिरिक्त ग्रामीण क्षेत्रों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विधायक मनोज पारस द्वारा दो और ट्रांसफार्मरों की स्वीकृति कराई गई है, जो ग्राम भोजपुर, ग्राम पाडला में लगेंगे। स्थानीय जनता ने विधायक के इस प्रयास की सराहना करते हुए उम्मीद जताई है कि इन कार्यों से किरतपुर शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति व्यवस्था और अधिक सुचारु हो जाएगी।

शाह टाइम्स परिवार व नागरिकों
को विकास परिशिष्ट की
हार्दिक बधाई

धीमान पब्लिक स्कूल
कमालपुर भोगा, नगीना
अनिल कुमार शर्मा एड.- प्रबंधक
तृप्ति शर्मा - प्रधानाचार्या
मो.नं.- 8476007221

छात्रों के मानसिक, शारीरिक एवं व्यावसायिक विकास हेतु डिजिटल स्मॉट क्लास कम फीस में उपलब्ध।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, नगीना, जिला बिजनौर

पत्रांक:- मैमो/ न.पा.परि.नगीना/आर.ओ./2025-26 दिनांक:- 01-08-2025

**हिन्दी दैनिक समाचार पत्र शाह टाइम्स के स्थापना दिवस पर नगर पालिका परिषद, नगीना समस्त सम्भ्रांत नगर वासियों को सूचित करती है कि**

1- स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत कूड़ा इधर उधर न फेकें, नगर को स्वच्छ बनाये रखने में पालिका का सहयोग करें।

2- पालिका कार्यालय में आर.आर.आर. सेन्टर में अपने अनुपयोगी कपड़े जूते एवं चप्पल आदि दें, जिससे गरीब लोगों को निःशुल्क वितरण किया जा सके।

3- पॉलीथीन का प्रयोग न करें यह दण्डनीय अपराध है।

4- निकाय द्वारा कूड़े का डोर-टू-डोर कलेक्शन किया जा रहा है आप कूड़े को अलग-अलग पालिका के वाहन में डालें, कूड़ा इधर-उधर न फंके।

5- अपने घरों व आस-पास के क्षेत्रों में पानी जमा न होने दें, जिससे बीमारियां फैलने की संभावना होती है।

6- अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें।

**अधिशासी अधिकारी** **अध्यक्ष**

**समस्त सभासदगण/ कर्मचारीगण**

**नगर पालिका परिषद, नगीना**

## गंधौर में लूट या सब झूठ

**हीमपुर दीपा।** हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के ग्राम गंधौर में बीती बुधवार को दिनदहाड़े हुई लूट उस समय संदिग्धता के घेरे में आ गई, जब महिला के बयान पुलिस की पूछताछ के बाद बदलने शुरू हो गए। वहीं उसके द्वारा बताया गया नशीला पाउडर छिड़कना भी उस समय झूठा साबित हो गया जब डॉक्टरों ने अपने रिपोर्ट में किसी भी जहरीले पदार्थ का न होना साफ कर दिया।

विदित हो कि बुधवार की सुबह सवेरे ग्राम गंधौर में एक परिवार ने लूट होने का शोर मचाते हुए पुलिस को सूचना दी थी। साथ ही उसके घर में लगी आग को भी आसपास मौजूद ग्रामीणों ने बुझाया था। होश में आने के बाद महिला ने बताया था कि भीख मांगने आया एक व्यक्ति उस पर एक नशीले पाउडर को छिड़क कर घर से सोने चांदी के जेवरात और नगदी को लूट ले गया जबकि उनके जैकेट भरे कमरे में आग लगा गया था। पुलिस पूछताछ में महिला लगातार अपने बयान बदलती जा रही थी, जिसका कभी कहना था कि भिखारी उस पर नशीले पाउडर को छिड़ककर बेहोश कर लूट ले गया तो कभी उसका कहना था कि गन पॉइंट पर उसके साथ लूटपाट की गई है। नशीला पाउडर अटैक भी उस वक्त झूठ ही साबित हुआ, जब डॉक्टर ने अपनी रिपोर्ट में साफतौर पर बताया कि उसकी बॉडी से किसी भी तरह का कोई केमिकल नहीं मिला है। पुलिस का कहना है कि हम हर तरह से जांच कर रहे है और इस मामले का शीघ्र खुलासा किया जाएगा।

**आर.बी.जे.फार्म नं. 33 वार्ड 7**
**H.C.J.P.VII NO.33**
**हेतु संदर्शित करने की सूचना**
**(साधारण प्रारूप)**
**न्यायालय न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय धामपुर (बिजनौर)**
वाद सं. 283/2024
**श्रीमती नजराना बनाम वसीम**

श्रीमती नजराना पत्नी वसीम पुत्री ऐजाज अहमद निवासी मौहल्ला तीरग्रान, कस्बा व थाना नहटौर, जिला बिजनौर पिन 246733 बनाम वसीम पुत्र तसलीम निवासी मौहल्ला खुराड़ा, कस्बा व थाना व पोस्ट शेरकोट, जिला बिजनौर पिन 246747 मो.न. 9761651338 नियत दिनांक 28.08.2025 ई. प्रतिवादी उक्त दिनांकित प्रतिवादी वसीम के विरूद्ध से इस बअदालत से श्रीमती नजराना ने यह आवेदन किया है कि प्रतिवादी रुपये प्रतिमाह भरण पोषण भत्ता अदा करने अतएवं आपको अदालत द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आपके आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्भित के लिये 2025 ई. के मास अगस्त के दिवस 28.08.2025 को 10-30 बजे पूर्वान्ह स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुदिष्टि अपने अधिवक्ता द्वारा उपजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन आपके विरूद्ध एक पक्षीय सुना जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 ई. के माह अगस्त के दिवस 08.07.25 को निकाली गयी धारा-125 सीआरपीसी, थाना नहटौर, जिला बिजनौर।

नियत दिनांक:- 28.08.2025

**आज्ञा से**
**न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय धामपुर (बिजनौर) यू.पी.**

शाह टाइम्स परिवार
व नागरिकों को
विकास परिशिष्ट की
हार्दिक बधाई



तिलक राज
जिलाध्यक्ष-सनातन गौरक्षा वाहिनी, बिजनौर
संगठन मंत्री, प्रबंधक समिति
पंजाबी महावीर मंदिर, नगीना

### संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र नकुल व उसकी पत्नी यशोदा आएदिन मुझ पर मेरी सम्पत्ति अपने नाम कराने का दबाव बनाते है। मेरी सम्पत्ति को खुर्द-बुर्द करना चाहते है। मेरे विरोध करने पर आएदिन लड़ाई झगड़ा व गाली-गलौच करते है तथा मुझे व मेरी पत्नी को घर से निकालना चाहते है। इन्होंने हम पर हाथ तक छोड़ दिया। जिससे मुझे बहुत आत्म ग्लानी हुई और समाज में मेरी सारी प्रतिष्ठा धूमिल हो गई। इस लिए 10 जुलाई, 2025 को मैंने नकुल को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इनके अच्छे-बुरे कार्य के यह स्वयं जिम्मेदार होंगे। हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **नरेश कुमार पुत्र तेजपाल सिंह निवासी ग्राम बल्दाना शफीपुर, थाना नूरपुर, जिला बिजनौर।**

### संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र एजाज उर्फ सोनू गलत संगति में पड़ गया है। वह उल्टे-सीधे कार्य करता रहता है। मैं उसे अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। एजाज उर्फ सोनू अपने अच्छे बुरे कार्य का स्वयं जिम्मेदार होगा, इसमें मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**उमरदराज पुत्र मुन्ना निवासी मौहल्ला लड़ापुरा, कस्बा व थाना किरतपुर, जिला बिजनौर।**

### नाम परिवर्तन सूचना

पहले मेरा नाम DARE KSHAN ANJUM था। अब मैंने अपना नाम DARAKSHA ANJUM रख लिया है। अब भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

**दरकशा अन्जुम पत्नी मोहम्मद इदरीस निवासी मोहल्ला शेखान शेरकोट, बिजनौर**

# एनपीएस व यूपीएस के विरोध में रोष मार्च

## रोष मार्च में अनेक विभागीय संगठनों एवं किसान यूनियनों का रहा समर्थन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अटेवा/एनएमओ.पीएस के राष्ट्रीय आह्वान पर एनपीएस-यूपीएस एवं निजीकरण के विरोध में रोष मार्च जिलाध्यक्ष उमेश कुमार राजपूत, जिला महामंत्री सुभाष चंद्र यादव, महिला विंग जिलाध्यक्ष वसीमा बानो एवं जिला कोषाध्यक्ष विनीत कुमार गहलोत के नेतृत्व में निकाला गया। रोष मार्च इंदिरा बल भवन बिजनौर से जिलाधिकारी कार्यालय तक किया गया, जहां प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के संबोधन में पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर ज्ञापन दिया गया।

इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन हमारा संवैधानिक अधिकार है जब तक पुरानी पेंशन बहाली नहीं होगी तब तक संघर्ष जारी रहेगा। एनपीएस-यूपीएस एवं निजीकरण देश के करोड़ शिक्षकों एवं कर्मचारियों के खिलाफ षड्यंत्र है जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मंडलाध्यक्ष रजनीश कुमार ने कहा कि ये रोष मार्च पुरानी पेंशन बहाली के संघर्ष की आगाज है। उत्तर प्रदेश जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष सुधीर यादव राज्य सहित कर्मचारी परिषद के जिला संरक्षक देशराज सिंह एवं अध्यक्ष धीरज कुमार ने कहा कि अटेवा पुरानी पेंशन का आंदोलन कोई ईमानदारी से कर रहा है। संघर्ष की बदौलत एक दिन निश्चित पुरानी पेंशन बहाल होगी। उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष मंडलीय मंत्री रूपेश कुमार एवं जिला अध्यक्ष अश्वनी कुमार ने कहा कि पुरानी पेंशन हमारे बुढ़ापे की लाठी है, जिसके लिए अटेवा निरंतर संघर्षरत है। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार रवि एवं राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष दिग्विजय सिंह, सिंचाई संघ के जिलाध्यक्ष शूरवीर सिंह एवं विद्युत प्राविधिक कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष लोक.ेंद्र चौधरी ने कहा कि सरकार जिस प्रकार सरकारी विभागों को निजीकरण कर रही है, वह अत्यंत के जनक है। राजकीय वाहन चालक संघ के जिला मंत्री नरेंद्र कुमार, पोलीटेक्निक स्टैटिक एसोसिएशन मनोज कुमार ने कहा आज का संघर्ष निश्चित पुरानी पेंशन बहाली के संघर्ष को धार देगा। इरिगेशन मिनिस्ट्रियल कर्मचारी संघ के जिला कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार एवं भंडार पाल कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष शिव कुमार दिवाकर ने कहा कि एनपीएस-यूपीएस एवं निजीकरण हमारे साथ धोखा है जिसके लिए संगठित होकर संघर्ष जरूरी है। अटेवा जिला अध्यक्ष उमेश कुमार राजपूत ने सभी का आभार व्यक्त किया। रोष मार्च को भारतीय किसान यूनियन टिकैत, भारतीय किसान यूनियन प्रधान, भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक, भारतीय किसान यूनियन तोमर, भारतीय किसान यूनियन एकता आदि किसान यूनियन का नैतिक समर्थन रहा।

इस अवसर पर अल्फिया जावेद, कौशल गौतम, रीवा सिंह, नीधि सिंह, रूचि काकरन, प्रियांश रानी, प्रेरणा, गीता रानी, हलीमा, मीनाक्षी, शिवाली यादव, सर्वेश, शीतल रानी, बबीता रानी, देशराज सिंह, क्रांति सिंह, जयप्रकाश पाल, पंकज कटारिया, संजीव कुमार, संदीप कुमार, डॉ. भूपेंद्र सिंह, गजेंद्र कुमार शर्मा, जावेद, आकाश दीप, तेजपाल सिंह, योगेंद्र कुमार, ओम प्रकाश सिंह, रामनाथ सिंह, खड़क सिंह, हेमराज सिंह, दुष्यंत कुमार, राजवीर सिंह, शादाब, रिहान, सिकंदर पाल सिंह, पुनीत गहलोत, मुजफ्फर इस्लाम, संजीव कुमार, अभिषेक कुमार, सुशील कुमार, सुधीर कुमार, विक्रांत, निपेन्द्र, अरशद, आफताब अली, सुभाष चंद्र, अमित कुमार, बिजेंद्र कुमार, शिवराज सिंह, अजयपाल, अनुज कुमार, युधिष्ठिर चौहान, सचिन कुमार, विनीत त्यागी, आवेश कुमार, विनय, जयकिशन आदि सैकड़ों शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## प्राथमिक विद्यालय में छात्राएं कर रही साफ-सफाई

**बढ़ापुर।** प्राथमिक विद्यालय में छात्राओं से साफ-सफाई कराने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जोरों से वायरल हो रहा है। वीडियो में एक छात्रा झाड़ू और दूसरी छात्रा वाईपर ले जाते हुए नजर आ रही है।

कस्बे के मुहल्ला नौमी के प्राथमिक विद्यालय में छात्राओं द्वारा झाड़ू लगाने व वाइपर ले जाने की एक वीडियो सोशल मीडिया पर जोरों से वायरल हो रही है। एक छात्रा प्राथमिक विद्यालय के आंगन में झाड़ू से साफ सफाई करते नजर आ रही है तो वहीं दूसरी छात्रा वाइपर ले जाते हुए नजर आ रही है। छात्राओं द्वारा कराई जा रही साफ-सफाई की यह घटना वहां से गुजर रहे किसी व्यक्ति ने मोबाइल कमरे में कैद कर ली और सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। वीडियो वायरल होने पर अभिभावकों में शिक्षिका के खिलाफ रोष है। वहीं इस संबंध में प्राथमिक विद्यालय की मुख्य अध्यापिका निधि अग्रवाल ने बताया कि विद्यालय के आंगन में बच्चे पौधे लगा रहे थे। एक बच्चे ने पानी कमरे में गिरा दिया था तभी वहां पर मौजूद एक छात्रा वाइपर उठाकर पानी को साफ करने लगी और एक छात्रा कमरे के बाहर सफाई करने लगी। विद्यालय में मजदूर रखकर साफ सफाई कराई जाती है। बच्चों से विद्यालय का कोई भी कार्य नहीं कराया जाता है।

### एक नजर

## शराबी की नाले में गिरकर मौत



**स्योहारा।** गुरुवार की रात एक दर्दनाक हादसे में अत्यधिक शराब के नशे में धुत एक व्यक्ति की नाले में गिरकर मौत हो गई। मृतक की पहचान मुकेश शर्मा उर्फ जाजू (42 वर्ष) पुत्र स्वर्गीय सुमेर चंद्र निवासी मोहल्ला चंचल पूरियांन, हिंदू चौधरीयान के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मुकेश शर्मा नशे की हालत में लड़खड़ाते हुए जा रहे थे तभी संतुलन बिगड़ने के कारण वे पास ही स्थित नाले में जा गिरे। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार मौके पर पहुंचे और शव जेसीबी की मदद से नाले से बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। प्राथमिक जांच में मौत का कारण अत्यधिक शराब सेवन बताया गया है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## आसपा नेताओं का स्वागत



**जलालाबाद।** कल्हेड़ी में आजाद समाज पार्टी के नेताओं का शानदार स्वागत हुआ। आजाद समाज पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष एवं बिहार प्रदेश के चुनाव प्रभारी काशिफ रजा, मंडल प्रभारी खुर्शीद मंसूरी, सांसद प्रतिनिधि फहीम एडवोकेट, यूथ विंग के जिला प्रभारी शादमान शेख आदि के कल्हेड़ी में स्थित कैंप कार्यालय पहुंचने पर क्षेत्रीय कमेटी ने शानदार स्वागत किया। गौरतलब है कि प्रदेश में आजाद समाज पार्टी के बैनर तले मुस्लिम संवाद कार्यक्रम का सिलसिला जारी है, इसी कड़ी में कल्हेड़ी में उक्त कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में भारी संख्या में लोग शामिल हुए। कार्यक्रम आयोजक एवं पार्टी के ग्राम उपाध्यक्ष सैयद शोएब अली ने उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त किया।

## टैंट व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन



**नजीबाबाद।** टैंट व्यापार एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने विभिन्न मांगों से संबंधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी नजीबाबाद को सौंपा। मोहम्मद अख्तर के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में जीएसटी में संशोधन, कैटरिंग सेवा का समय निर्धारण, टैंट के कारोबार को सूक्ष्म उद्योग का दर्जा देने, बैंकों द्वारा सरल लोन सुविधा उपलब्ध कराए जाने, टैंट कारोबारी का बीमा कराए जाने, प्राकृतिक राहत आपदा दिलवाने, स्थानीय टेंडर में प्राथमिकता दिलवाने एवं गोदाम जोन व्यवस्था कराए जाने की मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल में मोहम्मद सलीम, सुभाष धवन, हाजी निसार, मनोज टांक, साबिर जैदी, पप्पू सिंह सहित अनेक टैंट कारोबारी शामिल थे।

## हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार



**स्योहारा।** पुलिस ने एक गंभीर हमले के मामले में फरार चल रहे अभियुक्त राजपाल सिंह पुत्र चन्द्रपाल सिंह निवासी ग्राम राजीपुर (रसूलपुर) को गिरफ्तार कर न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किया। अभियुक्त पर सिर पर फावड़े से वार कर जानलेवा हमला करने और झूठे केस में फंसाने की धमकी देने का आरोप है। 31 जुलाई को ग्राम रसूलपुर निवासी भूपेन्द्र सिंह पर जानलेवा हमला करने पर महिला वादिया द्वारा तहरीर दी गई थी।

## छात्रों ने एनसीसी भर्ती में दिखाया जोश




**स्योहारा।** लक्ष्य ग्रुप ऑफ कॉलेजेस तथा गुरुनानक ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने एनसीसी भर्ती प्रक्रिया में उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह भर्ती प्रक्रिया एमक्यू इंटर कॉलेज मैदान स्योहारा में सम्पन्न हुई, जहां 32 यूपी बटालियन एनसीसी धामपुर के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल गणेश शंकर विद्यार्थी के दिशा-निर्देशन एवं सूब.ेदार मेजर बलवंत सिंह के नेतृत्व में आयोजन किया गया। प्रात:काल से ही छात्रों का जमावड़ा मैदान में लग गया था। छात्र-छात्राओं में एनसीसी में शामिल होने का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला प्रतिभागियों का मानना है कि एनसीसी युवाओं के लिए सेना में प्रवेश की पहली सीढ़ी है। भर्ती प्रक्रिया की शुरुआत चिकित्सा परीक्षण एवं दस्तावेज सत्यापन से हुई। इसके पश्चात सभी प्रतिभागियों ने शारीरिक दक्षता परीक्षा और लिखित परीक्षा में भाग लिया। सूबेदार मेजर बलवंत सिंह ने बताया कि सभी प्रतिभागियों का चयन पूर्णत निष्पक्ष एवं मेरिट के आधार पर किया जाएगा। भर्ती के दौरान कैप्टन मोहम्मद यूनुस चौधरी, लेफ्टिनेंट धीरज शर्मा, हवलदार अर्जुन सिंह, हवलदार सुरेंद्र सिंह, हवलदार प्रकाश एवं रोहित कुमार सहित अन्य स्टाफ भी उपस्थित रहा।

## रविवार में भी होंगे आईटीआई में प्रवेश

**बिजनौर।** जनपद बिजनौर में संचालित समस्त राजकीय एवं निजी आईटीआई में तीसरे चरण की प्रवेश प्रक्रिया जारी है, जिसकी अंतिम तिथि 5 अगस्त 2025 निर्धारित है। अभ्यर्थियों की सुविधा को देखते हुए रविवार 3 अगस्त को शासकीय अवकाश में भी समस्त आईटीआई में प्रवेश काउंटर खुले रहेंगे। अत: तीसरी सूची के चयनित अभ्यर्थी अपने समस्त प्रमाण पत्र के साथ रविवार में भी संस्थान में उपस्थित होकर प्रवेश ले सकते हैं। यह जानकारी नोडल प्रधानाचार्य मंजुल मयंक ने दी।

### एक नजर

## बाइक और स्कूटी की लॉन्चिंग



**धामपुर।** भारत मोटर्स एजेंसी पर नई बैटरी की बाइक को एवं स्कूटर की लॉन्चिंग धूमधाम से की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एसबीआई जिला बैंक के अधिकारी एवं नगर पालिका अध्यक्ष रवि चौधरी रहे। भारत मोटर्स के प्रोपराइटर शलभ अग्रवाल एवं श्रैय अग्रवाल ने बताया कि कंपनी द्वारा उच्च टेक्नोलॉजी द्वारा यह बाइक और स्कूटी बाजार में लाई गई हैं जिसमें स्पेशल फीचर दिए गए हैं और बैटरी अलग से दी गई है। जो गाड़ी से अलग हो जाती है और कहीं भी चार्ज की जा सकती है। कार्यक्रम में आरएम जिला एसबीआई रानी सरस्वती के मैनेजर प्रभाकर वर्मा, ब्रांच मैनेजर अंजुम सिद्दीकी एवं धामपुर नगर पालिका अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह आदि शामिल रहे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य व्यक्ति और उपभोक्ता मौजूद रहे।

## गुलदार ने कुत्ते को बनाया शिकार

**अफजलगढ़।** जंगल छोड़कर शिकार की तलाश में आबादी क्षेत्र में घूम रहे हैं। गुलदार बीती रात नगर के आबादी क्षेत्र में घूम रहे गुलदार ने एक कुत्ते को अपना शिकार बनाया। बीती रात्रि नगर के मौहल्ला किला निवासी सोनू कुमार बैटरी वाले के घर के सामने मुख्य सड़क पर गुलदार ने एक कुत्ते को अपना शिकार बनाकर मौत के घाट उतार दिया। घटना घर के बाहर लगे सीसीटीवी कमरे में कैद हो गई। घटना रात्रि 12:00 बजे की है। शुक्रवार की प्रात: मौहल्ले वासियों ने एक कुत्ते की क्षत विक्षत हालत देखकर गुलदार की आमद का आभास हुआ। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज से पूरी घटना स्पष्ट हो गई। गौरतलब है कि नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में कई स्थानों पर जंगल से सटी आबादी क्षेत्र में गुलदार शिकार की तलाश में आ जाते हैं जो जनमानस की हानि के लिए खतरा बने हुए हैं जैसे-जैसे खेतों में गन्ना की खेती ईख की ऊंचाई बढ़ रही है, वैसे ही वैसे गुलदारों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। क्योंकि ईख गुलदार के छिपने के लिए एक सुरक्षित स्थान होता है। क्षेत्र के ग्राम मानियावाला में बनेली नदी से सटे आबादी क्षेत्र में अक्सर गुलदार देखा जाता है।

## बी.फार्मा चतुर्थ वर्ष का परीक्षाफल घोषित





**बिजनौर।** डा. एपीजे अब्दुल कलाम टैक्निकल यूनिर्वसिटी लखनऊ द्वारा बी.फार्मा चतुर्थ वर्ष के घोषित परीक्षा परिणाम में वीर कुंवर कॉलेज ऑफ फार्मेसी, बिजनौर का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। बी. फार्मा चतुर्थ वर्ष के छात्र मौ. आरिश ने 78.92 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम एवं साक्षी कुमारी ने 78.61 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज के प्रबंध निदेशक अभिषेक सिंह, प्राचार्य एवं विभाग के समस्त शिक्षको ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## श्री राम इंस्टीट्यूट में ओरिएंटेशन कार्यक्रम



**धामपुर।** श्री राम इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी पीपलसाना में नवीन सत्र के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए एक भव्य ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के समस्त स्टाफ व छात्रों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत में फार्मेसी विभागाध्यक्ष चंचल कुमार सैनी ने प्रोजेक्टर के माध्यम से विद्यार्थियों को फार्मेसी विषय की संपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने फार्मेसी की शिक्षा, करियर विकल्प, उद्योग से संबंध और इस क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार की संभावनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर कॉलेज के चेयरमैन डॉ. एन.पी. सिंह ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और अनुशासित ढंग से शिक्षा प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया। कॉलेज की सेक्रेटरी डॉ. शिखा सिंह ने संस्थान के नियमों और मूल्यों से सभी को अवगत कराया तथा विद्यार्थियों से उच्च आदर्शों को अपनाने का आग्रह किया। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. ममता सिंह ने छात्रों को स्वागत भाषण में भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए मानसिक रूप से तैयार रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में समस्त शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज करवाई और नए विद्यार्थियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को संस्थान से परिचित कराना और उन्हें प्रेरित करना था ताकि वे अपने शैक्षणिक सफर की शुरुआत आत्मविश्वास के साथ कर सकें।

# पहरा लगाने वालों को पुलिस ने थाने बुलाकर हड़काया

## पीड़ितों ने एसपी से की शिकायत, जांच सीओ धामपुर को सौंपी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** पुलिस की वेबजह डांट फटकार व दो घंटे तक थाने में बिठाए रखने से भयभीत मोहल्लेवासियो ने एसपी से मिलकर आपबीती बताई है। दरअसल रातों को पहरा देकर चौकसी करने वाले लोगों को पुलिस ने थाने बुलाकर डांट फटकार लगाते हुए दो घंटे तक थाने में बैठाये रखा। चालान करने की बात पर वह सहम गए। पहरा न देने व माफी मांगने पर बामुश्किल पुलिस से पीछा छुड़ाया। पूरे मामले की शिकायत एसपी से की गई है।

जानकारी के अनुसार मोहल्ला नौधा के पास जंगल स्थित है। मोहल्ले वासी पहरा लगा चौकसी करते है। बताया जाता है कि दो दिन पूर्व एक संदिग्ध मोहल्ले में दिखाई दिया था। रात के ढाई बजे संदिग्ध युवक पहरा लगा रहे लोगों को देखकर भाग गया। वह सीसीटीवी में भी कैद हो गया। रात में ही डायल 112 पुलिस को सूचना दी गई।

उसके बाद सुबह को पुलिस ने पहरा दे रहे लोगों को थाने बुला लिया। आरोप है कि पुलिस ने थाने में मोहल्लेवासियो के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए डांट-फटकार लगाते हुए थाने में बैठा लिया। उनका चालान करने की बात कही गई, जिस पर वह सहम गए। पुलिस से माफी तलाफी करते हुए दो घंटे तक थाने में बैठकर बामुश्किल पुलिस से पीछा छुड़ाया।

शुक्रवार को इकबाल अहमद, सादिक, इमराना, फईमा, राकेश कुमार, सूरज, शहनाज, सादिक आदि ने एसपी को शिकायती पत्र देकर जांच की मांग की। एसपी ने पूरे मामले की जांच सीओ धामपुर को सौंपी है।

## इंस्पायर अवॉर्ड मानक योजना में गर्व व पाखी ने लहराया परचम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय तथा राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान के संयुक्त तत्वावधान में संचालित इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के अंतर्गत वीरा इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर में आयोजित जनपद स्तरीय प्रदर्शनी एवं प्रोजेक्ट प्रतियोगिता में मधुर मेमोरियल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल स्योहारा के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। विद्यालय के छात्र गर्व राजपूत ने स्मार्ट हेलमेट एवं छात्रा पाखी महेश्वरी ने वॉटर क्लीनिंग बोट नामक नवाचार प्रस्तुत कर उपस्थित निर्णायक मंडल का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर, जिला विद्यालय निरीक्षक जयकरन यादव एवं जिला विज्ञान समन्वयक सुधांशु कुमार द्वारा दोनों विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भारत सरकार द्वारा दोनों होनहार विद्यार्थियों को रुपए 10,000 की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जा चुकी है। दोनों प्रोजेक्ट विद्यालय के विज्ञान शिक्षकों लव प्रजापति एवं श्रीमती दिव्या शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में पूर्ण किए गए। जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने दोनों विद्यार्थियों की रचनात्मक सोच एवं तकनीकी समझ की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्रबंधक आलोक अग्रवाल ने विद्यार्थियों की उपलब्धि को स्कूल की गौरवशाली उपलब्धि बताया और कहा कि हमारा लक्ष्य विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि प्रयोगात्मक और नवाचारी सोच के साथ आगे बढ़ाना है।

## नजरअंदाज न करें बीमारी के लक्षणों को: डा. कालरा

### बरसात के मौसम में बीमारियों से बचाव के लिए अपील



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एच.एस. कालरा ने बरसात के मौसम में बढ़ने वाली बीमारियों को लेकर नगरवासियों से सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि बरसात के दौरान मच्छरों से फैलने वाली बीमारियां जैसे डेंगू मलेरिया, चिकनगुनिया, टाइफाइड, पीलिया और सर्दी-जुकाम आदि का खतरा तेजी से बढ़ जाता है। जिससे समय पर बचाव और जागरूकता ही सबसे बड़ा उपचार है।

डॉ. एच एस कालरा ने बताए ये अहम बचाव उपाय पानी जमा न होने दें। घर के आसपास कूलर, गमलों या टायरों में पानी न जमने दें जिससे मच्छरों का प्रजनन रोका जा सके उबला हुआ या फिल्टर किया पानी पीए। बरसात में पानी से होने वाले संक्रमणों से बचने के लिए शुद्ध जल का सेवन जरूरी है। खुले में खाना न खाएं। बाहर का बासी और खुला खाना खाने से फूड पॉयजनिंग और दस्त जैसी बीमारियां हो सकती हैं। पूरी आस्तीन के कपड़े पहने, मच्छरों के काटने से बचाव के लिए शरीर को ढककर रखें, घरों और आसपास सफाई रखें, गंदगी और नमी से बीमारियों के कीटाणु पनपते हैं, नियमित सफाई करें, बुखार होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें, बुखार को हल्के में न लें, समय रहते जांच कराएं, डॉ. एच एस कालरा ने आगे कहा कि गरीब तबके के मरीजों को उनके नर्सिंग होम में विशेष छूट और प्राथमिकता के साथ उपचार दिया जाता है। ताकि कोई भी व्यक्ति आर्थिक तंगी की वजह से उपचार से वंचित न रह जाए। उन्होंने आमजन से अपील की कि किसी भी बीमारी के लक्षणों को नजरअंदाज न करें और सावधानी ही सुरक्षा है। इस मंत्र को अपनाकर ही हम खुद और अपने परिवार को स्वस्थ रख सकते हैं।

# छड़ी जाहर दीवान मेले का शुभारंभ

### जिला पंचायत अध्यक्ष व डीएम ने किया उद्घाटन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह एवं जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा आज महात्मा विदुर की तपोभूमि पर श्रावण मास में आयोजित छड़ी जाहर दीवान गंज मेला का संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं विधि विधान से पूजन अर्चना कर उद्घाटन किया। जिला पंचायत अध्यक्ष एवं जिलाधिकारी द्वारा मेले को शांतिपूर्वक एवं सकुशल रूप से सम्पन्न होने की कामना की गई।

जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह ने मेले आयोजन की व्यवस्था एवं सुरक्षा पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि उत्साह व उमंग भरे इस मेले को जिले के लोग लम्बे समय से मनाते आ रहे हैं और जिले के असंख्य लोग यहां आकर अपनी आस्था को प्रकट करते है। उन्होंने जिले के प्रशासनिक, पुलिस अधिकारियों तथा मेले में व्यवस्था बनाने वाले अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुख सुविधाएं, सुरक्षा व मेले में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि मेले में पॉलीथीन का प्रयोग पूर्णत: प्रतिबन्धित कराएं तथा मेले में समस्त प्रमुख स्थान पर सीसीटीवी कैमरों का प्रयोग भी सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा की वह अपनी उचित व्यवस्था व अपने दायित्वों व कर्तव्यों का पालन कर मेले में आने वाले बडी संख्या में लोगों को ध्यान में रखकर मेले की व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित करें। जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने कहा कि छड़ी जाहर दीवान गंज मेला पौराणिक धार्मिक पर्व है, जो हमें गंगा-जमुनी तहजीब की सीख देता है। उन्होंने कहा कि मेले हमारी संस्कृति का प्रतिक है तथा यह हमारी धरोहर है, इन्हें सद्भाव के साथ मनाना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने मेले में शिकायत केन्द्र व खोया पाया केन्द्र स्थापित करने व उसका 24 घंटे संचालन कराने के निर्देश दिये।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, समस्त जिला पंचायत सदस्य, जन प्रतिनिधिगण, गणमान्य लोग सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

# काफिले संग जेल से घर पहुंचे जफर अली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** शाही जामा मस्जिद में दूसरी बार सर्वे कराने के दौरान भड़की हिंसा में पांच की मौत हो और आगजनी व पथराव में गठित एसआईटी की जांच में हिंसा की साजिश रचने के आरोप में जेल भेजे गए मस्जिद इंतेजामिया कमेटी के सदर 131 दिन पर जेल से रिहा होकर काफिले के साथ अपने घर पहुंचे। उनका जगह-जग स्वागत कर फूल मालाओं से लादा गया।

## ○131 दिन बाद हाईकोर्ट के आदेश से मिली रिहाई

24 नवम्बर 24 को शाही जामा मस्जिद का दूसरी बार सर्वे कराने पर हिंसा भड़कने से पांच की मौत और आगजनी व पथराव की जांच को न्यायिक आयोग के साथ एसआईटी का गठन किया गया था। 23 मार्च को एसआईटी ने जांच में शाही जामा मस्जिद के सदर जफर अली को बुलाकर पूछताछ की थी। कई घंटे की पूछताछ के बाद उन्हे गिरफ्तार कर लिया गया था। जिला अदालत से उनका जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया गया था। इलाहाबाद उच्च न्यायालय में उनके जमानत को याचिका दाखिल की गई थी। न्यायमूर्ति समीर जैन की पीठ ने उन्हे जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए थे। शुक्रवार को जिला अदालत से उनके जमानतनामे दाखिल करने के बाद उन्हे मुरादाबाद जेल से रिहाइ का परवाना भेजा गया। शुक्रवार की सुबह सवेरे उन्हे जेल से रिहा किया गया। रिहा होने से पूर्व ही उनके सर्मथक मुरादाबाद जेल के बाहर जमा हो गए थे। उनके रिहा होते ही सर्मथकों ने उन्हे अपने घेरे में ले लिया। वाहनों के काफिल संग लेकर उनके निवास के लिए लाया गया। सर्मथकों संग वाहन में सवार होकर आए शाही जामाम स्जिद के सदर जफर अली के सम्भल पहुंचते ही चन्दौसी चौराहा, मौहल्ला नाला और कोट आदि मौहल्लों में उन्हे जगह-जगह रोक कर फूल मालायं डालकर स्वागत किया, जबकि आतिशबाज़ी भी छोड़ी गई। निवास पर पहुंचते ही वहां लोगों का तांता लग गया जबकि महिलाओं ने भी पहुंचकर उनका स्वागत किया।



सम्भल- जेल से रिहा होकर काफिले संग आते लोगों का अभिवादन करते जामा मस्जिद के सदर।

# हिंसा में मारे गए युवक के परिजन को सुप्रीम राहत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** विगत वर्ष हिंसा में गोली से मारे गए एक एक युवक के पीड़ित परिवार को सर्वोच्च न्यायालय ने बड़ी राहत दी है जबकि स्थानीय अदालत में प्रेटेस्ट याचिका दाखिल करने की अनुमति के साथ ट्रायल कोर्ठ में चल रही सुनवायी को विलम्बित कर पुलिस अधिकारियों व सक्ष्म न्यायालय को याची की सुरक्षा सुनिश्चित करने के आदेश भी दिए है।

विगत वर्ष 24 नवम्बर 24 को शाही जामा मस्जिद में दूसरी बार सर्वे कराने के दौरान भड़की हिंसा में उप नगरी सराय तरीन के मौहल्ला झाली जामन निवासी बिलाल (23) पुत्र मौ. हनीफ की गोलन लगने से मौत हुई थी। शहर कोतवाली में अज्ञात के विरूद्व हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसकी जांच एसआईटी को सौंपी गयी थी। जिसमें मुल्ला अफरोज, वारिस व गुलाम को आरोपी बनाया गया। जबकि मृतक के भाई सलमान की ओर से इलाहाबाद उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर एसआईटी का गठन करने के साथ उच्च न्यायालय के न्यायमूति की निगरानी में स्वतंत्र एजेंसी से इसकी विवेचना कराने का आदेश देने तथा मृतक के परिजनों को दो करोड़ का मुआवजा दिलाने के अलावा पीएम रिपोर्ट और दंड न्याय प्रक्रिया संहिता के तहत दर्ज किए गए वादी मुकदमा के बयानों की कॉपी उपलब्ध कराने की मांग की थी, लेकिन उच्च न्यायालय से उसे कोई राहत नहीं मिली।

## ○पीड़ित को प्रोटेस्ट याचिका की अनुमति

पीड़ित ने सर्वोच्च न्यायालय की शरण ली तथा विशेष अनुमति याचिका दाखिल की। सर्वोच्च न्यायालय में याचिका कर्ता के अधिवक्ता सय्यद अहमद सऊद, दानिश अहमद व परवेज डावस ने पुलिस की विवेचना में निष्पक्षता पर सवाल खड़े करते हुए कई तर्क/तथ्य पेश किया। सर्वोच्च न्यायालय में न्यायमूर्ति जोय मालिया बागची, न्यायमूर्ति सूर्यकांत की दो सदस्यीय पीठ ने मामले में सुनवायी करते हुए याचिका कर्ता को निचली अदालम व सम्बंधित प्राधिकरण के समक्ष प्रोटेस्ट पिटीशन व आपत्ति दाखिल करने की अनुमति प्रदान की। जबकि ट्रायल कोर्ट की सभी पक्षों को सुनवायी का मौका देकर उचित निर्णय देने का आदेश दिया। इसके अलावा आदेश में अग्रमि विवेचना के सम्बंध में कोई आदेश पारित करने पर उसकी जांच के लिए सम्बंधित पुलिस अधिककारियों को दिशा-निर्देश दिए है।

# भाकियू असली एनपीके को लेकर करेगी आन्दोलन का आगाज़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** बढ़र्ती उर्वरक और खाद की किल्लत को लेकर भारतीय किसान यूनियन असली आन्दोलन की शुरूआत करेगी। किसानों को यूरिया व एनपीके की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चत कराने को आपार के आन्दोलन के लिए अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन देगी। इसकी भाकियू असली की और से घोषाण कर दी गई है।

# सम्भल में एक और सियासत की पारी की हो सकती है शुरुआत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** अब तक दो घरानों के बीच सियासत में एक ओर नइ सियासत की शुरूआत होने की सम्भावनाएं बन गयी हैं हालांकि जेल से रिहा होकर आए शाही जामा मस्जिद के सदर ने सीधे तो कोई हंकार नहीं भरी है, लेकिन अवाम के ऊपर फैसला छोड़कर इशारा ज़रूर दे दिया है।

## ○जफर अली ने चुनाव लड़ने का फैसला अवाम पर छोड़ा

जामा मस्जिद इंतेजामिया कमेटी के सदर जफर अली मुरादाबाद जेल से रिहा होकर काफिल संग पहुंचना और जगह-जगह आतिशबाजी छोड़कर उनके स्वागत ने कई तरह की चर्चाओं को जन्म दे दिया है। जबकि स्वयं कार पर खड़े होकर लोगों का हाथ हिलाकर अभिवादन करते और बाइक पर सवार युवकों के आगे-आगे चलकर देखो-देखो कौन आया शेर आया शेर आया के गुंजायमान नारे उनका आगामी चुनाव में कदम रखने चुनावी टैम्पू की शुरूआत माना जाने लगा है। मीडिया के सवालों पर जिस बेबाकी से जफर अली ऐंसे जवाब दे रहे थे उससे उनके मंझे नेता की झलक दिखायी दे रही थी। हालांकि उन्होने राजनीति में कदम रखने और चुनाव लड़ने का सीधे तो कोई जवाब नहीं दिया,लेकिन अवाम पर फैसला छोड़कर यह इशारा ज़रूर दे दिया है कि राजनीति में भी उनके पग बढ़ सकते हे। उनके इस बयान ने न केवल राजनैतिक सफर की शुरूआत का संकेत दिया है,बल्कि चुनाव में अब तक आसानी से चुनावी नैया को पार लगाते आ रहे स्थानीय राजनीति के दिग्गजों के लिए उनके चुनाव में उतरने पर राह काफी कठिन होगी लेकिन जफर अली की भी मंजिल पाना आसान काम नहीं होगा। और मंजिल को पाना आसान नहीं होगा। बहरहाल जेल से रिहा होकर जिस जोश और खरोश व युवाओं की भीड़ के साथ अपने निवास तक पहुचे जफर अली का आगे कदम क्या होगा इसका खुलासा तो उन्होने नहीं किया है लेकिन फैसला अवाम पर छोड़कर अपने इरादों को ज़ाहिर ज़रूर कर दिया है।

# पूर्व जिलाध्यक्ष पीडीए पाठशाला में बने शिक्षक

## ○निजी कार्यालय पर खोली पीडीए पाठशाला

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** प्रदेश में स्कूल बंद कर मर्ज करने पर सपा सत्तारूढ़ भाजपा सरकार पर हमलावर है। सपाइ पीडीए पाठशाला चलाकर बच्चों को शिक्षित बनाना शुरू कर दिया है। सपा के प्रान्तीय कार्यकारिणी सदस्य ने अपने निज कार्यालय पर पीडीए पाठशाला चलाकर कई गांवो से पहुंचे बच्चों को शिक्षण कार्य कराया।

शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य फिरोज खां ने अपने निज कार्यालय पर पीडीए पाठशाला का आयोजन किया। कई गांवो से पहुंचे बच्चों को पीडीए पाठशाला में शिक्षण कार्य कराकर उनको शिक्षित बनाने में हर समय तत्पर रहने का भरोसा दिलाया। इस दौरान फिरोज़ खां ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार बच्चों के स्कूलों को बंद करके उन्हे शिक्षित होने से रोकना चाहती है,क्योंकि जब बच्चे पढ़ेंगे तो उन्हे नौकरी देनी पड़ेगी। जबकि स्कूल बंद होने से गरीब और किसान व मजदूरों के बच्चे पढ़ नहीं पायेंगे। उन्होने कहा कि स्कूल बंद होने से गरीब व्यक्तियों के बच्चे परेशान है। मेंहगे स्कूलों और मेंहगी किताबे और मेंहगाई के इस दौर में अपने बच्चों को कहां और कैसे पढ़ायेंगे। इसीलिए समाजवादी पार्टी पूरे प्रदेश में पी डी ए पाठशाला चलायेगी और अपने खर्चे पर गरीब बच्चों को शिक्षा दिलाने का काम करेगी। जबकि किसी कीमत पर भी प्रदेश में स्कूलों को बंद नहीं होने देगी। चाहें इसके लिए सपा को कितना ही संर्घष क्यों न करना पड़े। उन्होने कहा कि सपा के अध्यक्ष और पी डी ए को साथ लेकर चलने वाले अखिलेश यादव के निर्देश पर सपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने पी डी ए पाठशाला चलाकर बच्चों को शिक्षित बनाने का काम शुरू कर दिया है। इस दौरान पी डी ए पाठशाला में गोपाल, अक्ष्य, राकेश सिंह, कमल, अर्श, अमान, नोमान, मुकेश, रिहान, फैज़ान, अबीर, गौरव कुमार आदि शामिल रहे। जबकि आरिफ खां गुल्लू आदि ने सहयोग किया।



सम्भल- निजी कार्यालय पी पीडीए पाठशाला में बच्चों को पढ़ाते फिरोज खा।

# विवाहिता की हत्या कर शव जलाया, भाई ने दी पुलिस को तहरीर

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**असमोली।** पत्नी के चरित्र पर शक कर उसकी हत्या कर शव जलाने के आरोपी के खिलाफ हत्या की तहरीर थाना पुलिस को दी गई है।

अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के ग्राम उमरपुर निवासी सनी सैनी पुत्र पतराम सिंह की बड़ी बहन अंजली का विवाह करीब 14-15 वर्ष पूर्व असमोली थाने के ग्राम मतावली पटटी जग्गू निवासी जयपाल सैनी पुत्र मुरारीलाल के साथ किया था। आरोप है कि पति अंजली के चरित्र पर शक करता था। जिस काररण उसाने पत्नी अंजली को 20-25 दिन से ग्राम उमरपुर मयके में रह रही थी। रिश्तेदारों के समझाने पर विवाहिता को 30 जुलाई को सुबह 9 बजे उसकी ससुराल जयपाल के पास छोड़ आया था। रात्रि करीब 10 बजे जयपाल ने फोन पर बताया कि उसने उसकी बहन अंजली की हत्या कर दी है और शव को जला दिया। सुब अपने ममेरे भाई रवि व फुफेरी बहन मिथलेश के साथ उमरपुर पहुंचचा तो पहां कोई नहीं मिला। पड़ोसियों ने बताया कि जसपाल ने उनकी बहन की हत्या कर दी है।

# आकांक्षा हाट प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की दूरगामी सोच का परिणाम: मंत्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** सात दिवसीय आकांक्षा हाट और सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

बहजोई रोडवेज बस स्टेंड परिसर में नीति आयोग भारत सरकार द्वारा संचालित आकांक्षा ब्लॉक कार्यक्रम के अर्न्तगत हाट कार्यक्रम का जनपद के प्रभारी मंत्री व राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार होमगार्डस एवं नागरिक सुरक्षा धर्मवीर प्रजापति ने फीता काटकर किया। जबकि मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। कार्यक्रम के अर्न्गत मुख्य अतिथि ने आकांक्षा हाट एवं स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए हस्ताक्षर एवं हुनर की छाप के अर्न्तगत छाप लगायी तथा विभिन्न विभागों के तहत स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए लगायी गई स्टालों का अवलोकन किया। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री ने सहायता समूहों के माध्यम से निर्मित गौमय उत्पाद एव अन्य उत्पाद जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया द्वारा भेंट किए गए।जबकि अन्य अतिथियों को पुष्प एवं पुस्तक देकर सम्मानित किया। इसके अलावा कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विषलय की छात्राओं ने सरस्वतीी वंदना और स्वागत गान कर यूपी वाले भैये गाने पर भी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट ने सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह एवं साप्ताहिक आकांक्षा हाट की विस्तृत जानकारी दी। पूर्वमंत्री अजीत कुमार राजू यादव ने केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की सराहना की। कार्यक्रम को पूर्व एमएलसी परमेश्वर लाल सैनी ने भी सम्बोधित किया। जबकि जिला पंचायत अध्यक्ष डा. अनामिका यादव ने पीएम और सीएम के अंतिम व्यक्ति के उत्थान को मिल रहे सहयोग के लिए आकांक्षा हाट को महत्वपूर्ण कदम बताया। प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि आकांक्षाहाटा प्रणनमंत्री व मुख्यमंत्री की दूरगामी सोच का परिणाम है। आकांक्षाहाटा से स्वदेशी उत्पादों का क्रय कर दीदीयों का मनोल बढ़ाना चाहिये।

## एक नज़र इधर भी



सम्भल-हयात नगर थाने का भ्रमण के दौरान छात्राओं को जानकारी देते।

### छात्राओं ने थाने का भ्रमण कर जानी पुलिस की कार्यशैली

**सम्भल।** राष्ट्रीय कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं को थाना हयात नगर का भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान छात्राओं को थाना प्रभारी ने महिला हैल्क डेस्क, कम्प्यूटर कक्ष, हवालात, डाक कार्यालय, भोजनालय, आदि का भ्रमण कर जानकारी ली। जबकि थाने पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों की कायैशली की जानकारी ली। इसक अलावा शासन की गाइड लाइन के अनुसार दिए गए आपातकालीन मोबाइल नमबर, महिला हैल्पलाइन नम्बर और डायल 112 आदि के मारे में भी विस्तार से जानकारी ली।



बबराला- गंगाघाट राजघाट पर बढ़ते जल स्तर पर उफान लेती गंगा नदी।

### गंगा का फिर बढ़ा जल स्तर

**बबराला (शाह टाइम्स,संवाददाता)।** पहाड़ी क्षेत्र में बारिश के साथ मैदानी क्षेत्र में बारिश से गंगा नदी का जल स्तर पिुर बढ़ने लगा है। इससे गंगा किनारे बसे गांव के लोगों की धड़कनें तेज हो रही है। नरौरा व राजघाट गंगा का जल स्तर काफी चल रहा है। प्रशासन भी इस पर नजर बनाए हुए है। प्रतिदिन जल स्तर की रिपोर्ट से शासन को अवगत कराया जा रहा है।

गौर तलब है कि प्रत्येक वर्ष गुन्नौर तहसील क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक गांव बाढ़ का दंश झेलते है। बाढ़ के कारण उनकी फसलें भी बर्बाद हो जाती है। वर्ष 2010 की भयावह स्थिति को तो क्षेत्र कभी भुला ही नहीं सकता। इसमें काफी धन जन की हानि हुई थी,लेकिन अभी गनीमत है इस बार ऐंसी स्थित नहीं हैं। गंगा के जल स्तर के बढ़ने से तभी लोग चिंतित हो उठते हैं। जहां एक ओर बारिश होने से फसलों को लाभ ह मिलता है, वहीं दूसरी ओर गंगा किनारे बसे ग्रामीण अधिक वर्षा से बाढ़ के खतरे से परेशान हो उठते है राजघाट पर पुष्पेन्द्र शर्मा व सत्यम मिश्रा ने बताया कि गंगाघाट राजघाट का जल स्तर बढ़ गया है। श्रृद्वालुओं को गहरे पानी में स्नान न करने को कहा जा रहा है। कल की अपेषा आज जल स्तर अधिक है।




बबराला- गुन्नौर कोतवाली में भरा बारिश का पानी।

### बारिश से कोतवाली हुई पानी-पानी

**बबराला (शाह टाइम्स,संवाददाता)।** नगर गुन्नौर की कोतवाली बरसात होने से परिसर पानी-पानी हो गया। गेट पर पानी होने से अंदर आने-जाने में परेशानी का सामना फरियादियों व पुलिस कमियों को करना पड़ा। शुक्रवार को नगर क्षेत्र में हुई बारिश से गुन्नौर कोतवाली में जल भराव हो गया। जिसके चलते कोतवाली में आना-मुश्किल हो गया। गुन्नौर कोतवाली में बरसात होने पर जल भराव हो जाता है लेकिन इस समस्या का समाधान नहीं हो सका है। जल भराव के दौरान आवागमन बंद हो जाता है। जबकि पीड़ितों को अंद जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा नगर के कठ स्थानों पर भर बरसात में जल भराव की स्थिति का सामना करना पड़ा है। परन्तु नगर में जल भराव की समस्या को दूर करने के कोई प्रयास नहीं किये जाते हैं।

# समस्या के समाधान के लिए गांव में लगाई ग्राम चौपाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** गांव की समस्या का समाधान गांव में के तहत आयोजित ग्राम चौपाल में विभिन्न विभागों द्वारा कैम्प एवं शासन की योजनाओं के स्टाल लगाकर ग्रामीणों को जानकारी दी।

ग्राम नन्दपुर बीटा में जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में आयोजित ग्राम चौपाल में बेसिक शिक्षा व आईसीडीएस विभागों के अलावा अन्य विभागों ी और से शिवि व शासन की योजनाओं के स्टाल लगाये। समाज कल्याण विभाग के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर ग्रामीणों को पेंशन, मुमख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की विसतार पूर्वक जानकारी दी। उन्होने बताया कि शासन की ओर से पूर्व में लाभर्थी को 51 हज़ार ही धनराशि प्रदान की जाती थी,लेकिन अब इसे बढ़ाकर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत पात्र लाभार्िी को एक लाख रूपये की धनराशि दी जाती है। मुख्य विकास अधिकारी ने चौपाल में मौजूद लोगों से इस योजना का अधिक से अधिक लाभ लेने को प्रेरित किया। कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं पीएम सिकान सम्मान निणि व कृषि यंत्रीकरण व पीएम कुसुम योजना आदि की जानकारी दी गई। इस मौके पर ज्ञान सिंह, जिप अधिकारी उपेन्द्र कुमार पांडे, जिला समा कल्याण अधिकारी तिनेज कुमार, अपर जिला पंचायत राज अधिकारी सीपी सिांह आदि मौजूद रहे।

# खाद वितरण पर समीक्षा बैठक का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** खाद वितरण प्रणाली में किसानों को आ रही समस्याओं को लकर समीक्षा बैठक का आयोजन नारगंपुर में किया गया। एमसवाई इंटर कॉलेज में आयोजित बैठक में खाद वितरण और पारदर्शिता पर चचा की गई। जबकि सम्बंधित अधिकारियों सहित व्हाटसएप्प ग्रुप बनाया गया। बैठक में किसान और अधिकारियों के सामंजस्य से खाद वितरण प्रणाली में हो रही समस्या को दूर करने का प्रयास और उसके वितरण पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में किसानों के अलावा सहकारी संगठन चाटन, सहकारी संघ बहजोई, सहकारी संघ रसूलपुर धतरा और सहकारी संघ पाटकपुर व सहकारी संग से पीड़ित किसान मौजूद रहे। बैठक मे सत्येन्द्र यादव, पवन यादव, होराम सिंह, सत्यवीर यादव, राजकुमार यादव, रामवीर सिंह श्योराज सिंह रामौतार आदि मौजूद थे।

# शिव की आराधना से जीव को होता है विशेष फल प्राप्त

## ○श्रीशिव पुराण कथा में भक्तों को कराया कथा के महत्व का श्रवण

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** श्रीशिव पुराण कथा के दूसरे सौपान पर श्रावण मास में कथा के महत्व का श्रवण कराया। जबकि यजमानों ने बेदी पुजन रूद्राभिषेक किया।

मौहल्ला हल्लू सराय स्थित चामुंडा देवी मंदिर पर चल रही श्रीशिव पुराण कथा के दूसरे दिन कथा वाचक आचार्य आनंद दास महाराज ने श्रावण मास का महत्व बताते हुए कहा कि भगवान श्रीहरि ने भगवान शिव को श्रावस माह में ही मोक्ष का कार्यभार दिया था, तब से सावन माह में भगवान शिव की आराधना से जीव को विशेष फल प्राप्त होता है। कथा मध्य में शिवितलंग प्राकृटय की कथा, रूद्राभिषे का महत्व, पार्थिक शिवलिंग की पूजा के विशेष के बारे में बताते हुए हर-हर बम-बम के जयकारों से पूरा कथा पांडाल को शिवमय कर दिया। इस दौरान प्रतिदिन यजमानों द्वारा बेदी पूजन, रूद्राभिषेक भी किया गया। प्रत्येक भक्त भगवान शिव की सेवा में तन,मन, धन को अर्पण कर रहा हें कथा के द्वितीय दिवस के यजमान डा. पितिन दालभ रहे। प्रसाद वितरण की सेवा में अरूण सागर ने सहयोग किया। इसके अलावा महंत गुरली सिंह, मनोज कुमार गुप्ता, रामकिशन ठकराल, शिवम ठाकुर, राजू ठाकुर, अजय गुप्ता, शुभम गुप्ता, मुकेश शर्मा, अरविंद ठाकुर, प्रदीप शर्मा, विनोद पंवार, रजनीकांता चौहान, योगिता गुप्ता, प्रमिला गुप्ता, राधा, कांति आदि का विशेष सहयोग रहा।



सम्भल- हल्लू सराय में श्रीशिव पुराण कथा में कथा का श्रवण करते श्रद्धालु।

# समाज को अपने हिसाब से ढालना चाहिए

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** कल्किधाम ग्राम एचौड़ा कम्बोह में मासिक सत्संग का आयोजन किया गया।

प्रत्येक माह के प्रथम दिवस पर होने वाले सत्संग में कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि इस पुण्य भूमि पर लगातार दशकों से संतों और भक्तों का समागम हो रहा हैं उन्हीोने कहा कि इस संसार में व्यक्ति का सम्पूर्ण जीवल सम्बंध अनुबंध अपने पराए की व्याख्या एवं विवेचना में ही बीत रहा है। प्रत्येक व्यक्ति अपने सभी स्वजनों को अपने हिसाब से ढालना चाहता है। यहां तक कि परमपिता से भी व्यक्ति का जीवन बीत जाता है। यदि व्यक्ति की इच्छानुसार सब घटित होता है तो वह खुशी का अनुभव करता है और यदि इच्छा के विपरीत होता है तो व्यक्ति दुखी हो जाता है। इसी चक्र में जीवन व्यतीत हो जाता है। उन्होने कहा कि यदि हम इसमें ाोड़ा सा परिवर्तन ले आये और परिस्थितियों को ईश्वरीय आदेश मानकर हदय से स्वीकार कर लें तो हमारी सोच ही बदल जायेगी ओर हमें हरपल सुख का ही अनुभव होगा। इस मौके पर महामंडलेश्वर हरमनोजदास, स्वामी सत्यानंद, आचार्य दुष्यंत शास्त्री आदि मौजूद रहे।



# अवैध क्लिनिक व लैबों का धड़ल्ले से संचालन

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** तहसील क्षेत्र में झोलाछाप चिकित्सक व अवेध पैथैलॉजी लैबों का साम्राज्य दिन ब दिन बढ़ता जा रहा है।

क्षेत्र के दतावली, नसीरपुर, आढ़ौल, फतेहपुर उत्तमा सहित दर्लनों स्थानों पर बिना किसी मेंडिकल डिग्री और लाईसेंस के झोलाछाप चिकित्सक खुलेआम क्लनिक चला रहे हैं जबकि स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह आंख मूंदे हुए है। इन फर्जी चिकित्सकों द्वारा रोगियों का गलत इलाज कर गम्भीर स्थिति में पहुंख देने के कई मामले सामने आ चुके हैं न तो इनके पास कोई डिगी है और न ही इलाज का कोई अधिकार। इसके बावजूद ये क्लिनिक चला चला रहे हैं। कई साीनों पर तो झोलाछाप चिकित्सक छोटे अस्पताल जैसी व्यवस्था कर रखी है। जिसमें मरीजों को भर्ती करने की भी सुविधा दी जाती है। इसी के साि अवैध रूप से चल रही पैथेलौजी लैब का मकड़जाल भी क्षेत्र में फैला हुआ है। बिना प्रशिक्षण टेक्नीशियन यह लैब संचालित कर शुगर, यूरिन, ब्लड की कई तरह की जांचे कर ऊल जलूल रिपोर्ट देकर रोगियों के जीवन से खिलवाड़ कर रउनकी मजबूरी का फादा उठाकर मोटी रकम लेते है। स्वास्थ्य विभाग की अनदेखी से क्षेत्र में चिकित्सीय सुविधा के नाम पर फ्जींवाड़ा दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। बताया जा रहा है कि ग्रामीणों ने कई बार इनकी शिकायते अधिकारियों से ीक लेकिन अब तक न तो काई छापमारी की गयी और न ही झोलाछाप के विरूद्ध कोई कार्रवई। बस खानापूर्ति कर अस्पताल सील तो हाते हैं परन्तु कुछ दिन में ही धड़ल्ले से दोबारा संचालित कर लिए जाते है। आखिर किसका आशीवाद है जो झोलाछापा चिकित्सकों पर कड़ी कार्यवाही नहीं की जाती है। जबकि झोलाछाप आये दिन किसी न किसी मरीज के जीवन से खिलवाड़ करने के मामले सामने आते रहते है। लोगों को डर है कि किसी दिन झोलाछाप कोई बड़ी अनहोनी का कारण न बन जायें। लोगों की मां है कि जल्द से जल्द इन झोलाछापों पर शिकंजा कसा जाये और इन पर कार्रवाई को बड़े पैमाने पर अभियान चलाकर इन पर शिकंजा कसा जाये।

## ○गांव-गांव संचालित हैं पैथेलोजी लैब और अस्पताल

# विधायक ने जनता दरबार में समस्याएं सुनकर दिलाया समाधान का भरोसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कमाल अख्तर ने काँठ कार्यालय पर क्षेत्र के लोगो की समस्याओं को सुना और उनके समाधान हेतु तत्परता से आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। दूर-दराज से आए लोगों ने बिजली, पानी, सड़क, राशन, आवास, पेंशन, चिकित्सा, शिक्षा और राजस्व से जुड़ी समस्याएँ विधायक के समक्ष रखीं। उन्होंने प्रत्येक फरियादी की बात को धैर्यपूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों से फोन पर बात कर या लिखित निर्देश देकर त्वरित कार्यवाही का भरोसा दिलाया।



उन्होंने कहा कि जनसेवा ही उनके जीवन का मुख्य उद्देश्य है और समा. जवादी पार्टी की यही विचारधारा है कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं और सुविधाओं का लाभ पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों से अपील की कि जनसमस्याओं का निस्तारण समयबद्ध और पारदर्शी ढंग से किया जाए ताकि जनता का भरोसा शासन-प्रशासन पर बना रहे। बताया कि क्षेत्र की हर छोटी-बड़ी समस्या पर वह स्वयं नजर बनाए हुए हैं और यदि कहीं लापरवाही या उपेक्षा पाई जाती है, तो कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाएगी। इस मौके पर गणमान्य नागरिक, साजिद प्रधान, डॉ जुबैर, राशिद सैफी, भूरे खघन, उम्मेद चौधरी, डॉ दानिश, याकूब प्रधान, अंजार, उस्मान मेंबर, तनवीर अंसारी, जय देव प्रजापति श्याम सिंह जाटव आबिद हुसैन एवं समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, युवा साथी एवं स्थानीय ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## अब हो सकती है ग्राम पंचायत सहायकों की भर्ती

**कांठ।** जिले के ग्राम सचिवालयों में प्रशासनिक कार्यों को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए पंचायत सहायकों की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) आलोक शर्मा ने जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में पंचायत सहायक पदों पर नियुक्ति के लिए आदेश जारी किए हैं। इस प्रक्रिया के तहत फिलहाल 21 पदों पर भर्ती की जाएगी।डीपीआरओ ने सभी एडीओ पंचायतों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने विकासखंडों की ग्राम पंचायतों में रिक्त पदों की स्थिति का ब्योरा शीघ्र जिला कार्यालय को भेजें। इससे नियुक्ति प्रक्रिया को समयबद्ध ढंग से आगे बढ़ाया जा सकेगा। पंचायत सहायक की नियुक्ति ग्राम पंचायतों में योजनाओं के संच. ालन, दस्तावेज तैयार करने और ग्रामीणों को जानकारी देने जैसे कार्यों के लिए की जाती है। नियुक्ति प्रक्रिया में स्थानीय बेरोजगार युवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। समिति द्वारा मेरिट और स्थानीयता के आधार पर उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा।

## एक नजर

### मृतक के परिवार से मिला सपा प्रतिनिधिमंडल



**मुरादाबाद।** मंडी समिति परिसर मे बुलडोजर कार्यवाही से आहत आढ़ती चेतन सैनी के आत्महत्या से मुरादाबाद मे महौल गमगीन है एवं आम जनता में बुलडोजर नीति से गहरा रोष उत्पन्न हो रहा है। आज जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव के नेतृत्व मे एक प्रतिनिधि मंडल मृतक चेतन सैनी के परिजनों से मिला उनके साथ समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव फिरासत हुसैन गामा व जिला पदाधिकारियों ने मृतक चेतन सैनी के परिजनों से मिलकर संवे. दना प्रकट की एवं बुलडोजर कार्यवाही की निंदा की उन्होंने कहा जहाँ- जहाँ ये बुलडोजर चला वहाँ- वहाँ घर उजड़े हैं इस बुलडोजर ने लोगों को जिन्दा मार दिया है। मृतक चेतन सैनी जैसे कितने लोगों की रोजी रोटी छीनी है घरों को उजाड़ दिया है कितने परिवार बेबस और रोजी रोटी से परेशान हों जाते हैं। इस बुलडोजर कार्यवाही को सदन मे उठाया जायेगा और परिवार को पूरी मदद कराई जायेगी हम सब आपके साथ हैं। प्रतिनिधि मंडल मे जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव प्रदेश सचिव फिरासत हुसैन गामा, वेदप्रकाश सैनी, नरेश शर्मा,प्रेमबाबू बाल्मीकि, सरदार सिंह पाल, प्रदीप यादव,सुरेंद्र शर्मा, योगेन्द्र यादव,बाल किशन शर्मा, नकुल शर्मा, धर्मेंद्र यादव अकील चौधरी, सोमवीर चौधरी, रोहित चौधरी अशोक सैनी आदि थे।

### ग्राम गुरसरी में दो महीने से नहीं हो रही सफाई



**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़।** विकासखंड बनियाखेड़ा की ग्राम पंचायत गुरसरी में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में तैनात सफाईकर्मी पिछले दो महीने से गांव में नहीं आ रहा है, जिससे गांव की गलियां और नालियां कचरे व गंदगी से पटी पड़ी हैं। गांव में सफाई न होने के कारण संक्रामक रोगों के फैलने की आशंका बढ़ गई है। गंदगी के कारण बदबू और मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है, जिससे ग्रामीणों का जीवन प्रभावित हो रहा है। एक ओर सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता और संचारी रोगों की रोकथाम के लिए अभियान चला रही है, वहीं ग्राम गुरसरी में जमीनी हालात इसके उलट नजर आ रहे हैं। गांव के निवासी योगेंद्र सिरोही, हर्षित सिरोही, अभिषेक चौधरी, रामकिशोर, जितेंद्र सिंह, भूदेव आदि ग्रामीणों ने बताया कि कई बार शिकायत के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने मांग की है कि लापरवाह सफाईकर्मी के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाए और गांव में नियमित सफाई के लिए किसी अन्य सफाईकर्मी की नियुक्ति की जाए, ताकि गंदगी से निजात मिल सके।

### महिला शक्ति ग्रुप ने किया संगीतमय शिव विवाह का आयोजन



**चन्दौसी।** नगर के सीतारोड स्थित मूछों वाले शिव मंदिर प्रांगण में महिला शक्ति ग्रुप ने शुक्रवार को धार्मिक उल्लास और श्रद्धा के साथ संगीतमय शिव विवाह का आयोजन किया। महिलाओं ने भजन-कीर्तन और मंगल गीत गाए। भगवान शिव और माता पार्वती के पावन विवाह का मंचन एवं पूजन विधि-विधान से सम्पन्न किया जाता है। कार्यक्रम में भक्तों ने पूजा-अर्चना कर भगवान शिव से सुख-समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना की। इस दौरान बीना वार्ष्णेय, गीता वार्ष्णेय, डोली शर्मा, रंजना, डोली गुप्ता, मीना, दुर्गेश्वरी, महिमा वार्ष्णेय, प्रीति, गुंजन, गीता शर्मा, मोनिका आदि उपस्थित रहे।

# एआईसीटीई के संग टीएमयू में यूनिवर्सल ह्यूमन वैल्यूज पर एफडीपी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद- एआईसीटीई के सहयोग से यूनिवर्सल ह्यूमन वैल्यूज पर आयोजित एफडीपी- फैकल्टी डवलपमेंट प्रोग्राम में सारगर्भित और विचारोत्तेजक संवाद के जरिए फैकल्टीज को आत्ममंथन के लिए बार-बार डुबकी लगवाई, ताकि वे स्वंय, परिवार, समाज और प्रकृति के साथ समांजस्य स्थापित करने की समझ विकसित कर सकें। एआईसीटीई की ओर से डॉ. पारुल वर्मा और डॉ. पवनेन्द्र कुमार बतौर रिसोर्स पर्सन, जबकि डॉ. अरुण कुमार पाण्डेय बतौर पर्यवेक्षक आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही। तीन दिनी इस एफडीपी के 12 सत्रों के जरिए शिक्षकों को मूल्य आधारित शिक्षा के दर्शन, सिद्धांतों और व्यावहारिक अनुप्रयोगों से अवगत कराया गया, ताकि वे न केवल विषय विशेषज्ञ बनें, बल्कि स्टुडेंट्स के समग्र विकास में मार्गदर्शक की भूमिका निभा सकें। एफडीपी के समापन मौके पर टीएमयू के वीसी प्रो. वीके जैन के संग-संग यूनिवर्सिटी की डीन एकेडमिक्स एवम् एफडीपी की चेयरपर्सन प्रो. मंजुला जैन, एफडीपी की कन्वीनर डॉ. नेहा आनन्द, को-कन्वीनर डॉ. वरुण कुमार सिंह की भी उल्लेखनीय मौजूदगी रही। एफडीपी के दौरान सवाल-जवाब का भी दौर चला। इसके अलावा प्रतिभागियों को तीन ग्रुपों में बांटकर मानवीय मूल्यों को लेकर परस्पर विस्तार से चर्चा करने का मौका दिया गया। एफडीपी में मानव आकांक्षाओं, समग्र विकास, सुख और समृद्धि की अवधारणाओं के संग-संग स्व और शरीर, परिवार, समाज और प्रकृति के मध्य सामंजस्य की समझ पर सत्र केंद्रित रहे। परिवार में सामंजस्य, सम्मान का सही मूल्यांकन, रिश्तों की अन्य भावनाएं जैसे



स्नेह, देखभाल, मार्गदर्शन, श्रद्धा, महिमा, कृतज्ञता और प्रेम पर भी विस्तृत से चर्चा की गई। एआईसीटीई के एक्सपर्ट्स का स्पष्ट नजरिया रहा कि इन सभी भावनाओं की पहचान, पूर्ति और मूल्यांकन से न्याय की स्थिति उत्पन्न होती है, जिससे आपसी संतोष और पारस्परिक खुशी संभव है। इनमें नौ भावनाओं- विश्वास, सम्मान, स्नेह, ममता, वात्सल्य, श्रद्धा, गौरव, कृतज्ञता और प्रेम को प्रस्तुत किया गया। सभी सत्रों में वक्ताओं ने संवादात्मक, सहभागी और आत्मनिष्ठ पद्धति के माध्यम से शिक्षकों को प्रेरित किया। उल्लेखनीय है, यह एफडीपी केवल एक प्रशिक्षण नहीं, बल्कि एक आंतरिक परिवर्तन की यात्रा रही। प्रतिभागियों ने अनुभव किया कि मूल्य आधारित शिक्षा से न केवल स्टुडेंट्स में सकारात्मक परिवर्तन आता है, बल्कि समाज भी अधिक सहिष्णु, समावेशी और मानवतावादी बन सकता है। एफडीपी में नर्सिंग कॉलेज की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी, डॉ. जेसलीन एम., डॉ. अमित कंसल, प्रो. रामनिवास, डॉ. संदीप वर्मा आदि के संग मुरादाबाद के सेंट मीरा एकेडमी, रामपुर के इम्पैक्ट कॉलेज, बिलासपुर के एपेक्स इंजी. नियरिंग कॉलेज के टीचर्स भी मौजूद रहे।

# यूरिया के लिए लंबी कतारों में किसान

**चन्दौसी।** खरीफ की फसल के लिए जरूरी यूरिया पाने को किसान सुबह से ही सेवा केंद्रों पर लंबी कतारों में लग रहे हैं, लेकिन घंटों इंतजार के बाद भी उन्हें खाद नहीं मिल पा रही है। किसानों को इस स्थिति से भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सेवा केंद्रों के इंचार्ज का कहना है कि किसान आवश्यकता से अधिक यूरिया खरीद रहे हैं, जिससे दूसरे किसानों को खाद नहीं मिल रही। इस वजह से प्रशासन ने नई व्यवस्था लागू की है जिसके तहत अब किसानों को खसरा-खतौनी दिखाने के बाद ही यूरिया दी जा रही है, ताकि सभी को उनकी आवश्यकता के अनुसार खाद मिल सके। दूसरी ओर, किसानों का कहना है कि खरीफ की फसल के इस अहम समय में खाद की किल्लत ने संकट खड़ा कर दिया है। सुबह से लाइन में लगने के बावजूद उन्हें यूरिया नहीं मिल रहा, जिससे खेतों की बुवाई और फसल की देखरेख प्रभावित हो रही है। कई किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि आसपास के जिलों के कुछ लोग चन्दौसी और सम्भल क्षेत्र से यूरिया ले जा रहे हैं, जिससे स्थानीय किसानों को खाद नहीं मिल पा रही। किसानों ने प्रशासन से खाद की समुि. चत व्यवस्था करने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो पहले जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा और फिर आंदोलन किया जाएगा।

# इनरव्हील क्लब चन्दौसी सिटी स्टार ने किया इंस्टॉलेशन व तीज महोत्सव का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** सीता रोड स्थित इनरव्हील क्लब चन्दौसी सिटी स्टार के तत्वावधान में इंस्टॉलेशन समारोह एवं तीज महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्लब की सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह की शुरुआत भगवान गणेश की वंदना से हुई, जिसके बाद निर्वाचित अध्यक्ष शालिनी अग्रवाल के द्वारा अपनी टीम जिसमें सचिव चारु अग्रवाल ट्रेजर उपमा बंसल, श्वेता बंसल एवं एडिटर पारिषा अग्रवाल का पिन लगाकर अधिस्तापन किया गया। तत्पश्चात् होस्ट टीम द्वारा स्वागत गीत पर नृत्य कर मनमोि. हत कर लिया। कार्यक्रम में आई मेकअप व साड़ी ड्रेपिंग कंपटीशन किया गया। इसके अतिरिक्त तीज पर आधारित हाउसी एवं विभिन्न प्रकार के खेलों का भी आयोजन किया गया गया और कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस दौरान रुचि अग्रवाल, स्वाति अग्रवाल, वंदना, मनीला, भावना, सारिका, श्वेता, नीतू, गीतू, रितु, सोनिया, रुपाली, गुंजन, पायल आदि मौजूद रहीं।



## जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए 13 अगस्त तक करें आवेदन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जवाहर नवोदय विद्यालय प्रधानाचार्य डा0 संतोष कुमार गौड़ ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय में वर्ष 2026-2027 के लिए कक्षा 06 हेतु प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन करने की अन्तिम तिथि 29 जुलाई 2025 से बढ़ाकर 13 अगस्त 2025 कर दी गयी है। उन्होंने बताया कि आवेदक की आयु 01 मई 2014 से 31 जुलाई 2016 तक होनी चाहिए।

योग्यता के अंतर्गत जनपद मुरादाबाद के सरकारी/मान्यता प्राप्त स्कूल में इस वर्ष कक्षा 05 में अध्ययनरत छात्र/छात्राएं ही आवेदन के लिए पात्र होंगे। अभ्यर्थी वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा की तिथि 13 दिसम्बर 2025 निर्धारित है।

# शिक्षक एवं कर्मचारियों ने निकाला पुरानी पेंशन को लेकर आक्रोश मार्च

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** केन्द्र सरकार द्वारा यूपीएस (यूनिफाइड पेंशन स्कीम)/ एनपीएस एवं निजीकरण को लेकर शिक्षक व समस्त विभाग के कर्मचारियों ने अम्बेडकर पार्क से लेकर जिला अधिकारी कार्यालय तक आक्रोश मार्च निकालकर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित ज्ञापन सौपा। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष सन्दीप बडोला ने बताया कि 1 जनवरी 2004 को केंद्र सरकार द्वारा पुरानी पेंशन व्यवस्था को समाप्त कर शेयर बाजार पर आधारित नई पेंशन व्यवस्था को लागू कर देश के शिक्षकों एवं कर्मचारियों की भविष्य की सुरक्षा पूंजीपतियों के हवाले किया गया जो पूर्णतः असंवैधानिक है।नई पेंशन व्यवस्था के अंतर्गत सेवानिवृत होने वाले शिक्षक कर्मचारी आज आर्थिक समस्याओं से जूझ रहे हैं।यूपीएस नई पेशन स्कीम से भी खराब है दोनों स्वीकार नहीं है।

अटेवा जिला महामंत्री हेमन्त चौधरी ने बताया पुरानी पेंशन कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा है बुढ़ापे का सहारा है सरकार ने इसे छीन लिया है कर्मचारी पुरानी पेंशन की माँग कर रहे सरकार पुरानी पेंशन न देकर यूपीएस लेकर आयी है जिसे लेकर कर्मचारियों में रोष उत्पन्न है पुरानी पेंशन के अलावा कुछ स्वीकार करने के मूड में नहीं है। अटेवा के जिला अध्यक्ष सैय्यद अफजल ने कहा कर्मचारी शिक्षकों को पुरानी पेंशन की व्यवस्था को बहाल किया जाए उन्होंने कहा नई पेंशन स्कीम /यूपीएस कर्मचारियों



के लिए छलावा है 30 से 40 वर्ष की सेवा करने के पश्चात कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति पर मात्र दो 2000 की पेंशन मिल रही है। जिससे सेवानिवृत्ति के पश्चात कर्मचारियों का जीवन अंधकारमय हो रहा है।प्रदर्शन में मुख्य रूप से वृंदावन दोहरे, अशोक शर्मा,निश्चल भटनागर, मनोज तिवारी, राजीव पल, पंचायती राज कर्मचारी संघ अध्यक्ष राजपाल सिंह, मुकेश बाल्मीकि, राजकीय नर्सेज संघ की अध्यक्ष पूनम मैसी जिला मंत्री प्रतिमा शर्मा, चंद्रशेखर शर्मा,नासिर हुसैन, रितेश चौधरी, शशांक शाही, अमित अम्बेडकर, अंकित सक्सेना, पाकेश गुप्ता, सुशील, पुष्पा, अर्चना, मीनाक्षी, सीमा भारती,योगेश राजपूत, शिवप्रसाद रतूड़ी, राजेश पाठक, सुशील, हरीश चौहान,जगत सिंह, शेखर, अमित चौहान, हेमन्त, उमा, महेश, योगेश तिवारी,आदि उपस्थित रहे।

# मंडलायुक्त की अध्यक्षता में आईएफटीएम व टीएमयू के कृषि वैज्ञानिक/प्रोफेसरों के साथ बैठक संपन्न

■ मंडल में कृषकों की आय बढ़ाने के लिए संभावनाओं को लेकर बैठक में हुई चर्चा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कृषि पुस्तिका तैयार किये जाने हेतु मंडल के टीएमयू एवं आईएफटीएम विश्वविद्यालयों के कृषि वैज्ञानिक एवं प्रोफेसरों के साथ संवाद स्थापित कर विचार विमर्श किया गया, जिसमें कृषकों द्वारा उगाई गई फसल कटाई के उपरान्त शुरूआती मूल्य व ऑफ सीजन में मिलने वाले फसल मूल्य के बीच आने वाले अन्तर पर गहन चर्चा की गई। मंडलायुक्त ने कहा कि ऑफ सीजन में भण्डारण उपरान्त मिलने वाले फसल मूल्य का लाभ भण्डारण में आने वाली लागत से अधिक है या नहीं, इस विषय पर अध्ययन किया जाए। बड़े व छोटे भण्डार गृहों का तुलनात्मक अध्ययन, कोल्ड स्टोरेज व वेयरहाउस में से कौन सा कृषकों के लिए अधिक लाभप्रद होगा तथा क्या ऐसे साइलो लगाए सकते है जो कॉस्ट इफेक्टिव हो, इन सभी पहलुओं पर अध्ययन करने को लेकर चर्चा की गई। फसल बुवाई / रोपाई के उपरान्त कृषकों द्वारा उस खाली समय अंत. राल को अपनी आय में वृद्धि हेतु उपयोग में लाने की संभावनाएं भी तलाशी जाएंगी। पारम्परिक कृषि एवं ऑप्टी माइजेशन कृषि के लाभ के बारे में भी बैठक में विस्तृत चर्चा की गई। मुरादाबाद मंडल में कृषि भूमि सिकुड़ रही है, जिस पर मंडलायुक्त ने चिंता व्यक्त की तथा जनसंख्या में निरन्तर वृद्धि के दृष्टिगत भविष्य की रणनीति और कृषकों के लिए कॉन्ट्रेक्ट फार्मिंग के लाभ और हानि के संबंध में भी चर्चा की गई। बैठक में कृषि में रोजगार एवं व्यवसाय की संभावनाओं को तलाशने पर जोर दिया गया।

मंडलायुक्त ने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 1 ट्रिलियन डॉलर पहुंचाने के लिए कृषि के क्षेत्र को एक व्यवसाय के रूप में परिवर्तित करने की आवश्यकता है। इसके लिए अन्य राज्यों में सफल कृषि तकनीकों का अध्ययन कर मुरादाबाद मण्डल में उसे लागू करने की संभावनाएं तलाशी जाएं, इससे किसानों को फसलों में खर्च की




लागत कम होगी साथ ही फसल उत्पादन में बढ़ोत्तरी होने की संभावनाएं भी अधिक होगी।

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू०डि०) महोदय मुरादाबाद।**
**तारीख पेशी:** 08.08.2025
**उत्तरा० वाद सं०:**160 सन् 2025
सुशील कुमार गोयल **बनाम** राजीव गोयल
श्री सुशील कुमार गोयल आयु लगभग 68 वर्ष पुत्र स्व. नरेन्द्र कुमार गोयल नि.सी-96 गांधीनगर, तह. व जिला मुरादाबाद।
**बनाम**
1. श्री संजीव गोयल आयु लगभग 61 वर्ष पुत्र स्व. नरेन्द्र कुमार गोयल पुत्र स्व. नरेन्द्र कुमार गोयल निवासी मकान नं. 221-18 दस सराय एचपी पेट्रोल पम्प के सामने, सीतापुरी मुरादाबाद आदि, 2. **जनता आम,** मुरादाबाद। इश्तहार मजरिया अदालत सिविल जज (जू.डि.) मुकाम मुरादाबाद दरख्वास्त मुसम्मा श्री सुशील कुमार गोयल हुसूल सार्टीफिकेट बसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतनी मुसम्मा श्री सुशील कुमार गोयल मुसबफा मोहिनी गोयल अपने मजिब एक्ट 7 सन् 1887 ई. बकत रू.1,34,513.62/- हरगाह मुसम्मा श्री सुशील कुमार गोयल ने दरख्वास्त हूसूल सार्टीफिकेट गुजरानी हैं और तारीख 08 मास 08 सन् 2025 ई. बास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई हैं कि लिहाजा और इश्तहार जारी किया हैं कि जिस किसी को निस्तबत दरख्वास्त उत्तराधिकार के उज्र हो या असालत या बकालतन बक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (जू.डि.) मुकाम मुरादाबाद में तारीख मुकर्रह हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें। दर सूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उन किसी का सुना न और हुक्म मुनासिब निस्बत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।
**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज**
**(जू०डि०), मुरादाबाद।**

**हेतु संर्दिशत करने की सूचना**
**(साधारण प्रारूप)**
**न्यायालय** श्रीमान परिवार न्यायाधीश महोदय, जनपद-मुरादाबाद।
**वाद संख्या:** 199 सन् 2025
**धारा:** 144 BNSS
**तारीख पेशी:** 18.09.2025
**श्रीमती विशाखा उर्फ लक्ष्मी बनाम लक्की सिंह।**
श्रीमती विशाखा उर्फ लक्ष्मी पुत्री जय प्रकाश पत्नी लक्की सिंह निवासी ग्राम रानी नागल पोस्ट आलियाबाद थाना ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद-**वादनी।**
**बनाम**
लक्की सिंह पुत्र विक्रम सिंह निवासी ग्राम रानी नागल पोस्ट आलियाबाद थाना ठाकुरद्वारा, जिला मुरादाबाद। चूंकि उपरिनामांकित वादनी के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि **धारा:** 144 BNSS अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2025 के 09 के दिवस 18 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपए अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवे. दन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के माह 08 के दिवस 01 को निकाली गयी है।
**वि० वाद लिपिक**
**परिवार न्यायालय**
**जनपद-मुरादाबाद।**

# घर में घुसकर युवक का जबरन अपहरण, मारपीट का वीडियो वायरल

**ठाकुरद्वारा।** नगर के मोहल्ला धोबीयान में बीती रात दबंगई की हदें पार कर दी गईं। एक युवक को उसके ही घर से जबरन उठाकर ले जाया गया और बुरी तरह से पीटते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। घटना के बाद पीड़ित के परिजनों ने कोतवाली पहुंचकर सात लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी,। पुलिस ने तहरीर और सोशल मीडिया वायरल वीडियो के आधार पर सात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नगर के मोहल्ला धोबीयान निवासी अरमान पुत्र मेहंदी ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि कुछ समय पूर्व उसके भाई फरमान ने फिरोज पुत्र शरीफ निवासी वार्ड-9 से टाइल्स खरीदी थीं, जिसका पूरा भुगतान कर दिया गया था। बावजूद इसके फिरोज अपने भाइयों के साथ मिलकर उन्हें अनावश्यक रूप से परेशान करता था। 31 जुलाई 2025 की रात लगभग 10 बजे फिरोज ने टाइल्स के अवैध बकाया की बात को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दी और धमकाने लगा। रात करीब 11.30 बजे अरमान के घर पर चार लोग जबरन घुस आए और उसे तथा उसके भाई को जबरन उठाकर अपने साथ ले गए। मोहल्ले से कुछ दूर एक सुनसान स्थान पर ले जाकर लाठी-डंडों और तमंचे की बट से जमकर मारपीट की। अरमान के अनुसार, आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से हमला किया और कहा कि अगर किसी को कुछ बताया तो जान से मार देंगे। आरोपियों में फिरोज के अलावा जिशान पुत्र शरीफ, अनीस, उस्मान, जाकिर सिद्दीकी, फैजान खान तथा एक अन्य अज्ञात युवक शामिल थे।पुलिस ने अरमान की तहरीर पर सातों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

# निषाद पार्टी ने सपा विधायक को सौंपा ज्ञापन



**ठाकुरद्वारा।** निषाद पार्टी ने मछुआ समुदाय की उपजा. तियों को संविधान में स्पष्ट परिभाषित कर उन्हें अनुसूचित जाति का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर अपने आंदोलन को तेज कर दिया है। इसी क्रम में पार्टी के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सपा विधायक नवाब जान खां को एक चार सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। शुक्रवार को निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सपा विधायक नवाब जान खा के आवास पर पहुंचकर चार सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन कहा कि मझवार, तुरैहा, बेलदार, गोंड उपजातियाँ, जो पहले से ही 1950 की राष्ट्रपति अधिसूचना (10 अगस्त 1950) और 1961 की जनगणना मैन्युअल में अनुसूचित जातियों के रूप में सूचीबद्ध हैं, उन्हें उत्तर प्रदेश में दोबारा उनका संवैधानिक दर्जा दिया जाए। बताया कि पार्टी ने कहा कि उत्तराखंड सरकार ने वर्ष 2013 में शासनादेश जारी कर इन जातियों को एससी श्रेणी में शामिल कर समाज को न्याय दिया, जबकि उत्तर प्रदेश में अब तक इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इन जातियों को ओबीसी प्रमाणपत्र जारी करने की प्रक्रिया तत्काल रोकी जाए, ताकि उनके हक का हनन न हो। विधानसभा में विशेष प्रस्ताव पारित कर मझवार व तुरैहा को अनुसूचित जाति की परिभाषा में स्पष्ट रूप से सम्मिलित किया जाए। निषाद पार्टी ने कहा कि यह सिर्फ जातीय पहचान का सवाल नहीं, बल्कि शिक्षा, नौकरी, और सामाजिक न्याय से जुडा संवैधानिक अधिकार है। पार्टी ने चेतावनी दी कि यदि माँगों पर शीघ्र पूरा नही किया गया, तो प्रदेशव्यापी आंदोलन छेडा जाएगा। इस दौरान नरेश कुमार कश्यप बलराम सिंह,बबलू सिंह भूपाल कि योगेश कुमार अशोक कुमार निषाद, हरिओम निषाद, बबलू निषाद, सुरज, भोला कुमार, अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।

# पीड़ित ने दबंगों पर कार्रवाई करने को कप्तान से लगाई गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोजपुर।** गांव बहेड़ी ब्रहमान के ग्रामीण विकास कौशिक ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल को शिकायती पत्र देकर प्रधान पति पंकज भारद्वाज एवं उसके साथियों पवन,मुसर्रत एवं दो अज्ञात लोगों पर बुधवार को रास्ते में घेरकर धारदार हथियारों से हमला व मारपीट करने एवं जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाए हैं।

पीड़ित का कहना है कि प्रधान अल्पना शर्मा के खिलाफ पद का दुरपयोग और सरकारी धन हड़पने के आरोप में शिकायत की थी। गुरुवार को शिकायत की जांच होनी थी।घ इसलिए आरोपियों ने बुधवार की शाम को सुनियोजित ढंग से हमला कर दिया।

शिकायत वापस लेने से मना करने पर जान से मारने की धमकी दी। विवाद का कारण चुनावी रंजिश बताया जा रहा है।

# जन चौपाल कर ग्रामीणों को किया गया जागरूक




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगतपुर।** विकास खण्ड भगतपुर टांडा की ग्राम पंचायत उधोपुरा में शुक्रवार को जन चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम प्रधान लल्लू सिंह व पंचायत सचिव नितिन कुमार ने ग्राम वासियों की शिकायतो को सुना।तथा मौके पर ही सभी शिकायतो का निस्तारण किया गया।साथ ही ग्राम वासियों को पंचायत सचिव नितिन कुमार ने सरकार द्वारा चलाई जा रहीं विभिन्न जनकल्याण कारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में ग्राम प्रधान लल्लू सिंह व ग्राम पंचायत सचिव नितिन कुमार, सत्यम गौड़ पंचायत सहायक, रोजगार सेवक राजकुमार के साथ ग्रामीण मौजूद रहे।

# मॉडल पीएम आवासों का खण्ड विकास अधिकारी ने किया निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** खंड विकास अधिकारी उमाकांत मुदगल ने शुक्रवार को ब्लाक परिसर में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बनाए गए मॉडल आवास सहित एनआरएलएम कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एनआरएलएम कार्यालय पर गंदी होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए साफ सफाई के निर्देश दिए। बतादें कि नवांगत खंड विकास अधिकारी ने ब्लाक परिसर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ब्लाक परिसर में नवनिर्मित प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बनाए मॉडल आवास का निरीक्षण किया। इसके बाद ही ब्लाक परिसर में तबने जर्जर भवन एनआरएलएम कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान एनआरएलएम कार्यालय के निकट गंदी देखकर नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल साफ सफाई के मिशन प्रबंधक उमेश यादव और ज्ञानेंद्र शुक्ला को निर्देश दिए। इसके बाद ब्लाक कार्यालय में दस्तावेजों के रखरखाव का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मेंहदी हसन अंसारी उर्दू अनुमादक , अनील कुमार वरिष्ठ, अतीक अहमद लेखाकार, देवराज सिंह, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी , ब्लाक मिशन प्रबंधक उमेश यादव, ज्ञानेंद्र शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# कथा में सुनाए गए कुंती, सती चरित्र और बाराह अवतार के प्रसंग




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** नगर के सीतारोड स्थित गीता सत्संग भवन में चल रही श्रीमद्भागवत कथा दूसरे दिन श्रीधाम वृन्दावन से पधारे कथाव्यास प्रशान्त कुमार मिश्र ने कुन्ती स्तुति, भीष्म स्तुति, शुकागमन, वाराह चरित्र, कपिलोपाख्यान तथा सती चरित्र की कथा सुनाई। कुंती स्तुति में व्यासजी ने बताया कि भगवान अंकिंचनो के प्रिय है। इसलिए कुंती ने अपने जीवन में विपत्ति का ही वरदान मांगा, जिससे वह प्रतिक्षण भगवान का ही स्मरण करें। भीष्म स्तुति में व्यासजी ने परम स्वतंत्र भगवान की भक्तों के समक्ष पराधीनता को बताया कि जो अपने प्रिय भक्त भीष्म के प्राणोत्सर्ग के समय स्वयं ही उपस्थित हो गए तथा जब तक उनके प्राण नहीं निकले तब तक उनकी आज्ञा का पालन करते हुए उनकी प्रतीक्षा करते रहे। परीक्षित के शाप की घटना का उल्लेख करते हुए व्यास जी ने बताया कि यह घटना श्रीकृष्ण की ही प्रेमा से घटी क्योंकि वह अपने प्रिय भक्त परीक्षित के माध्यम से अत्यंत गोपनीय श्रीमद्भागवत महापुराण का प्रकाशन कराना चाहते थे। वाराह चरित्र में व्यासजी ने बताया कि संध्या के समय कामलोलुपता के कारण कश्यप की पत्नी के गर्भ से दो आतंकवादी पैदा हुए, इसलिए कभी भी काल का अतिक्रमण नहीं करना चाहिए। कपिलोपाख्यान का वर्णन करते हुए व्यासजी ने बताया कि मनुष्य के बंधन एवं मुक्ति का कारण मन ही है, जिसने मन पर नियंत्रण स्थापित कर लिया वह भवसागर से पार हो गया। यह नियंत्रण भगवान की कथा श्रवण से संभव है। सती चरित्र का अत्यंत मार्मिक वर्णन करते हुए व्यासजी ने बताया कि पति के अपमान को सह न पाने के कारण जगदम्बा सती ने प्राणोत्सर्ग कर दिया तथा भगवान शिव के कोप के कारण दक्ष का यज्ञ विध्वंस हुआ। उन्हीं आशुतोष भगवान शंकर की कृपा करुणा के कारण यज्ञ सम्पन्न भी हुआ।

# परंपरागत परिक्रमा और भक्ति भाव से गूंजा मंदिर परिसर, भगवान के जयकारें, श्रद्धालुओं ने चढ़ाया प्रसाद

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र के ग्राम कुआंखेडा खालसा में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाबा जाहरवीर मंदिर एवं मां चमुन्डा देवी मंदिर में विशाल धार्मिक आयोजन किया गया। परंपरा के अनुसार गाँव की उत्तर दिशा से ढोल-नगाडों व झंडों के साथ गांव की परिक्रमा निकाली गई, जो बाबा जाहरवीर मंदिर पहुँचकर हवन, पूजन और प्रसाद अर्पण के साथ सम्पन्न हुई श्रद्धालुओं ने मंदिर प्रांगण में विधिवत हवन-पूजन कर गाँव की सुख-समृद्धि की कामना की। आयोजन के उपरांत लगे स्थानीय मेले का भी ग्रामीणों व बच्चों ने भरपूर आनंद लिया। ग्रामीणों ने आयोजकों के प्रति आभार जताया और बताया कि यह परंपरा गांव की आस्था और एकता का प्रतीक है, जो हर वर्ष श्रद्धा के साथ निभाई जाती है। इस अवसर पर पंडित हरिओम शर्मा, नवनीत चौहान, विकास चौहान, एडवोकेट पीयूष चौहान, उपेन्द्र सिंह, सत्यव्रत चौहान, डिगराज सिंह, अनुज कुमार, मा. प्रमोद सिंह, धीरज, धनेन्द्र शर्मा, प्रतुल, लखेन्द्र, मोनू, दीपा, सुरभि, सविता, रेखा, ग्राम प्रधान सुधा देवी, पिंटो, भगवानदेई, कमलेश, सरोज आदि उपस्थित रहे।

# मामूली विवाद में युवक को घर में घुसकर पीटा



**भगतपुर।** थाना क्षेत्र के गांव कोठरा नगला में मामूली विवाद में एक व्यक्ति ने युवक को घर में घुसकर मारपीट कर घायल कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कोठरा नगला में मनोज पुत्र मूलचंद ने अपने पड़ोसी युवक अर्जुन पुत्र शिव चरण को घर में घुसकर डंडे से पीट कर घायल कर दिया घायल अर्जुन के स्वजनों के अनुसार मनोज ने अपना मोबाइल चोरी का आरोप अर्जुन पर लगाकर मारपीट कर घायल कर दिया घायल अर्जुन के स्वजनों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

# सट्टे की खाईबाड़ी करते युवक को किया गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा।** नगर में सट्टे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने एक युवक को सट्टे की खाईबाडी करते हुए गिरफ्तार किया है। पुलिस को मौके से सट्टा पर्चियां, नकदी व अन्य सामान बरामद हुआ है। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर विधिक कार्यवाही की गई। नगर में शांति व्यवस्था के मद्देनजर गश्त कर रही पुलिस टीम को मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली कि मोहल्ला मुण्डों वाली कॉलोनी से आगे एक पुराने स्कूल के खंडहर में एक युवक सट्टे की खाईबाडी कर रहा है। सूचना पर उपनिरीक्षक कुलदीप कुमार, हेड कांस्टेबल प्रदीप कुमार, कॉन्स्टेबल निशांत कुमार एवं होमगार्ड राजीव कुमार ने तत्काल मौके पर पहुँचकर दबिश दी और एक युवक को सट्टा खेलते रंगे हाथों पकड लिया। पुलिस ने आरोपी की तलाशी के दौरान उसके पास से सट्टे की पर्चियां, 410 नकद, एक पेन आदि सामान बरामद किया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम आसिफ पुत्र छोटे, निवासी मोहल्ला बेहडावाला, वार्ड नं. 7 बताया। कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सट्टा अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर चालान करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

## अज्ञात चोर घर में घुसकर हजारों की चोरी कर फरार

**ठाकुरद्वारा।** नगर में अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर हजारों के समान पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की है। नगर के मोहल्ला बेहड़ावाला वार्ड,7 निवासी नसीम अहमद के ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कहा कि देर रात जब वह सो रहे थे। तभी अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर आए और घर में रखे पांच हजार नगद व चांदी की दो जोड़ी पायल, सोने की झुमकी, सोने के टॉप्स आभूषण चोरी कर ले गए। शुक्रवार की सुबह जब परिवार के लोग जागे तो कमरों में बिखरा सामान और टूटी अलमारी देखकर घटना का पता चला। पीड़ित ने चोरी की सूचना तत्काल डायल 112 को दी। सूचना पाकर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुँची और घटना का निरीक्षण किया। पीड़ित नसीम अहमद ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए अज्ञात चोरो के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने व जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी और चोरी गए सामान की बरामदगी कराए जाने मांग की है।

## शांतिभंग के आरोप में नौ गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा।** अलग अलग मारपीट में पुलिस ने नौ लोगों को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया है। नगर के मोहल्ला धोबियान वार्ड 19 निवासी इकबाल, इकराम पुत्रगण मेंहदी हसन व नगर के मोहल्ला पीलट टोला निवासी इरफान पुत्र शरीफ के बीच मुकदमा दिखवाने को लेकर विवाद हो गया।

पुलिस ने दोनों पक्षो के तीन लोगों को शांति भंग के आरोप में गिरफतार कर लिया। वहीं कोतवाली क्षेत्र के गांव फैजुल्लागंज निवासी सुरेश पुत्र छत्तर सिंह व गांव के धीरू पुत्र महीपाल सिंह के बीच पुरानी रंजिश लेकर मारपीट हो गई। पुलिस ने दोनों को शांति भंग के आरोप में गिरफतार कर लिया।

# एसएससी परीक्षा प्रणाली में सुधार को लेकर कोचिंग संचालकों ने उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन




**ठाकुरद्वारा।** नगर में ठाकुरद्वारा कोचिंग वेलफेयर एसोसिएशन के नेतृत्व में क्षेत्र के सभी प्रमुख कोचिंग संस्थानों के संचालक और शिक्षक एकत्रित होकर एसएससी (स्टाफ सेलेक्शन कमीशन) की वर्तमान परीक्षा प्रणाली में व्याप्त खामियों को लेकर प्रधानमंत्री सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा। शुक्रवार को कोचिंग वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित सक्सेना के नेतृत्व में क्षेत्र के सभी प्रमुख कोचिंग संस्थानों के संचालक शिक्षक एकत्रित होकर एसएससी (स्टाफ सेलेक्शन कमीशन) की वर्तमान परीक्षा प्रणाली में व्याप्त खामियों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सम्बोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह को सौंपा। जिसमें बताया कि एसएससी की परीक्षा प्रणाली में घोर लापरवाही, पारदर्शिता की कमी और चयन प्रक्रिया में विलंब के चलते छात्रों में गहरा आक्रोश और निराशा व्याप्त है। ज्ञापन में प्रधानमंत्री से मांग की गई है कि परीक्षा प्रणाली में शीघ्र और ठोस सुधार कर युवाओं के भविष्य को सुरक्षित किया जाए। इसके अतिरिक्त कोचिंग वेलफेयर एसोसिएशन ने दिल्ली में एसएससी अभ्यर्थियों के शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर पुलिस द्वारा की गई बर्बर कार्रवाई की तीव्र निंदा की। विरोध स्वरूप क्षेत्र के सभी कोचिंग सेंटरों को एक दिन के लिए बंद रखा गया। यूनियन ने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन करार दिया और छात्र हितों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने की बात कही।कोचिंग यूनियन ने यह स्पष्ट किया है कि वह छात्रों के अधिकारों की रक्षा और पारदर्शी परीक्षा प्रणाली की स्थापना के लिए लगातार प्रयासरत रहेगी। यह आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण रहेगा लेकिन सरकार को युवाओं की आवाज अनसुनी नहीं करनी चाहिए। ज्ञापन देने में रवि वर्मा, समीउल्लाह खान, परवेज खान, प्रदीप चौहान, संदीप गोला, अजीम खान, मोहम्मद रफी, प्रमोद कुमार, राकेश रावत, युदिर चन्द्रा, राजेश कुमार, मोहम्मद आदिल, प्रवेन्द्र चौहान, शाहिद रजा, मनोज अजहर सहित कई कोचिंग संचालक एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियन्ता/निर्माण, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद निम्नलिखित कार्य के लिए **(एकल पैकेट प्रणाली)** के अन्तर्गत खुली ई-निविदा आमंत्रित करते हैं:-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ई-निविदा एनआईटी सं. | 17-विद्युत/नि./टीआर.डी./एम.बी./139-सी |
| 2 | कार्य का नाम व स्थान | मुरादाबाद मण्डल के रोजा-सीतापुर सिटी खण्ड में रोजा में क्रास ओवर शिफ्टिंग, लखनऊ-मुरादाबाद खण्ड में पीताम्बरपुर के कि.मी. 1288 /17-19 पर गेट सं.-352 सी के बदले आरओबी, सीतापुर के कि.मी. 78/130.201 पर गेट सं.-51 स्पेशल के बदले आरओबी, रोजा-सीतापुर सिटी खण्ड में डाउन मैन लाईन के कि.मी. 14/305.923 पर ब्रिज सं. 13 एवं सेक्शनिगं पोस्ट सीतापुर सिटी के विद्युतीकरण हेतु 25 हजार वोल्ट सिंगल फेज ओ.एच.ई. की डिजाइन, सप्लाई, इरेक्शन, टेस्टिंग व कमीशनिंग का कार्य। |
| 3 | कार्य पूरा करने की अवधि | 12 (बारह) माह |
| 4 | कार्य की अनुमानित लागत | रुपए 1,87,73,215.60 |
| 5 | बयाना राशि जो जमा की जानी है (निविदा दस्तावेज के खण्ड 3.0 के अनुसार) | रुपए 2,43,900/- |
| 6 | ई-निविदा जमा करने एवं ई-निविदा खुलने की तिथि व समय | निविदा दिनांक 22.08.2025 समय 11:30 बजे तक आईआरईपीएस की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर सकते हैं। निविदाकर्ता ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। निविदा दिनांक 22.08.2025 समय 11:30 बजे खोली जाएगी। |
| 7 | निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्र की जानकारी | विस्तृत ई-निविदा एवं निविदा प्रपत्र आईआरईपीएस की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा प्रपत्र आईआरईपीएस की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर दिनांक 08.08.2025 से दिनांक 22.08.2025 तक जमा करने के लिए उपलब्ध रहेगा। निविदाकर्ता जो ई-निविदा में भाग लेने को इच्छुक है उनको सलाह दी जाती है कि उपरोक्त वेबसाइट पर अपना ई-पंजीकरण करा ले जिसके लिए उन्हें क्लास III डिजीटल प्रमाणपत्र की आवश्यकता होगी (यदि पहले से उपलब्ध नहीं है), जो आई टी नियम-2000 के अन्तर्गत सीसीए द्वारा जारी की जाएगी। उपरोक्त निविदा के अन्य सभी नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में दिये गये हैं। केवल ई-निविदाएं ही स्वीकार की जाएंगी तथा किसी अन्य रूप में प्रस्तुत निविदाएं तुरन्त अस्वीकार कर दी जाएंगी। |

प्रपत्र सं: 17-विद्युत/नि./टी.आर.डी./एम.बी./139-सी दिनांक: 01.08.2025 2347/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# हजरत इमाम हुसैन की शहादत के गम में सफर की नोंचंदी जुम्मेरात का बिशरती अलम् व् जुल्जिनाह् का जुलूस हाए हुसैन की सदाओं के साथ हुआ बरामद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** नवासा ए रसूल हजरत इमाम हुसैन की शहादत के गम मे सफर की नोंचंदी जुम्मेरात का बिशरती अलम् व् जुल्जिनाह् का जुलूस हांय हुसैन की सदाओ के साथ बरामद हुआ। जुलूस मे बहारी जनपदों व मुकमी अंजुमनों ने नौहा ख्वानी की तथा कई जनपदों की महिलाओं व पुरुषों ने शिरकत की। बीती दे रात मुहल्ला सादात स्थित मीर मुस्तफा हसन रिजवी के अजाखाने पर मजलिस हुई जिसमें अरबाज हैदर रिजवी ने मरसिया पढ़ा और कम्बर रजा रिजवी ने मजलिस को खिताब करते हुए कहा कि रसूले करीम और अहलेबेत की जिंदगी हमारे लिए नमूना ए अमल हे अहलेबेत की मुहब्बत ही जन्नत की कुंजी है बगैर अहलेबेत की मुहब्बत के जन्नत नही मिलने वाली है। उन्होंने कहा कि हजरत इमाम हुसैन और उनके 71 साथियों ने कर्बला के मैदान में इस्लाम और इंसानियत को बचाने के लिए कुर्बानी पेश की। हजरत इमाम हुसैन की शहादत सुनकर आजादारो की आँखे नम हो गई। जुलूस के दौरान अंजुमन अकबरी, अंजुमन शाने हैदरी, अंजुमन अल मूर्तजा, अंजुमन गम ख्वार ए हुसैनी मंगलौर, अंजुमन सज्जादिया सिरपुड़ा सम्भल, अंजुमन रौनके अजा सिरसी,अंजुमन शहदाए हुसैनी मेमन बिजनौर ने नौहा ख्वानी की तथा संचालन मौलाना अफाक आलम जेदी ने की तथा जुलूस शुक्रवार की सुबह नजमूल हसन रिजवी के अजाखाने पर पहुंच कर समाप्त हुआ। जुलूस में जनपद अमरो. हा, रामपुर, बरेली, दिल्ली, सम्भल के अलावा बुकनाला सादात, मड़न सादात, आगवानपुर की महिला व पुरुष आजादारों ने शिरकत की तथा जमा हैदर व मुहम्मद हसनेन् ने आभार व्यक्त किया /इससे पूर्व नगर बस स्टेट के निकट सैयद अली रजा के आजाखाने पर मजलिस के बाद अलम मुबारक का जुलूस निकला जोकि मुख्य बजार से होता हुआ सैयद सुल्तान असगर के आजाखाने पर पहुंच कर दे शाम समाप्त हुआ।

## वारंटी गिरफ्तार

**चन्दौसी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में कानून व्यवस्था, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतू चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना बहजोई पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 2807/2025 धारा 434, 504, 506 भादवि में वारण्टी अभियुक्त रज्जू पुत्र डोरी सिंह यादव नि0 ग्राम किसौली थाना बहजोई जिला संभल को गिरफ्तार किया गया।

बेदखली सूचना

मेरा पुत्र कासिम पुत्र मुनत्याज निवासी मौहल्ला गिरजाघर के पीछे कस्बा पाकबड़ा जिला मुरादाबाद गलत संगत में पड़ गया है ओर आये दिन मुझे व मेरे परिवार से मारपीट करता रहता हैं ओर हमारे साथ गलत व्यवहार करता हैं। जिसको में अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर समस्त पारिवारिक संबंध विच्छेद करता हूँ। भविष्य में इसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व कानूनी फौजदारी कार्यवाही के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होंगा। मेरा व मेरे परिवार का उक्त कासिम से कोई मतलब वास्ता ना होगा।

**मुनत्याज पुत्र मुखत्यार निवासी मौ० गिरजाघर के पीछे कस्बा पाकबड़ा, जिला मुरादाबाद।**

कार्यालय ग्राम पंचायत भानपुर गजरौला

विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा ( मुरादाबाद )।

पत्रांक: मीमो /ग्राम निधि/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 01.08.2025

अल्पकालीन निविदा सूचना

ग्राम पंचायत भानपुर गजरौला विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2024 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांक: 14.08.2025 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 14.08.2025 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | सामग्री का विवरण | कार्य की ल० मी० में | अनुमानित लागत लागत ( रू. लाख में ) | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दूल्हा पूरनी के घर से संतोष ठाकुर के घर तक नाली/टाईल्स निर्माण कार्य। | ईंट, सीमेंट, टाईल्स आदि। | 56 मी0 | 163886/- | 500 | 2% | 9 माह |
| 2 | रोड से राजेन्द्र के घर तक नाली/ टाईल्स निर्माण कार्य। | ,, | 79.40 मी0 | 255026/- | 500 | 2% | 9 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें**:-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत भानपुर गजरौला**

**विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**

# काउंटी चैंपियनशिप में साई-चहल का पंजा



**लंदन, वार्ता।** भारत के बाएं हाथ के स्पिनर साई किशोर और यजुवेंद्र चहल ने काउंटी चैंपियनशिप में अपनी-अपनी टीमों के लिए बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पांच-पांच विकेट झटके। साई किशोर के पंजे की बदौलत सरी ने डरहम को पांच विकेट से हराकर काउंटी चैंपियनशिप खिबात जीतने की दिशा में एक बड़ा कदम बढ़ा लिया है। इस मैच के दौरान सरी के लिए खेल रहे साई किशोर ने दूसरी पारी में 72 रन देकर पांच विकेट झटके, जबकि सैम

**● डरहन ने पहली में 153 व दूसरी में 344 रन बनाए थे, जबकि सरी ने 322 और पांच विकेट पर 176 रन बनाकर मैच जीता**

करन ने भी 40 रन बनाकर लक्ष्य का पीछा करने में मदद की। डरहम ने पहली पारी में 153 और दूसरी में 344 रन बनाए थे, जबकि सरी ने 322 और पांच विकेट पर 176 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। साई किशोर ने पहली पारी में भी दो विकेट लिए थे। इस जीत से सरी को 21 अंक मिले, जिससे डिविजन-वन की अंक तालिका में शीर्ष पर है और उसकी पकड़ भी मजबूत हो गई है और वे लगातार चौथा खिताब जीतने की ओर बढ़ रहे हैं। वहीं डरहम को सिर्फ तीन अंक मिले, जिससे उनके रेलिगेशन की लचता का विषय बनी हुई है। डरहम की दूसरी पारी में ग्राहम क्लार्क (42) और कोडी यूसुफ (43) ने 71 रन की अहम साझेदारी की, जिससे उनकी बढ़त 136 तक पहुंच गई। लेकिन लंच के बाद साई किशोर और सैम करन की धारदार गेंदबाजी ने डरहम के आखिरी चार विकेट 33 रन देकर उनकी को समेट दिया। इसके बाद सरी को 176 रन का लक्ष्य मिला, जिसे उसने डॉम सिबली ने 35 रन, कप्तान रोरी बर्न्स (24) और रियान पटेल (28) ने भी उपयोगी सहयोग के बाद लक्ष्य की ओर तजी करन और डैन लॉरेंस (नाबाद 32) ने दिखाई। जब लक्ष्य मात्र नौ रन दूर था, तब करन लॉन्ग ऑन पर कैच हुए और अगले ही ओवर में बेन फोक्स भी बोल्ड हो गए, लेकिन जॉर्डन क्लार्क ने पहली ही गेंद को कवर के पार दो रन के लिए खेलकर सरी की जीत पक्की कर दी। यह साई किशोर का सरी के लिए इस सीजन का आखिरी मैच था और उन्होंने इसे अपने पंजे के साथ यादगार बना दिया। चहल की भी बेहतरीन गेंदबाजी की। वहीं नॉर्थैम्पटन शायर की ओर से खेल रहे भारतीय लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने इस सीजन का पहला पंजा झटका, जिससे उनकी टीम को डर्बीशायर के खिलाफ पहली पारी में 173 रनों की बढ़त मिली। दूसरी पारी में भी वह अब तक दो विकेट झटक चुके हैं और उनकी टीम अंतिम दिन पारी की जीत हासिल करने की कोशिश करेगी। ऑलराउंडर जस्टिन ब्रॉड और रॉब की शानदार शतकीय पारियों की बदौलत युजवेंद्र की टीम ने डर्बीशायर की पहली पारी के 377 रनों के जवाब में नौ विकेट पर 550 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया। ब्रॉड ने 171 रनों की शानदार पारी खेली, जिसमें 18 चौके और एक छक्का शामिल था। यह उनका इस महीने का दूसरा 150 से अधिक का स्कोर है। वहीं कीओघ ने नाबाद 125 रन बनाए। दोनों ने सातवें विकेट के लिए 208 रनों की रिकॉर्ड साझेदारी की, जो डर्बीशायर के खिलाफ नॉर्थैम्पटनशायर की सातवें विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है। इससे पहले चहल ने पहली पारी में 118 रन देकर 6 विकेट लिए थे और डर्बीशायर की टीम 377 रनों पर ऑलआउट हो गई। इस पारी में मार्टिन एंडरसन ने 105 रन बनाए। डर्बीशायर की दूसरी पारी की शुरुआत भी बेहद खराब रही। केवल 52 रन पर ही उनके 4 विकेट गिर चुके हैं और वे अब भी 121 रन पीछे हैं।

# ऐटकिंसन-टंग ने भारत को 224 रन पर समेटा

**● गस ऐटकिंसन ने पांच विकेट और जॉश टंग ने तीन विकेट लेकर भारतीय टीम को सस्ते में आउट किया**

**लंदन, वार्ता।** गस ऐटकिंसन (पांच विकेट) और जॉश टंग (तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर इंग्लैंड ने पांचवें टेस्ट मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को पहले सत्र में भारतीय टीम को पहली पारी में 224 रन के स्कोर पर समेट दिया। भारत की पारी 224 रनों पर सिमट गई है,

इस मैच में ना स्टोक्स थे और वोक्स भी चोटिल होने की वजह से आगे गेंदबाजी नहीं कर पाएंगे, फिर भी यह प्रदर्शन दिखाता है कि इंग्लैंड कितना तैयार है। अब जैसा पिच बर्ताव कर रही है उसको देखकर लग रहा है कि भारतीय गेंदबाज भी अगर पांच मीटर के करीब गें. दबाजी करेंगे तो उनको सफलता जरूर मिलेगी। अब देखना होगा कि भारतीय गेंदबाज कैसे जवाब देते हैं। भारत के कल के छह विकेट पर 204 रन से आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह के सत्र में स्कोर में 14 रन का इजाफा हुआ था कि जॉश टंग ने करूण नायर 109 गेंदों में (57) को पगबाधा आउटकर भारत को सातवां झटका दिया। अगले ही ओवर में गस ऐटकिंसन ने वॉशिंगटन सुंदर (26) को अपना शिकार बना लिया। इसके बाद गस ऐटकिंसन ने मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा को बिना खाता खोले पवेलियन भेज कर भारतीय पारी का 224 के स्कोर पर अंत कर दिया। भारत ने अपने शेष चार विकेट आज मात्र 20 रन जोष्कर गंवा दिए। इंग्लैंड की ओर से गस ऐटकिंसन ने 33 रन पर पांच और जॉश टंग ने 57 रन पर तीन विकेट लिए।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### यूएई, पाक और अफगानिस्तान के बीच टी-20 त्रिकोणीय सीरीज 29 अगस्त से

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान इस महीने के अंत में 29 अगस्त से शारजाह में शुरू होने वाली टी20 अंतर्राष्ट्रीय त्रिकोणीय श्रृंखला में अफगानिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात से भिड़ेगा। यह टूर्नामेंट सितंबर में एशिया कप से पहले होगा, क्योंकि उपमहाद्वीप की टीमें अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी कर रही हैं। शुरुआती मुकाबले में पाकिस्तान का सामना पिछले साल के टी20 विश्व कप सेमीफाइनलिस्ट अफगानिस्तान से होगा। तीनों टीमें दो-दो बार आमने-सामने होंगी, और शीर्ष दो टीमें 7 सितंबर को होने वाले फाइनल में पहुंचेंगी।

### एक रोमांचक नया अध्याय: 'शेर' के तहत हमारी खेल पहचानों का एकीकरण

**मोहाली, वार्ता।** हम अपनी खेल यात्रा में एक निर्णायक मील का पत्थर साझा करते हुए बेहद उत्साहित हैं क्योंकि पंजाब एफसी, हमारी हॉकी, टेनिस और गोल्फ अकादमियों के साथ, एक शक्तिशाली प्रतीक, 'शेर' के तहत एकजुट हुए हैं।

पंजाब की महान योद्धा भावना और शक्ति एवं वीरता के चिरस्थायी मूल्यों से प्रेरित, शेर प्रतिभाओं को निखारने और भविष्य के लिए तैयार एथलीटों को आकार देने के हमारे जुनून का प्रतिनिधित्व करता है। यह एकीकृत पहचान एथलीटों को प्रेरित करने, समुदायों को जोड़ने और पंजाब और भारत को खेल उत्कृष्टता की ओर ले जाने की हमारी प्रतिबद्धता को पुष्ट करती है।

# पाक ने विंडीज को 14 रनों से हराया

**● सैम अयूब ने 58 रन बनाकर दो विकेट भी चटकाए**

**लॉडरहिल, वार्ता।** सैम अयूब (58 रन और दो विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान ने पहले टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को 14 रनों से हरा दिया है।

इसी के साथ पाकिस्तान ने तीन टी-20 मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली है। 179 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज के लिए जॉनसन चार्ल्स और जेवेल एंड्रयू की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले पहले विकेट के लिए 72 रन जोड़े। 12वें ओवर में मोहम्मद नवाज ने जेवेल एंड्रयू 33 गेदों में (35) को आउट कर पाकिस्तान को पहली सफलता दिलाई। इसी ओवर की चौथी गेंद पर नवाज ने जॉनसन चार्ल्स (35) को और




अगली ही गेंद पर गुडाकेश मोती (शून्य) भी अपना शिकार बनाकर वेस्टइंडीज को तिहरा झटका दिया। अगले ओवर में सैम अयूब ने कप्तान शाई होप (दो) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। शरफेन रदरफोर्ड (11) भी सैम अयूब का शिकार बने। रोमारियो शेफर्ड 12 रन बनाकर आउट हुये। एक समय वेस्टइंडीज ने 16-1 ओवर में 110 रन पर अपने सात विकेट गंवा दिए थे। ऐसे संकट के समय जेसन होल्डर और शमार जोसेफ की जोड़ी ने पारी को संभाला और आतिशी बल्लेबाजी का प्रदर्शन भी किया लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। वेस्टइंडीज की टीम निर्धारित 20 ओवरों में 164 रन ही बना सकी और 14 रन से मुकाबला हार गई। जेस होल्डर ने 12 गेंदों में चार छक्कों की मदद से नाबाद 30 रनों की पारी खेली। वहीं शमार जोसेफ ने 12 गेंदों में दो छक्के और एक चौका लगाते हुए नाबाद 21 रन बनाये। पाकिस्तान की ओर से मोहम्मद नवाज ने तीन और सैम अयूब ने दो विकेट लिए। शाहीन शाह अफरीदी और सुफियान मकीम ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले वेस्टइंडीज ने गुरुवार रात खेले गये मुकाबले में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान ने सैम अयूब (58), हसन नवाज (24), फहीम अशरफ (15), साहिब. जादा फरहान (14) और कप्तान आगा सलमान (नाबाद 11) रनों की पारियों के सहयोग से निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 178 रनों का स्कोर खड़ा किया। वेस्टइंडीज की ओर से शमार जोसेफ ने तीन विकेट लिए।

# वोक्स ओवल टेस्ट से बाहर




**लंदन, वार्ता।** क्रिस वोक्स ओवल में पहले दिन लगाए गए डाइव के दौरान अजीब तरह से जमीन पर गिरने के बाद अपने बाएं कंधे में चोट लगा बैठे जिसके बाद वह बाकी मैच से बाहर हो गए हैं।

इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने शुक्रवार को दूसरे दिन के खेल से पहले एक बयान में कहा कि इस समय, इस चोट के कारण वह आगे टेस्ट मैच में भाग नहीं ले पाएंगे। वोक्स को भारत की पहली पारी के 57वें ओवर में क्षेत्ररक्षण करते समय चोट लगी थी। उन्होंने मिड-ऑफ से गेंद का पीछा किया और डाइव लगाकर गेंद

**● वोक्स को भारत की पहली पारी के 57वें ओवर में क्षेत्ररक्षण करते समय लगी थी कंधे में चोट**

को वापस रस्सियों के अंदर खींच लिया। लेकिन वह अजीब तरह से जमीन पर गिरे और तुरंत ही अपना बायां कंधा पकड़े हुए दिखाई दिए। इंग्लैंड, जो पहले से ही इस मैच में बेन स्टोक्स और जोफ्रा आर्चर की सेवाओं से वंचित है, के पास अब केवल तीन तेज गेंदबाज़ी विकल्प होंगे-जोश टंग, गस एटकिंसन और जेमी ओवरटन। लेकिन उन्होंने भारत को पहली पारी में 224 रन पर समेट दिया। वोक्स, जिन्होंने सभी पांचों टेस्ट मैचों में हिस्सा लिया है, पूरी सीरीज में इंग्लैंड के लिए एक बेहतरीन गें. दबाज़ रहे हैं। उन्होंने 181 ओवर फेंके - दोनों टीमों में किसी और से ज्यादा और 11 विकेट लिए।

# भारत के युवा मुक्केबाज अंडर-19 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अपना अभियान शुरू करेंगे

**● पहले दिन चार युवा एथलीट देश का प्रतिनिधित्व करेंगे**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की जूनियर मुक्केबाजी टीम आज बैंकॉक में अंडर-19 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 में अपने अभियान की शुरुआत करेगी, जिसके पहले दिन चार युवा एथलीट देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। जैसे-जैसे टूर्नामेंट आगे बढ़ेगा, ये उभरते सितारे एशिया के कुछ सबसे कठिन प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ अपने साहस और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं। सुबह 9:30 बजे भारतीय समय पर निर्धारित सत्र में सुमन कुमारी का मुकाबला महिला लाइट फ्लाईवेट (48 किग्रा) वर्ग में चीनी ताइपे की मेंग-सिन चेंग से हुआ, जिसमें भारतीय मुक्केबाज विजयी रहीं। इसके अलावा, आकाश बधवार पुरुष फ्लाईवेट (50 किग्रा) वर्ग में लरग में उतरेंगे, जहां उनका सामना उज्बेकिस्तान के ओडिलशोह खलीमोव जैसे मजबूत प्रतिद्वंद्वी से होगा। शाम के सत्र में भारतीय समयानुसार शाम 4:30 बजे मुकाबला जारी रहेगा, जहां सारथी सैनी लाइट मिडिलवेट (70 किग्रा) वर्ग में चीन के हाओशेंग झांग से भिड़ेंगे। बाद में, लोकेश लाइट हैवीवेट (80 किग्रा) वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे, जहां उनका मुकाबला उज्बेकिस्तान के नोरबेक अब्दुल्लाएव से होगा। ये मुक. ाबले चैंपियनशिप में भारत के लिए एक महत्वपूर्ण शुरुआत हैं, जहां प्रत्येक एथलीट भविष्य के गौरव का वादा लेकर आया है।

## इंडियन सुपरक्रॉस रेसिंग लीग ने सीजन 2 के कैलेंडर की तारीखों की पुष्टि की

**मुंबई, वार्ता।** इंडियन सुपरक्रॉस रेसिंग लीग (आईएसआरएल) ने फेडरेशन ऑफ मोटर स्पोर्ट्स क्लब्स ऑफ इंडिया (एफएमएससीआई) के सहयोग से, सीजन 2 के रेसिंग कैलेंडर की आधिकारिक पुष्टि कर दी है, जिससे भारत के सबसे रोमांचक स्टेडियम-आधारित मोटरस्पोर्ट शो की वापसी हो रही है।

तीन राउंड में 30,000 से ज्यादा लाइव दर्शकों और 11-50 मिलियन से ज्यादा प्रसारण और डिजिटल दर्शकों के साथ रिकॉर्ड तोड़ पहले सीजन के बाद, आईएसआरएल देश भर के मोटरस्पोर्ट प्रेमियों के लिए एक बड़ा,ज्यादा साहसिक और ज्यादा इमर्सिव अनुभव प्रदान करने के लिए वापस आ गया है।

# कैप्टन्स कप 2025 में देश के बेहतरीन फाइटर्स करेंगे आमना-सामना

**कोलकाता, वार्ता।** जंग का मैदान तैयार है और देश के कोने-कोने से आए योद्धा भारत के सबसे रोमांचक मार्शल आर्ट्स टूर्नामेंट-चौथे ट्रान्ज़्एिंट कैप्टन्स कप 2025-के लिए कमर कस चुके हैं, जो 15 से 17 अगस्त तक सिल्वर पॉइंट स्कूल, कोलकाता में आयोजित होने जा रहा है। नेशनल कॉम्बैट स्पोर्ट्स फेडरेशन (एनसीएसएफ) द्वारा माइक्स मार्शल आर्ट्स के सहयोग से आयोजित इस संस्करण में इस बार पहले से कहीं अधिक ऊर्जा, प्रतिभा और दृढ़ निश्चय देखने को मिलेगा। मुंबई से असम, दार्जि. लिंग से बैरकपुर तक, देशभर की 12 दमदार टीमें कोलकाता में एकत्र होंगी और किकबॉलक्सग, क्योकुशिन कराटे और ब्राजीलियन जिउ-जित्सु जैसी विविध कॉम्बैट शैलियों में मुकाबला करेंगी। भाग लेने वाले प्रमुख एकेडमी में शामिल हैं - कॉम्बैटन्ट स्पोर्ट्स अकादमी (मुंबई), अन्बुज कॉम्बैट(दार्जिलिंग), राइनो (असम), ग्लैडिएटर अकादमी (बैरकपुर)। वहीं, कोलकाता की ओर से माइक्स मार्शल आर्ट्स, अल्फा फिटनेस एंड सेल्फ डिफेंस, बैटलबोर्न वॉरियर स्पोर्ट्स, द कॉम्बैट जिम, क्रैटोज कॉम्बैट, फिटक्लब कॉम्बैट और ओयामा डोजो जैसे प्रतिष्ठित क्लब अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं।

# भारतीय टीमों ने लंदन 2026 विश्व टेटे चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया

**● चार क्षेत्रीय चैंपियनों ने डब्ल्यूटीटीसी के लिए सीधे क्वालीफाई किया जो अंतर्राष्ट्रीय कैलेंडर के सबसे बड़े आयोजनों में से एक है**

**कोलकाता, वार्ता।** भारत की पुरुष और महिला टेबल टेनिस टीमों ने काठमांडू के राष्ट्रीय टेबल टेनिस केंद्र में आयोजित 2025 दक्षिण एशिया क्षेत्रीय चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन के बाद, लंदन में 2026 विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीटीसी) के लिए अपनी जगह पक्की कर ली है। प्रत्येक लिंग के लिए केवल 16 प्रतिष्ठित एशियाई कोटा स्थान उपलब्ध होने के कारण, दांव बहुत ऊंचा था। मध्य एशिया, दक्षिण एशिया, दक्षिण-पूर्व एशिया और पश्चिम एशिया के चार क्षेत्रीय चैंपियनों ने डब्ल्यूटीटीसी के लिए सीधे क्वालीफाई किया, जो अंतर्राष्ट्रीय कैलेंडर के सबसे प्रतिष्ठित आयोजनों में से एक है। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) ने आज कहा कि भारतीय टीमों ने अपनी गहराई और दबदबे का प्रदर्शन करते हुए, अपनी जगह पक्की करने में कोई गलती नहीं की। दोनों भारतीय टीमें पांच देशों के राउंड-रॉबिन प्रारूप में अपराजित रहीं, जिससे दक्षिण एशियाई क्षेत्र में उनकी श्रेष्ठता और पुष्ट हुई। पुरुष टीम - जिसमें आकाश पाल, रोनित भांजा, अनिर्बान घोष, पी-बी- अभिनंद और दिव्यांश श्रीवास्तव शामिल थे - ने बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल और मालदीव को समान 3-0 से हराकर शानदार फॉर्म और रण नीतिक का परिचय दिया। इसी तरह, कृत्तिका, सेलेनादीप्ति, तनीषा, सयाली व सिंड्रेला के नेतृत्व वाली महिला टीम ने भी उतना ही प्रभावशाली प्रदर्शन किया।




# जसप्रीत बुमराह पांचवें टेस्ट के लिए टीम से रिलीज

**लंदन, वार्ता।** तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के पांचवें टेस्ट के लिए भारतीय टीम से रिलीज कर दिया गया है। श्रृंखला का पांचवां और अंतिम टेस्ट लंदन के केनिंग्टन ओवल में चल रहा है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी । बुम. राह को उनके कार्य प्रबंधन को देखते हुए सीरीज के तीन टेस्टों में ही खेलाया गया। वह पहले, तीसरे और चौथे टेस्ट में ही खेले । पांचवें टेस्ट के लिए भारत की अपडेटेड टीम: शुभमन गिल (कप्तान), केएल राहुल (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेट कीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, कुलदीप यादव, अंशुल कंबोज, अर्शदीप सिंह, एन जगदीशन (विकेट कीपर)।

# एआईएफएफ ने बनाया खालिद जमील को भारतीय टीम का मुख्य कोच



**● एआईएफएफ के पुरुष कोच ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित खालिद जमील को बहुमत के आधार पर चुना**

**नई दिल्ली, वार्ता।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की कार्यकारी समिति (ईसी) ने खालिद जमील को सीनियर पुरुष भारतीय राष्ट्रीय टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है।

महासंघ की तकनीकी समिति (टीसी) की सिफारिश पर आज बुलाई गई वर्चुअल बैठक में विस्तृत चर्चा के बाद खालिद जमील को सीनियर पुरुष भारतीय राष्ट्रीय टीम का मुख्य कोच बनाये जाने का फैसला लिया गया। बैठक में एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे, उपाध्यक्ष एनए हारिस, कोषाध्यक्ष किपा अजय, कार्यकारी और तकनीकी समितियों के सदस्यों, दोनों द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता कोच बिमल घोष और अरमांडो कोलासो और ध्यानचंद पुरस्कार विजेता शब्बीर अली की उपस्थिति में, एआईएफएफ के तकनीकी निदेशक सैयद साबिर पाशा और राष्ट्रीय टीम के निदेशक सुब्रत पॉल ने राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच के चयन के लिए खालिद जमील, स्टीफन कॉन्स्टेंटाइन और स्टीफन टारकोविच के नामों का प्रस्ताव रखा। इस दौरान हुई चर्चा में सदस्यों ने तीनों नामों पर विचार करने के बाद लगातार दो बार (2023-24 और 2024-25) में एआईएफएफ के पुरुष कोच ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित खालिद जमील को बहुमत के आधार पर कोच बनाया गया। भारत को इस महीने के आखिर में सीएएफए नेशंस कप 2025 में भाग लेना है, जिसके बाद अक्टूबर में सिंगापुर के खिलाफ लगातार दो एएफसी एशियन कप फाइनल राउंड क्वालीफायर मैच खेलने हैं।

# लैंकशायर क्लब ने पाक फैन से माफी मांगी

**मैनचेस्टर, वार्ता।** लैंकशायर काउंटी क्लब ने मैनचेस्टर टेस्ट के अंतिम दिन एक फैन को पाकिस्तान टीम की जर्सी पहनने के कारण बाहर निकाले जाने की घटना के लिए माफी मांगी है।

फारूक नजर नामक इस फैन ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें स्टेडियम का एक सुरक्षा कर्मी उन्हें पाकिस्तान की पारंपरिक वनडे जर्सी को हटाने को कह रहा था। जब नजर ने इससे इनकार किया, तो उन्हें पुलिस की मदद से स्टेडियम से बाहर कर दिया गया।

लैंकशायर की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि सुरक्षा टीम और पुलिस अधिका. रियों द्वारा स्टेडियम छोड़ने को कहे जाने पर उस फैन ने स्टाफ के प्रति अनुचित व्यवहार किया। क्लब ने घटना के लिए खेद प्रकट किया और कहा कि वे भविष्य में ऐसी परिस्थितियों से निपटने की प्रक्रिया की समीक्षा करेगा। हालांकि, क्लब ने यह भी स्पष्ट किया कि इस निर्णय के पीछे एक दिन पहले की एक घटना थी, जब भारतीय और पाकिस्तानी फैंस के बीच झड़प की स्थिति बन गई। उस शनिवार को कुछ दर्शकों ने पाकिस्तान का राष्ट्रीय झंडा लहराया था, जिससे पास के भारतीय समर्थकों में असंतोष फैल गया।

# सीनियर एवं जूनियर कार्यकारिणी सदस्य विजयी घोषित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** दि बार एसोसिएशन एण्ड लाईब्रेरी मुरादाबाद के चुनाव के सभी परिणाम कल प्राप्त हो गये थे केवल सीनियर एवं जूनियर कार्यकारिणी सदस्यो के परिणाम शेष रहे थे। मतगणना के तीसरे दिन सीनियर एवं जूनियर कार्यकारिणी सदस्यो की मतगणना भी पूर्ण हुई। सीनियर निर्वाचित सदस्यों में अनिल गुप्ता, आशीष उपाध्याय, कैलाश सिंह, जाबिर हुसैन, शिवकुमार गौतम एवं सुरेश सिंह विजयी घोषित हुए। जूनियर कार्यकारिणी सदस्यो में अभिनव भट्ट, सुनील कुमार सक्सेना,काजल सिंह, फिरोज आलम,पंकज शर्मा एवं सचिन कुमार विजयी घोषित हुए। सीनियर कार्यकारिणी की मतगणना कपिल विश्नोई , विवेक शर्मा तथा जूनियर कार्यकारिणी की मतगणना रमेश






सिंह आर्य व अनिल कुमार चौहान ने करायी। एल्डर्स कमेटी के चैयरमेन रामाशंकर व सदस्य विजय गुप्ता सुभाष चन्द्र गर्ग सुधीर गुप्ता व महेश चन्द्र त्यागी एवं चुनाव समिति के सदस्यों नरेंद्र सिंह चौहान शमशेर सिंह जगदीश चंद्र मिश्रा चौधरी राजेंद्र सिंह ठाकुर अनिल कुमार सिंह सतीश कुमार विश्नोई संजय सक्सेना सोनी रमेश सिंह आर्य विशाल कांत मनोज कुमार गुप्ता कपिल विश्नोई संदीप खन्ना प्रमोद अनिल कुमार चौहान प्रत्येकि, अरशद परवेज विवेक शर्मा संजय यादव सोनू पाल सुनील कुमार वकार रजा उस्मान अली रामवीर सिंह मौहम्मद आसिमका महत्वपूर्ण योगदान रहा। एल्डर्स कमेटी के चौयरमेन रामाशंकर ने सभी एल्डर्स कमेटी व चुनाव समिति के सदस्यों का चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से कराने पर हार्दिक आभार व्यक्त किया।

● **आज नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को निर्वाचन प्रमाण पत्र दिया जाएगा**

## हाईवे पर आपस में भिड़ी तीन बसें, चालक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूंढापांडे।** थाना क्षेत्र के दिल्ली लखनऊ नेशनल हाईवे नियामतपुर एकरोटियां टोल प्लाजा पर शुक्रवार सुबह, तीन बसें आपस में भिड़ गई इनमें से दो रोडवेज बस और एक प्राइवेट बस थी, हादसे के बाद बस में सवार यात्रियों में चीख पुकार मच गई, गनीमत यह रही यात्रियों को अधिक चोट नहीं आई, शाहजहांपुर डिपो के बस चालक के सिर में चोट लगने से पांच टांके आए हैं, परिचालक आदर्श कुमार ने बताया के बस दिल्ली से सवारियां लेकर शाहजहांपुर जा रही थी बस में करीब 22 सवारियां थी मूंढापांडे टोल प्लाजा पर लाइन लगने की वजह से खड़ी हुई थी, उसके आगे एक प्राइवेट बस खड़ी थी, चालक ने बताया के तभी पीछे से बरेली डिपो की एसी जनरथ बस आई और उनकी बस में पीछे से टक्कर मार दी, टक्कर इतनी जबरदस्त थी की यात्री सीट से गिर पड़े, हादसे में शाहजहांपुर डिपो की बस के ड्राइवर रामवीर सिंह का सिर आगले शीशे में लग गया, उनके सिर, से खून बहाना शुरू हो गया, पीछे से लगी जबरदस्त टक्कर की वजह से शाहजहांपुर डिपो की बस अपने आगे खड़ी प्राइवेट बस में जा घुसी, चालक रामव.



ीर सिंह ने बताया के प्राइवेट बस में भी 45 से अधिक सवारियां थी, जनरथ बस में भी करीब 20, सवारियां थी, हादसे के बाद, पुलिस मौके पर पहुंची और, घायलों को मूंढापांडे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, मरहम पट्टी कराने के बाद चालक बस लेकर चले गए।

## जूनियर वकीलों ने उठाई चैंबर आवंटित कराए जाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** जूनियर वकील आज अध्यक्ष प्रदीप कुमार एवं सचिव दीपक बिश्नोई से मिले और उन्होंने उन्हें चौंबर आवंटित कराये जाने की मांग उठाई वकीलों ने कहा कि वह सीनियर अधिवक्ताओं के साथ कई वर्षों से काम कर रहे हैं और वकालत की सभी परीक्षा पास करते हुए बार एसोसिएशन कांठ के मतदाता भी हैं। उन्होंने कहा कि चौंबर ना होने की वजह से वह अपना काम भली प्रकार से नहीं कर पा रहे हैं उन्होंने अध्यक्ष से चौंबर आवंटित कराए जाने की मांग उठाई बार एशोसिएशन के पदाधिकारियो ने उनकी समस्या के



समाधान का उन्हें आश्वासन दिलाया। इस मौके पर मनोज कुमार, फैजान अहमद, बृजेश कुमार,साजिद वारशी,वसारत अली, चंचल कुमार, योगेन्द्र सिंह, राहुल चौधरी, हिमाशु, अरविन्द कुमार, अतीक अहमद, जैनुल आबेदीन, सुनील कुमार,रंजीत कुमार, महेन्द्र सिहं प्रजापति, ब्रजेश गुर्जर, खेग सिंह,अजय सारस्वत आदि मौजूद रहे।

## तालाब का निकास बंद, बारिश का पानी घरों में भरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़।** विकासखंड बनियाखेड़ा अंतर्गत थाना कुढफतेहगढ़ क्षेत्र के दारनी गांव में बारिश का पानी लोगों के लिए मुस. ीबत बन गया है। बिलारी-आसफपुर मार्ग के किनारे स्थित तालाब में पानी निकासी की व्यवस्था न होने के कारण गांव का पानी तालाब में ही जमा हो रहा है, जिससे गांव में संक्रामक रोगों के फैलने का खतरा लगातार बना हुआ है। शुक्रवार को दोपहर की बारिश के बाद तालाब पूरी तरह लबालब हो गया, जिससे उसका पानी ओवरफ्लो होकर सड़क और आसपास के घरों में घुस गया। इससे न केवल सड़क जलमग्न हो गई, बल्कि कई घरों में पानी भर जाने से ग्रामीणों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। पानी के चलते घरों में सीलन बढ़ रही है और मकानों को नुकसान पहुंचने का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि तालाब के पानी की निकासी के लिए बीते वर्ष सड़क किनारे एक नाला खोदा गया था लेकिन गांव के ही कुछ लोगों ने उसे बंद कर दिया, जिससे पूरा पानी अब तालाब और सड़क पर ही जमा हो जाता है। जलभराव के कारण सड़क नजर नहीं आती और राहगीरों के लिए दुर्घटना का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों: जोगेंद्र पाल, संतोष मौर्य, मुनव्वर, बंटी, दिनेश मौर्य, आनंदपाल, जुगपाल, मानसिंह, भजनलाल, महेंद्र पाल, मुकेश आदि ने बताया कि उनके घरों के सामने पानी भरा है । बंद नाले को तुरंत खुलवाया जाए और तालाब की उचित निकासी की व्यवस्था की जाए, ताकि बरसात के दौरान गांव में जलभराव और उससे उत्पन्न समस्याओं से राहत मिल सके।

## किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

■ **आशापुर कॉलोनी में बिक रही स्मैक का भी छाया रहा मुद्दा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** किसानो की समस्याओं को लेकर मंडी समिति पहुंचे भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने वहां बैठक की और उसके बाद तहसील जाकर तहसील दार राजकुमार सिंह को समस्याओं से अवगत कराते हुए ज्ञापन सोपा। ज्ञापन में गन्ना पर्ची 25 कुंतल कराए जाने गन्ना सेंट्रो को बड़ा कराए जाने स्मार्ट मीटर ना लगाए जाने नहरो में पानी सुचारु रूप से दिए जाने बिजली शेड्यूल के मुताबिक दिए जाने और



कांठ नगर के पानी निकासी की व्यवस्था किए जाने की मांग का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि मिट्टी परीक्षण केंद्र की मांग दशकों से चली आ रही है लेकिन आज तक भी पूरी नहीं हुई इसे तुरंत पूरा कराया जाएगा इसके साथ-साथ आशापुर कॉलोनी में बिक रही स्मेक का मुद्दा भी भारतीय किसान यूनियन की बैठक में छाया रहा किसानों ने कहा कि चंद लोग स्मेक बेचकर अपना पेट भर रहे हैं लेकिन लाखों युवाओं का भविष्य खराब करने का भी काम कर रहे हैं। उन्होंने इस संबंध में संबंधित विभाग द्वारा डाली जा रही ढील पर नाराजगी व्यक्त की और कहा कि स्मेक के अवैध कारोबार को तुरंत बंद कराया जाए। इस मौके पर चौधरी ऋषिपाल सिंह हरदीप सिंह दर्शन सिंह रामकला सिंह अरविंद जॉनी सहित काफी किसान मौजूद रहे।

## वाणिज्य दिवस पर 'बीमा के सिद्धांत एवं व्यवहार' विषयक व्याख्यान का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज के वाणिज्य विभाग द्वारा प्राचार्या प्रोफेसर चारु मेहरोत्रा के निर्देशन में वाणिज्य दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रोफेसर अनुराग अग्रवाल, विभागाध्यक्ष, वाणिज्य विभाग, एस.एस. पी.जी. कॉलेज, शाहजहांपुर ने ष्बीमा के सिद्धांत एवं व्यवहारष विषय पर विस्तृत एवं सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि बीमा केवल एक वित्तीय साधन नहीं है, बल्कि यह सामाजिक सुरक्षा का एक सशक्त स्तंभ है, जो जीवन की अनिश्चितताओंख्रजैसे दुर्घटना, बीमारी, अग्निकांड अथवा प्राकृतिक आपदा की स्थिति में आर्थिक संबल प्रदान करता है। प्रोफेसर अग्रवाल ने अपने व्याख्यान में जीवन बीमा के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बीमा की अवधारणा का प्रारंभ प्राचीन मेसोपोटामिया की बेबीलोन सभ्यता में हुआ था, जहाँ व्यापारिक अनुबंधों के अंतर्गत जोखिमों को साझा करने की परंपरा देखी गई। हालांकि, आधुनिक बीमा प्रणाली का विकास 13वीं शताब्दी में हुआ, जिसे वर्तमान बीमा व्यवस्थाओं की नींव माना जाता है। उन्होंने बीमा के विभिन्न प्रकारों ख्र जैसे जीवन बीमा, स्वास्थ्य बीमा, संपत्ति बीमा आदि ख्र एवं उनसे प्राप्त होने वाले लाभों को विस्तारपूर्वक समझाया, जिससे प्रतिभागियों को बीमा के महत्व, उद्देश्य तथा सामाजिक-आर्थिक उपयोगिता के विषय में समग्र दृष्टिकोण प्राप्त हुआ।प्राचार्या प्रोफेसर डॉ. चारू मेहरोत्रा ने अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में बीमा की आधुनिक जीवन में प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज जीवन बीमा, स्वास्थ्य बीमा, वाहन बीमा एवं फसल बीमा जैसे विभिन्न स्वरूपों में इसका उपयोग बढ़ रहा है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि बीमा प्रणाली न केवल व्यक्तिगत एवं पारिवारिक सुरक्षा प्रदान करती है, बल्कि यह देश के आर्थिक विकास में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है।कार्यक्रम का संचालन वाणिज्य विभाग प्रभारी डॉ. प्रज्ञा मित्तल द्वारा किया गया एवं वाणिज्य प्रवक्ता सोनल शर्मा ने आभार ज्ञापन प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर चीफ प्रॉक्टर प्रो. किरण साहू, प्रो. मीनाक्षी शर्मा, प्रो. अनुराधा सिंह, प्रो. एकता भाटिया, प्रो. सीमा अग्रवाल, प्रो. सीमा गुप्ता, प्रो. वंदना पांडे, डॉ. प्रेमलता कश्यप, डॉ. सीमा रानी, डॉ. मोनिका सिंह, शिवानी गुप्ता सहित समस्त शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। व्याख्यान में बड़ी संख्या में छात्राओं ने सक्रिय



सहभागिता की और बीमा से संबंधित विविध पहलुओं पर जानकारी प्राप्त की। छात्राओं की जिज्ञासा एवं प्रश्ना. ेत्तरी सहभागिता ने कार्यक्रम को अत्यंत सफल और संवादात्मक स्वरूप प्रदान किया।

## दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर पति ने दिया तीन तलाक, चार पर केस दर्ज

**भोजपुर।** थाना क्षेत्र के गांव अहमदपुर आनंदपुर निवासी विवाहिता आलम जहां पत्नी अबरार ने पति समेत चार के खिलाफ खिलाफ तीन लाख रुपए और वेगनआर कार की मांग पूरी नही करने पर जान से मारने की नीयत से हमला करने एवं तीन तालाक देने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को दी तहरीर में विवाहिता ने कहा है कि उसका विवाह पांच वर्ष पहले थाना डिलारी के गांव चांदखेड़ी निवासी अबरार पुत्र अनीस के साथ मुस्लिम रीति रिवाज से हुआ था। विवाह में पिता ने सामर्थ्य के अनुसार उपहार दिए थे। ससुरालजन विवाह में मिले दहेज से खुश नहीं थे। वह एक राय होकर पिता के घर से तीन लाख रुपए नकदी व वेगनआर कार की मांग करने लगे। इस दौरान दो पुत्रों का जन्म हुआ। दो वर्ष पूर्व पति अबरार,ससुर अनीस,सास भूरी एवं ननद गुलफ्सा ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। दो वर्षों से अपने दो बेटों को साथ लेकर पिता के घर पर रह रही हूं। 25 जुलाई की रात को दस बजे पति,सास,ससुर एवं नन्द कार से गांव को आये और दहेज की मांग करने लगे। मना करने पर चारों ने जानलेवा हमला कर घायल कर दिया।घ्पति मांग पूरी नही करने पर तीन तालाक देकर जान से मारने की धमकी देकर परिजनों के साथ चला गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बसपा कार्यकर्ताओं ने एक दिवसीय कैडर कैंप का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** बसपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं द्वारा कांठ विधानसभा के सेक्टर मंगूपुरा के बूथ कमेटी नानकबाड़ी/ गन्नौर-दे-माफी की बूथ कमेटीयों का गठन किया गया।

मीटिंग में सर्वप्रथम बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के कुछ चित्र पर एवं काशीराम के चित्र पर फूल माला चढ़कर शुभारंभ किया जिसमें मुख्य रूप से गिरीश चन्द्र जाटव पूर्व सांसद नगीना मुख्य सेक्टर प्रभारी मुरादाबाद/ बरेली मंडल प्रभारी/ प्रभारी उत्तराखंड ने बहुजन समाज पार्टी की मुखिया बहन कुमारी मायावती को उत्तर प्रदेश में चार बार रही सरकार की नीतियों को जनता के बीच में रखा और उन्होंने बताया कि आज के समय में आम-आदमी और गरीब आदमी बिल्कुल सुरक्षित नहीं है,उत्तर प्रदेश की जनता बहुजन समाज पार्टी की सरकार को याद कर रही है। 2007 में दलित वर्ग/ मुस्लिम वर्ग /पिछड़ा वर्ग/गरीब वर्ग में भाईचारा की बदौलत पूर्ण बहुमत की सरकार बनी थी। अब सर्वसमाज के लोग आपस में भाईचारा की




बदौलत 2027 में बहुजन समाज पार्टी की मुखिया बहन कुमारी मायावती को उत्तर प्रदेश की पांचवी बार मुख्यमंत्री बनने जा रही है इस मीटिंग में-निर्मल सिंह सागर एडवोकेट, जिला अध्यक्ष बहुजन समाज पार्टी मुरादाबाद, शिव शंकर सागर एडवोकेट जिला प्रभारी मुरादाबाद, चंद्रपाल सैनी जिला महासचिव मुरादाबाद, हाजी शकील अहमद जिला उपाध्यक्ष मुरादाबाद,बंटी भारती विधानसभा प्रभारी कांठ,पवन कश्यप जिला कार्यकारिणी सदस्य, करतार सिंह जिला सचिव,मुकेश कुमार प्रभारी नगर विधानसभा,ऋषिपाल सिंह पूर्व पार्षद, खुर्शीद मलिक, सेक्टर अध्यक्ष,अतर सिंह ग्राम प्रधान नानकबॉडी , पतराम सिंह, विनोद कुमार, आदि कार्यकर्ताओं के साथ गाँव के लोग भी मौजूद रहे।

## एक नजर

### प्रेस क्लब में केहर बने अध्यक्ष और मोहम्मद साबिर को मिली उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी



**कांठ।** प्रेस क्लब की वार्षिक बैठक का आयोजन आज नगर के क्वालिटी रेस्टोरेंट पर किया गया जिसमें नई कार्यकारिणी का सर्व सम्मति से चयन हुआ बैठक में केहर सिंह देवल को अध्यक्ष, हाफिज मोहम्मद साबिर को उपाध्यक्ष, राजेंद्र सिंह कश्यप को कोषाध्यक्ष और डॉक्टर शब्बीर मोमिन को सचिव की जिम्मेदारी दी गई। इसके बाद पूरे वर्ष के आय व्यय का ब्यौरा बताया गया और नव चयनित पदाधिकारियो को शुभकामनाएं देने के साथ-साथ उन्हें उनकी जिम्मेदारियो से अवगत कराया गया। संरक्षक ने कहा कि सभी पदाधिकारी अपने कर्तव्य और दायित्वों का मन से पालन करने का प्रयास करेंगे। नव चयनित अध्यक्ष ने इस प्रक्रिया को एक गुलदस्ते का रूप दिया कहा कि यही प्रेस क्लब की असली पहचान है। मोहम्मद साबिर ने कहा कि आपसी तालमेल के साथ नए और पुराने चेहरों को हर वर्ष जगह मिलना ही प्रेस क्लब की अच्छी नीति का परिचायक है। शब्बीर मोमिन और राजेंद्र कुमार कश्यप ने इस तरह की चयन प्रक्रिया पर खुशी जताई और प्रेस क्लब को सभी के सहयोग से और भी पारदर्शी बनाए जाने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर शैलेंद्र चौहान, तनवीर आलम, केहर सिंह, हाफिज मोहम्मद साबिर, राजेंद्र सिंह कश्यप, गौहर हुसैन, शब्बीर मोमिन आदि मौजूद रहे।

### माताओं को जागरूक करने के लिए न कोई गोष्ठी, न कोई आयोजन



**कांठ।** शासन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने आज से शुरू हुएष विश्व स्तनपान सप्ताहष (वर्ल्ड ब्रेस्टफीडिंग वीक) में माता को स्तनपान का महत्व एवं स्तनपान करने के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए थे स लेकिन इस बारे में क्षेत्र में ना कोई गोष्ठी हुई ना कोई जागरूकता का आयोजन हुआस हर साल 1 से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जाता है। यह एक वैश्विक अभियान है जिसका उद्देश्य स्तनपान के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना और माताओं को अपने बच्चों को स्तनपान कराने के लिए प्रोत्साहित करना है। पैन अमेरिकन हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन (पाहो). यह विषय स्तनपान कराने वाली माताओं की विविधता का जश्न मनाने और उनके स्तनपान के पूरे सफर में उनका समर्थन करने के महत्व पर जोर देता है।जन्म के एक घंटे के अन्दर शिशु को माँ का पहला पीला गाढ़ा दूध अवश्य पिलायें। सिजेरियन ऑपरेशन द्वारा प्रसव के तुरन्त बाद भी स्तनपान कराना अत्यन्त आवश्यक है। शिशु के साथ न होने पर स्तन का दूध हाथ से निकाल. कर शिशु को पिलाए जाने का प्रयास करें। सभी राजकीय एवं निजी चिकित्सालयों में जन्म लेने वाले शिशु के लिए स्तनपान को बढ़ावा।जन्म के एक घण्टे के अन्दर स्तनपान आरम्भ करना जन्म के बाद से छह माह तक केवल स्तनपान करानास नगर एवं क्षेत्र में सरकारी स्तर पर विश्व स्तनपान सप्ताह में कोई आयोजन ना करना चर्चा का विषय बना हुआ है।

### चौकीदार की सजगता से चोर हुए नाकाम, ताले तोड़ने के बाद भी नहीं ले जा सके सामान



**कांठ।** चौकीदार की सजगता के चलते रात को स्कूल के ताले तोड़कर चोरी के इरादे से अंदर घुसे चोर नाकामयाब हो गए। ताले तोड़ने तक तो सीमित रहे लेकिन कोई सामान नहीं ले जा पाए स्कूल मालिकों ने चौकीदार का आभार व्यक्त किया है। गोपालपुर निवासी शुरेश राणा करीब 25 सालों से शकील अहमद की खेती बाड़ी का काम देखता आ रहा है। 2013 में उन्होंने दा मिल्लत स्कूल की स्थापना की तब से वह स्कूल के चौकीदार के रूप में काम कर रहा है। रात को भी वह पूरी मुस्तेदी के साथ पहरे पर था चोर दीवार फांदकर बाउंड्री के अंदर चले गए और उन्होंने पिछले दरवाजे के ताले तोड़कर अंदर घुस गए तभी चौकीदार को आभास हुआ उसने मेज में जोर-जोर से डंडा मार कर आहट कर दी और कुछ लोगों के नाम लेकर चोरों को पकड़ने के लिए आवाज लगाई बताया गया कि शोर सुनते ही बाहर खड़े दो चोर भाग खड़े हुए और उसके पीछे से तीन और लोग अंदर से निकले गनीमत रही कि वह किसी तरह का कोई सामान नहीं ले जा पाए। चौकीदार ने घटना की सूचना स्कूल मालिकों को दी उन्होंने चौकीदार की इस सजगता के लिए उसका आभार जताया और पीठ थपथपाई घटना की सूचना पुलिस को नहीं दी गई है।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्रतिदिन टीकाकरण के लिए दिए आदेश

**बिलारी।** जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉक्टर संजीव बेलवाल के निर्देश अनुसार नगर क्षेत्र बिलारी के लाभार्थियों को टीकाकरण की समस्या के निदान एवं रूटीन इम्यूनाइजेशन को बढ़ावा देने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलारी महिला अस्पताल में प्रतिदिन टीकाकरण किया जाएगा यह टीकाकरण कार्य प्रात: 10:00 बजे से 4:0 बजे तक सभी कार्य दिवसों में उपलब्ध रहेग राजकीय अवकाश एवं रविवार के अतिरिक्त सभी कार्य दिवस में टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध होगी इस कार्य मैं दो हेल्थ सुपरवाइजर श्रीमती नूर अफसा एवं श्रीमती बृजरानी को कार्य के जिम्मेदारी दी गई है समस्त बिलारी नगर वासियों को अपने बच्चों का टीकाकरण करने में काफी आसानी होगा।



# टैरिफ के मायने

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत पर टैरिफ की घोषणा तब की है, जब भारत-अमरीका द्विपक्षीय व्यापार समझौते की बातचीत अंतिम चरण में है। अगस्त में अंतरिम समझौते के सामने आने की भी संभावनाएं हैं। बुनियादी पेंच कृषि, डेयरी, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों, इलेक्ट्रिक वाहन, वाइन आदि को लेकर फंसा है। भारत अपने किसानों, पशुपालकों, छोटे व्यापारियों, उद्यमों के हितों के मद्देनजर यह क्षेत्र व्यापार के लिए पूरी तरह खोलना नहीं चाहता अथवा शुल्क को कम करने को भी तैयार नहीं है, लेकिन अमेरिका आमादा है कि उसे भी इन क्षेत्रों में कारोबार करने की अनुमति दी जाए।

अमेरिकी टैरिफ से भारत की अर्थव्यवस्था पर कितने और क्या प्रभाव पड़ेंगे, उसकी समीक्षा सरकार ने शुरू कर दी है। बहरहाल अमरीकी रुख में कई विरोधाभास रहते हैं। राष्ट्रपति ट्रंप एक ओर भारत और प्रधानमंत्री मोदी को दोस्त और रणनीतिक साझेदार कहते नहीं थकते। दूसरी ओर व्यापार समझौते के विमर्श के बावजूद 25 फीसदी टैरिफ थोपने का बयान दिया है। आखिर भारत के लिए अमेरिका के किस किरदार को स्वीकार किया जाए? बीते वित्त वर्ष के दौरान दोनों देशों के बीच 131.84 अरब डॉलर का कारोबार किया गया।

अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। 2024-25 में भारत ने 7.51 लाख करोड़ रुपए का निर्यात किया और अमेरिका से 3.52 लाख करोड़ रुपए का आयात किया। भारत मुनाफे की स्थिति में है। दरअसल अमेरिका सबसे ज्यादा रूस के साथ भारत के तेल और हथियारों के व्यापार पर बहुत चिढ़ता है। राष्ट्रपति ट्रंप का बार-बार कहना है कि भारत के साथ अमेरिका का कारोबार कम हुआ है। भारत दुनिया में सबसे ज्यादा टैरिफ लगाता है। अमेरिका उसे संतुलित करना चाहता है। भारत रूस से कच्चा तेल 15-20 डॉलर प्रति बैरल की छूट पर खरीदता है। नतीजतन 2023 में 10 अरब डॉलर की बचत हुई। 2024 में भारत ने करीब 43 फीसदी तेल रूस से खरीदा। रूस से ही हर साल 2-3 अरब डॉलर के रक्षा उपकरण भारत खरीदता है। बीते 10 साल में जरूरत का 70 फीसदी सामान रूस से ही खरीदा गया, जबकि 2008 के बाद अमेरिका से 24 अरब डॉलर के रक्षा-सौदे हुए।

बहरहाल अमेरिकी टैरिफ से भारत का निर्यात जरूर प्रभावित होगा। सबसे अधिक प्रभावित फार्मा क्षेत्र होगा, जो 8.1 अरब डॉलर का निर्यात करता है। अमेरिका 40 फीसदी जेनेरिक दवाएं भारत से ही लेता है। 2025 में निर्यात 85,000 करोड़ रुपए रहा। इसके अलावा, टेलीकॉम उपकरण, हीरे, रत्न, कीमती पत्थर, सोना और जेवरात, कपड़े, लोहा और इस्पात, ऑटो कंपोनेंट, इलेक्ट्रॉनिक्स, पेट्रो केमिकल, ऑर्गेनिक केमिकल आदि का अरबों डॉलर में निर्यात अमेरिका को किया जाता है। 2024-25 में भारत ने 86.51 अरब डॉलर का निर्यात किया और 45.33 अरब डॉलर का आयात अमेरिका से किया। विशेषज्ञों के आकलन हैं कि टैरिफ से निर्यात में 7 अरब डॉलर सालाना की गिरावट आ सकती है। भारतीय मुद्रा रुपया बुधवार को ही अपने सर्वकालिक निचले स्तर पर आ गया।

## नई फुटवियर-लेदर नीति से मिलेगा प्रोत्साहन



सरकार फुटवियर, लेदर और नॉन-लेदर विनिर्माण के क्षेत्र को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने की दिशा में ठोस कदम उठाने के लिये तैयार है। उत्तर प्रदेश को इस क्षेत्र में वैश्विक पहचान दिलाने की अपार संभावनाएं हैं। राज्य के पारंपरिक कौशल, प्रशिक्षित श्रमबल, कच्चे माल की प्रचुरता और आगरा, कानपुर व उन्नाव जैसे सशक्त औद्योगिक केंद्रों की मौजूदगी को देखते हुए एक समग्र, व्यावहारिक और परिणामोन्मुखी नीति का निर्माण आवश्यक हो गया है। नीति में स्पष्ट रूप से यह परिभाषित किया जाए कि प्रदेश के कौन-से क्षेत्र इस उद्योग के लिए सबसे उपयुक्त हैं, यदि उत्पादन, डिज़ाइन, अनुसंधान और प्रशिक्षण को एकीकृत किया जाए तो यह क्षेत्र न केवल बड़े पैमाने पर निवेश आकर्षित कर सकता है, लाखों युवाओं को रोजगार भी उपलब्ध करा सकता है। **योगी आदित्यनाथ, सीएम यूपी**

# एशिया की बिसात पर चीन की घेराबंदी, लंदन और तेल अवीव का बड़ा दांव






काकेशस से उठती चिंगारी और एशिया का सुलगता नक्शाजिस आग का धुआं काकेशस से उठ रहा है, उसकी चिंगारियां अब पूरे एशिया को भस्म करने की ओर हैं। अयातुल्ला खामेनेई के वरिष्ठ सलाहकार अली अकबर वेलायती की चेतावनी सिर्फ ईरान की चिंता नहीं, बल्कि एक भू-राजनीतिक रेड अलर्ट है। जंगेजुर गलियारा केवल एक भौगोलिक परियोजना नहीं, बल्कि प्रतिरोधी धुरी ईरान, रूस और चीन को तोड़ने की एक सोची-समझी योजना है, जिसके पीछे वॉशिंगटन की CIA, लंदन की MI6 और तेलअवीव के थिंक टैंक मिलकर चालें चल रहे हैं।

दक्षिण-पूर्व एशिया में पश्चिम की चालबाजी और चीन को यूक्रेन-रूस जैसे जाल में फंसाने की साजिश थाईलैंड और कंबोडिया की सीमाओं पर तनाव का खेल, म्यांमार में रंगीन क्रांति की पुनरावृत्ति की तैयारी और ताइवान को यूक्रेन की तरह प्रतिरोध की प्रयोगशाला बनाने की कवायद इसी बिसात का हिस्सा हैं।

ऑस्ट्रेलिया, जापान, भारत और दक्षिण कोरियाकृए सभी देश एक अघोषित एशियाई नेटो के सदस्य की तरह प्रयोग किए जा रहे हैं, लेकिन इस जाल का असली बुनकर कौन है? तेलअवीव और लंदन की पुरानी जोड़ी एक सदी पुरानी चाल की वापसी जिस तरह सौ साल पहले ऑटोमन साम्राज्य को तोड़ा गया था, आज वैसी ही कूटनीतिक शतरंज एशिया में बिछाई जा रही है। लंदन का MI6 और तेल अवीव की सैन्य लॉबी चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव BRI को रो. कने के लिए सीमा-रेखाओं को युद्ध क्षेत्र में बदलने की कोशिश कर रही हैं और बदल भी रही हैं। हर समुद्री रूट, हर कूटनीतिक शिखर सम्मेलन, एक नया मोर्चा बनाने की के सडयंत्र जारी है।

**यूरोप की जर्जर होती सैन्य और ऊर्जा रीढ़**

यूक्रेन युद्ध ने यूरोप की सामरिक और आर्थिक रीढ़ की कमजोरियां उजागर कर दी हैं। अमेरिका और यूरोप द्वारा भेजे गए हथियारों की रूस द्वारा तबाही, यूरोपीय हथियार भंडारों के घटते शस्त्रगार, कारखानों की डिमांड पूरी ना कर पाने की स्थिति और ऊर्जा आपूर्ति में रूसी कटौती ने पश्चिमी देशों को गहरे संकट में डाल दिया है। महंगाई बेलगाम है, जनमानस असंतुष्ट है और राजनीतिक स्थिरता अब एक सपना बनती जा रही है। इस बीच, नाटो की रणनीतियां खोखली गीदड़ भबकी साबित होती जा रही हैं।

**भारत की डगमगाती विदेश नीति और घरेलू दुविधा**

भारत की डगमगाती विदेश नीति और घरेलू दुविधा भारत इस भूचाल के बीच वसुधैव कुटुम्बकम की बात करता है, लेकिन उसकी पश्चिम-प्रस्त विदेश नीति और घरेलू राजनीतिक प्राथमिकताओं के बीच तालमेल अब दूर की कोड़ी बन चूका है। पश्चिम से सामरिक करीबी का चुनावी लाभ और निर्यात निर्भरता दूसरी ओर रूस-चीन से किफायती संसाधनों पर निर्भरता ने भारत को एक असमंजस की स्थिति में ला खड़ा किया है। ट्रंप की धमकियों और चीन की सतर्क निगाहों के बीच भारत की सामरिक निष्पक्षता की नीति अब भारी दबाव में दिखाई देने लगी है।

**ट्रंप 2.0-विश्व नेतृत्व नहीं, वैश्विक अस्थिरता का इंजीनियर**

ट्रंप की भू-आर्थिक रणनीति का केंद्र अब यूरोप नहीं, बल्कि ब्राजील, भारत और ैमिछ देशों पर है। ब्रिक्स को कमजोर करना और रूस-चीन को अलग-थलग करना अमेरिका की प्राथमिकता है। लेकिन यह रणनीति अब खुद अमेरिका के लिए ही उलझन बनती जा रही है। Mi6 CIA और तेलअवीव द्वारा पालपोस कर तैयार किए गए घोड़े बग्गी में जुड़ने की स्तिथि खो चुके हैं।

**भारत की उधार की अर्थव्यवस्था**

भारत ने कोई वैकल्पिक अर्थव्यवस्था की तैयारी नहीं की? रूस से भारत को सस्ता तेल मिल रहा है, चीन से सस्ता अर्ध-तैयार माल। यह गठजोड़ भारत की घरेलू मांग और निर्यात की रीढ़ बन चुका है। लेकिन यह सिर्फ आर्थिक समीकरण नहीं, बल्कि अस्थाई राहत मात्र है जो डोमेस्टिक राजनी. ति में विपक्ष को चुनावी जवाब तो हो सकता है मगर भारत की आत्मनिर्भरता के लिए बहुत बड़ा छलावा भी है जो दूरगामी आर्थिक निति के विकल्प कम कर सकता है। चीन के आगे झुकने को मजबूर कर सकता है। पिछले 11 वर्षों में रूस ने बार-बार अनुभव किया है कि भारत का झुकाव पश्चिम की ओर है और पूर्व की तरह सशक्त नहीं बल्कि अवसरवादी हो चला है। परिणामस्वरूप, वह चीन के साथ मिलकर अपने दुसरे सहयोगियों को हाई-स्पीड हाइपरसोनिक हथियार दे रहा है, जो युद्ध की तैयारी से अधिक एक मनोवैज्ञानिक संकेत है कि 'हम अब पश्चिम की भाषा में जवाब देंगे।'

**बिखरती पश्चिमी बिसात और उलझे हुए सहयोगी**

पश्चिम द्वारा बिछाई गई बिसात अब स्वयं में ही उलझती जा रही है। पारंपरिक सहयोगीकृजैसे फ्रांस, जर्मनी और इटली, अब आर्थिक और सैन्य रूप से थक चुके हैं। वे अपने निर्णयों में ही सहमति असहमती के खेल में फस चुके हैं और नीतियों में दिशाहीन दिखाई देने लगे हैं और नए रणनीतिक साझेदार जैसे भारत ताइवान भी घरेलु राजनितिक रोड मेप सत्ता की मजबूती वाली धार्मिक जंजीर की कड़ियों के टांके। ऐसा प्रतीत होता है कि जिस अवसर्वदिता को पश्चिम ने वैश्विक व्यवस्था कहा था, वही अब अपने ही वजन से चरमराने लगी है। सभ्यताओं के भविष्य की रणभूमि अब एशिया की बिसात केवल शक्ति संतुलन की लड़ाई नहीं, बल्कि सभ्यताओं के भविष्य का रण बन चुकी है। भारत के सामने सबसे बड़ी चुनौती है, जिसे गंभीरता से समझे बिना रास्ते और जटिल हो सकते हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्व की राजनी. तिक कुटनीतिक मामलों पर गहरी और बारिक पकड़ रखते हैं, ये लेखक के निजी विचार हैं)

# ब्रेकअप से टूट गए, फिर से खुद को संभालें

**कुछ योग आसन आपके दिल को फिर से खोलने में मदद कर सकते हैं। जैसे ऊंट मुद्रा, सेतु बंध मुद्रा और भुजंग मुद्रा। यह आसन आपकी छाती को खोलते हैं और मन की भावनाओं को बाहर निक. ालने में मदद करते हैं। सूर्य नमस्कार से शुरुआत करें और फिर दोनों हाथों को दिल के पास श्अंजलि मुद्राश में जोडें और कुछ गहरी सांसें लें। इससे आपके अंदर शांति और ऊर्जा दोनों आएगी। प्रकृति से जुड़ने के लिए पहाड़ों पर घुम कर आएं प्रकृति में बहुत शक्ति है। हरेभरे पेड, ठंडी हवा, बारिश की बूंदें और पक्षियों की आवाज, ए सब दिल को सुकून देते हैं। रोज कुछ समय बाहर बिताएं। टहलते हुए तीन गहरी सांसें लें और महसूस करें कि हर सांस के साथ हरा रंग आपके दिल में भर रहा है। यह छोटा सा अभ्यास भी आप में जीने की इच्छा जगा देगा।**

ब्रेकअप का दर्द असहनीय हो सकता है, ऐसा लगता है जैसे जिंदगी थम सी गई हो और आगे बढने की सारी उम्मीदें खत्म हो गई हों। यह सच है कि किसी खास इंसान का जाना एक गहरा जख्म दे जाता है, लेकिन याद रखें, एक व्यक्ति के चले जाने से आपकी पूरी जिंदगी खत्म नहीं होती। जैसे हर इंसान एक नए मौके का हकदार होता है, वैसे ही आप भी एक नई शुरुआत के काबिल हैं। ब्रेकअप के बाद आगे बढना मुश्किल जरूर है, लेकिन नामुमकिन नहीं। आइए जानते हैं कि कैसे आप खुद को टूटे हुए रिश्ते की अंधेरी गलियों से बाहर निकालकर फिर से रोशनी की ओर ले जा सकते हैं।



1. **स्वीकार करें कि आप टूट चुके हैं और खुद को ठीक करने की कोशिश करें**

दिल टूटना आसान नहीं होता। पहला कदम है अपनी भावनाओं को स्वीकार करना और कहना, श्हां, मुझे दुख हुआ है।श कभीकभी हम अपना दर्द छिपा लेते हैं, लेकिन इससे वह और गहरा हो जाता है। यह जरूरी है कि आप जो महसूस कर रहे हैं, उसे महसूस करें, चाहे वह उदासी हो, गुस्सा हो या उलझन। रोने का दिल करें तो रोएं, दिल में जो भी चल रहा है उसे लिखें, लेकिन खुद से झूठ न बोलें। दर्द को स्वीकार करना ही असली हिम्मत है और ठीक होने की शुरुआत है।

2. **खुद को दोष देने की बजाय खुद से प्यार करें**

ब्रेकअप के बाद, हमारे मन में अक्सर सवाल आते हैं कि क्या मैंने कोई गलती की?, क्या मैं काफी अच्छा नहीं था? ऐसे विचार आपको और भी ज्यादा दुखी कर सकते हैं। इसके बजाय, सोचें कि अगर आपका कोई करीबी दोस्त इस दौर से गुजर रहा होता, तो आप क्या कहते। अब खुद से भी यही बातें कहें। प्यार में कुछ गलत हुआ, यह आपकी गलती नहीं है। खुद को कोसना बंद करें, खुद के प्रति दयालु बनें और धीरेधीरे फिर से मुस्कुराना सीखें।

3. **खुद से फिर से प्यार करना शुरू करें**

ब्रेकअप के बाद जिंदगी बिखर सकती है, लेकिन यही वो समय है जब आप अपने लिए खडे हो सकते हैं। खुद से जुडें, ऐसे काम करें जिनसे आपको अच्छा महसूस हो, चाहे वो किताब पढना हो, टहलने जाना हो, या अकेले में चाय पीना ही क्यों न हो। याद रखें, जब तक आप खुद से प्यार नहीं करेंगे, आप किसी और से भी ठीक से प्यार नहीं कर पाएंगे।

4. **समझें कि अपने दिल की बात कहना कोई कमजोरी नहीं है**

अपनी भावनाओं को दबाना अच्छा विचार नहीं है। इससे आपका दिल भारी हो जाता है और धीरे-धीरे आपकी ऊर्जा खत्म हो जाती है। अगर बोलना, लिखना, गाना या चिल्लाना मुश्किल हो रहा है तो अपनी भावनाओं को रचनात्मक तरीकों से व्यक्त करें। आप चित्रकारी, संगीत, नृत्य या डायरी लिखने का सहारा ले सकते हैं। रोजाना बस 10 मिनट निकालकर जो भी आपके मन में आए उसे महसूस करें, यह खुद से प्यार करने का एक तरीका है।

5. **माफ करें और दिल का बोझ हल्का करने की कोशिश करें**

किसी को माफ करना मुश्किल है, लेकिन जरूरी भी है। दूसरों को माफ करने का मतलब खुद को हल्का करना और अपने दिल का बोझ उतारना है। अगर आप माफ नहीं करते, तो आपके अंदर ही अंदर गुस्सा और उदासी जमा हो जाती है, जो आपको आगे बढने से रोक सकती है।

आपके दिल को फिर से प्यार की जरूरत है, इसीलिए आगे बढ़ने से पहले उसे पुराने दर्द से आजाद करना जरूरी है। नए रिश्तों को धीरेधीरे अपनाएं, जल्दबाजी न करें। सही लोग सही समय पर मिल जाएंगे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# चीन पर काफी निर्भर है देश का इलेक्ट्रॉनिक उद्योग

भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं में से एक है, और इसमें इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग का एक महत्वपूर्ण योगदान है। लेकिन यह उद्योग पूरी तरह से आत्मनिर्भर नहीं है। भारत में कई ऐसे इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद हैं जिन्हें देश में बनाया नहीं जाता बल्कि केवल असेंबल किया जाता है। इनमें प्रमुख रूप से मोबाइल फोन, टेलीविजन, लैपटॉप, टैबलेट, स्मार्टवॉच, इयरबड्स, होम अप्लायंसेज और अन्य स्मार्ट डिवाइसेज शामिल हैं। ये उत्पाद मुख्यत: चीन से आयात किए जाते हैं, और भारतीय कंपनियां या फैक्ट्रियां इन्हें स्थानीय स्तर पर केवल असेंबल करती हैं। भारत सरकार ने 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसे अभियानों को आगे बढ़ाने का प्रयास किया है, लेकिन कुछ उत्पादों और तकनीकों के मामले में देश अब भी चीन पर निर्भर है, और इनका घरेलू निर्माण व्यवहारिक या आर्थिक रूप से अभी संभव नहीं हो पाया है।

मोबाइल फोन निर्माण भारत में सबसे तेजी से बढ़ता हुआ क्षेत्र है। भारत आज दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल बाजार है, लेकिन इसकी बड़ी मात्रा चीन से आयातित पार्ट्स पर निर्भर है। Xiaomi, Realme, Oppo, Vivo और OnePlus जैसी कंपनियां भारतीय बाजार में अग्रणी हैं। इन कंपनियों के अधिकांश पार्ट्स जैसे कि डिस्प्ले पैनल, कैमरा मॉड्यूल, चिपसेट, बैटरी, प्रिंटेड सर्किट बोर्ड और अन्य मुख्य घटक चीन या ताइवान से आते हैं। भारत में Foxconn] Dixon Technologies और Lava जैसी कंपनियां असेंबली का कार्य करती हैं, लेकिन उनके पास पूरी तरह से एंड-टू-एंड मैन्युफैक्चरिंग की तकनीक या क्षमता नहीं है। उदाहरणस्वरूप, Apple ने अपने कुछ iPhone मॉडल्स की असेंबली भारत में शुरू की है, लेकिन उनके मुख्य घटक चीन, जापान और कोरिया से आते हैं। Apple की सप्लाई चेन का लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा अब भी चीन और एशियाई देशों से जुड़ा हुआ है। भारत की असेंबली यूनिट्स जैसे Foxconn (चेन्नई), Pegatron और Wistron केवल आईफोन का बाहरी ढांचा बनाते हैं, लेकिन उनका प्रोसेसर या OLED डिस्प्ले जैसी एडवांस टेक्नोलॉजी चीन में ही बनती है। यही स्थिति Xiaomi, Realme और Vivo के स्मार्टफोन के साथ भी है।

टेलीविजन सेक्टर में भी भारत की निर्भरता चीन पर बनी हुई है। भारत में LG, Sony, Samsung, Xiaomi, OnePlus और TCL जैसे ब्रांड प्रमुख हैं। भारत में जो टीवी असेंबल किए जाते हैं, वे आमतौर पर चीन, मलेशिया, दक्षिण कोरिया और थाईलैंड से आयात किए गए पार्ट्स पर आधारित होते हैं। खासकर पैनल जो टीवी की सबसे महंगी और तकनीकी रूप से जटिल इकाई होती है, वह अधिकतर BOE, CSOT और LG Display जैसी कंपनियों द्वारा चीन या कोरिया में निर्मित की जाती है। भारत में टेलीविजन असेंबली यूनिट्स को केवल पैनल, बॉडी, मदरबोर्ड और अन्य हिस्सों को जोड़कर तैयार प्रोडक्ट बनाना होता है। भारत में पैनल बनाने की कोई मेजर फैक्ट्री नहीं है। IHS Markit की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में बेचे जाने वाले 94 प्रतिशत टीवी पैनल विदेशों से आते हैं, जिनमें से 70 प्रतिशत केवल चीन से आयात होते हैं। इसलिए पैनल निर्माण जैसी अत्याधुनिक तकनीक के लिए भारत को लंबे समय तक विदेशी सप्लायर्स पर निर्भर रहना होगा।

इसी तरह से लैपटॉप और टैबलेट जैसे प्रोडक्ट्स में भी भारत की स्थिति लगभग वैसी ही है। Dell, HP, Lenovo, Acer, Asus और Apple जैसे ब्रांड भारत में अपनी असेंबली यूनिट्स चलाते हैं, लेकिन चिपसेट Intel, AMD, Apple Silicon, SSD, मदरबोर्ड, स्क्रीन और बैटरी जैसे घटक चीन, ताइवान और दक्षिण कोरिया से आते हैं। भारत सरकार ने 2023 में IT हार्डवेयर PLI योजना Production Linked Incentive लागू की थी ताकि देश में लैपटॉप और पीसी के निर्माण को प्रोत्साहित किया जा सके, लेकिन अभी यह प्रारंभिक चरण में है। HP और Lenovo जैसी कंपनियों ने भारत में असेंबली की सुविधा शुरू की है, लेकिन उनका निर्भरता आयातित हिस्सों पर बनी हुई है। भारत की सेमीकंडक्टर निर्माण की तकनीक और इकोसिस्टम अब तक विकसित नहीं हो पाया है। गुजरात और उत्तर प्रदेश में सेमीकंडक्टर फैब की योजनाएं बनाई गई हैं लेकिन वे 2026 से पहले चालू होने की संभावना नहीं है। स्मार्टवॉच, फिटनेस बैंड और TWS -True Wireless Stereo ईयरबड्स जैसे वियरेबल्स भी भारत में बड़े स्तर पर बिकते हैं लेकिन इनमें से अधिक. ांश का निर्माण चीन और वियतनाम में होता है। Boat, Noise, Fire Boltt जैसी भारतीय ब्रांड्स भी अपने प्रोडक्ट्स चीन से इम्पोर्ट कर भारत में असेंबल करती हैं। इन डिवाइसेज में इस्तेमाल होने वाली ब्लूटूथ चिप्स, सेंसर्स, बैटरी और ड्राइवर यूनिट्स चीन से आती हैं और भारत में केवल केसिंग और पैकेजिंग होती है। IDC की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 2023 की चौथी तिमाही में बिके 84 प्रतिशत TWS ईयरबड्स चीन से आयातित घटकों पर आधारित थे। सस्ता उत्पादन, परिपक्व आपूर्ति श्रंखला और तकनीकी दक्षता चीन को इस उद्योग में अत्यंत प्रतिस्पर्धी बनाते हैं। भारत अभी इस स्तर की दक्षता और संसाधन विकसित नहीं कर पाया है जिससे वह पूरी तरह से स्वदेशी वियरेबल्स बना सके।

होम अप्लायंसेज जैसे रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन, माइक्रोवेव ओवन, एयर कंडीशनर आदि में भारत की कुछ स्वदेशी निर्माण क्षमताएं विकसित हुई हैं, लेकिन तकनीकी और विशेषीकृत पार्ट्स जैसे कि कंप्रेसर, मोटर, PCB यूनिट्स और सेंसर चीन और कोरिया से आते हैं। Voltas, Whirlpool, Samsung, LG और Haier जैसी कंपनियां भारत में असेंबली प्लांट्स चला रही हैं लेकिन पूरी मैन्युफैक्चरिंग केवल कुछ बुनियादी मॉडलों तक सीमित है। उदाहरण के लिए, Voltas अपने एयर कंडीशनर के कंप्रेसर को अभी भी थर्ड पार्टी सप्लायरों से लेती है जो अधिकतर चीन में हैं। Whirlpool और Haier की भी ऐसी ही स्थितियां हैं।

इसके अतिरिक्त, इलेक्ट्रॉनिक घटकों जैसे कि डायोड्स, कैपेसिटर्स, रेसिस्टर्स, कनेक्टर्स और SMD Surface Mount Devices कंपोनेंट्स का भी भारी मात्रा में आयात होता है। भारत में इनकी मैन्युफैक्चरिंग अब तक सीमित है। ELCINA-Electronic Industries Association of India के अनुसार, भारत का कुल इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट आयात 2022-23 में लगभग 32 बिलियन डॉलर था, जिसमें से 45 प्रतिशत से अधिक केवल चीन से आयातित था। इससे यह स्पष्ट होता है कि भारत अभी भी मूलभूत इलेक्ट्रॉनिक सामग्रियों के निर्माण में पिछड़ा हुआ है।

कुछ भारतीय कंपनियां जैसे Dixon Technologies, Lava, Optiemus, Syrma SGS और Bharat FIH असेंबली में दक्ष हैं और भारत में बड़े पैमाने पर उत्पादन करती हैं। Dixon Technologies us Samsung, Motorola, Xiaomi और OnePlus के लिए मोबाइल असेंबली का काम किया है। Lava ने कुछ स्तर पर अपना मोबाइल डिजाइन करना शुरू किया है, लेकिन वह भी चीन से आयातित पार्ट्स पर निर्भर है। Optiemus और Syrma SGS भी असेंबली पर केंद्रित हैं और उनके पास अभी डिजाइन और रॉ मटेरियल निर्माण की क्षमताएं नहीं हैं। भारत को जिन उत्पादों के लिए केवल असेंबली पर ध्यान देना चाहिए, वे वे उत्पाद हैं जिनमें अत्यधिक उच्च तकनीकी जटिलता, भारी पूंजी निवेश, व्यापक सप्लाई चेन और वैश्विक प्रतिस्पर्धा की आवश्यकता होती है। उदाहरणस्वरूप, स्मार्टफोन के प्रोसेसर, हाई-एंड ग्राफिक्स कार्ड, OLED डिस्प्ले, सेमीकंडक्टर चिप्स, टीवी पैनल, SSD ड्राइव्स, डिवाइस सेंसर्स, और मिनिएचर बैटरी यूनिट्स। इन सभी में चीन की तकनीकी क्षमता व लागत-प्रभाविता भारत से बहुत आगे है।

**-एम. इमरान**




# गाजा में इजरायल का कातिलाना तांडव, 175 फलस्तीनियों की हत्या

## नौ सीरियाई व एक लेबनानी मीडियाकर्मी को भी मार डाला

**गाजा।** गाजा पट्टी पर इज़राइली हवाई हमलों, बमबारी, स्नाइपर्स और सैन्य कार्रवाई में कम से कम 175 फलस्तीनी, नौ सीरियाई और एक लेबनानी मीडियाकर्मी मारे गए हैं। इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ जर्नलिस्ट (आईएफजे) ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि इस दौरान और कई लोगों पर हमला किया गया है और उन्हें मनमाने ढंग से हिरासत में लिया गया।

इसके अलावा इन हमलों में कई मीडियाकर्मी घायल हो गए या विकलांग हो गए हैं। लापता मीडियाकर्मियों की संख्या भी अच्छी खासी है। बयान में कहा गया है कि उक्त घटनाएं गत सात अक्टूबर, 2023 से अब तक की है। गत 25 जुलाई को अल-कुद्स टीवी और अल-कुद्स टुडे टीवी के लिए काम करने वाले फोटो पत्रकार एडम अबू हरबिंद की गाजा शहर में उनके परिवार के तंबू पर इजराइली हवाई हमले में मौत हो गई। गत 24 जुलाई को आईएफजे ने इज़राइली सरकार द्वारा गाजा की आबादी के खिलाफ़ भुखमरी को एक हथियार के रूप

**■ इस दौरान और कई लोगों पर हमला किया गया और उन्हें मनमाने ढंग से हिरासत में लिया गया**

में जानबूझकर इस्तेमाल करने की निंदा की। भुखमरी में पत्रकार भी शामिल हैं जो इज़राइल द्वारा विदेशी मीडिया पर प्रतिबंध के बीच एकमात्र गवाह बने हुए हैं। चार प्रमुख समाचार एजेंसियों, एजेंस फ्रांस प्रेसे (एएफपी), एसोसिएटेड प्रेस (एपी), रॉयटर्स और बीबीसी ने चेतावनी दी है कि स्थानीय पत्रकार भुखमरी का सामना कर रहे हैं और तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। उन्होंने कहा कि 21 महीने से चल रहे युद्ध को कवर करने वाले फीलांसर उन्हीं विकट परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं, जिन्हें वे कवर कर रहे हैं। उन्हें न तो बहुत कम भोजन मिल रहा है और साफ पानी का भी इंतजाम नहीं है। एएफपी ने इज़राइल से गाजा स्थित अपने पत्रकारों और उनके परिवारों को निकालने की अनुमति देने का आह्वान किया है। इज़राइल ने अक्टूबर 2023 से विदेशी पत्रकारों के गाजा में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है।

## इजरायल ने दक्षिण लेबनान में हिजबुल्लाह के हथियार उत्पादन केंद्रों को निशाना बनाया

**बेरूत/यरूशलम।** इज़रायल के युद्धक विमानों ने गुरुवार को पूर्वी और दक्षिणी लेबनान के कई इलाकों में लेबनानी समूह हिजबुल्लाह के ठिकानों को निशाना बनाकर गहन हवाई हमले किए। लेबनान के आधिकारिक मीडिया और एक सैन्य सूत्र ने यह जानकारी दी। लेबनान की राष्ट्रीय समाचार एजेंसी के अनुसार इज़रायल के हवाई हमलों की एक श्रृंखला ने पूर्वी लेबनान के बेका क्षेत्र में पूर्वी पर्वत श्रृंखला और दक्षिणी लेबनान के भीतरी इलाकों में विस्तृत क्षेत्रों को निशाना बनाया। लेबनानी सेना की खुफिया एजेंसी के एक सूत्र ने बताया कि इजरायल के युद्धक विमानों ने पूरे क्षेत्र में आधे घंटे से भी कम समय में 18 हवाई हमले किए, जिनमें हिजबुल्लाह के उन ठिकानों को निशाना बनाया गया जो पिछले हमलों में नष्ट हो चुके थे।

# कमला हैरिस ने राजनीति को अलविदा कहने का बनाया मन

## कहा: देश का पॉलिटिकल सिस्टम टूट गया



**वॉशिंगटन।** पूर्व अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने राजनीति छोड़ने का ऐलान किया है। उन्होंने द लेट शो विद स्टीफन कोलबर्ट में इंटरव्यू में कहा कि वह अब किसी भी राजनीतिक पद के लिए चुनाव नहीं लड़ेंगी, जिसमें कैलिफोर्निया के गवर्नर का पद भी शामिल है।

हैरिस ने कहा कि अमेरिका का पॉलिटिकल सिस्टम टूट चुका है और मैं लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने लिए मजबूत नहीं हूं। कैलिफोर्निया की गवर्नर रह चुकी हैरिस ने कहा कि उन्होंने अपने पूरे करियर में जनता की सेवा की है। उन्होंने कहा कि मैंने गवर्नर बनने के बारे में बहुत सोचा। मुझे अपने राज्य कैलिफोर्निया से प्यार है, लेकिन अब मुझे लगता है कि मेरी सिस्टम में बदलाव लाने की क्षमता घट गई है। टीवी होस्ट ने हैरिस से कहा कि आप जैसी इतनी काबिल शख्सियत का यह कहना कि सिस्टम टूट गया है, ये चिंताजनक है। हैरिस ने यह भी बताया कि वह अब देशभर में घूमकर लोगों से बात करना चाहती हैं, लेकिन वोट मांगने के लिए नहीं, बल्कि उनकी बात सुनने के लिए। उनकी नई किताब 107 डेज 23 सितंबर को रिलीज होने वाली है। जिसमें उन्होंने अपनी 107 दिन के राष्ट्रपति चुनाव कैंपेन के अनुभवों का जिक्र किया है। हैरिस से पूछा गया कि उन 107 दिनों में सबसे ज्यादा क्या हैरान करने वाला था, हैरिस ने कहा, हर रात मैं प्रार्थना करती थी कि मैंने आज अपने पूरे सामर्थ्य के साथ सबकुछ किया हो। कमला हैरिस को 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ हार मिली थी।

## संक्षिप्त समाचार

### लगातार पांचवीं बार सस्ता हुआ वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर

**नई दिल्ली।** तेल विपणन कंपनियों ने होटल-रेस्त्रां आदि में इस्तेमाल होने वाले वाणिज्यिक रसोई गैस (एलपीजी) सिलेंडर के दाम शुक्रवार से कम कर दिए। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल की बेवसाइट के अनुसार, दिल्ली में आज से 19 किलोग्राम वाला एलपीजी सिलेंडर 1631.50 रुपये का हो गया है। पिछले महीने इसकी कीमत 1665 रुपये थी। इस प्रकार यह 33.50 रुपये सस्ता हुआ है। इस साल मार्च के बाद से लगातार पांचवीं बार वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर के दाम कम किए गए हैं।

### यूक्रेन में रूसी हमले में मरने वालों की संख्या 28 हुई

**कीव।** यूक्रेन की राजधानी कीव पर रूसी मिसाइल और ड्रोन हमलों में तीन बच्चों सहित मृतकों की संख्या बढ़कर 28 हो गई है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यूक्रेन की राज्य आपातकालीन सेवा ने बताया कि गुरुवार को हुए हमले में 159 लोग घायल भी हुए हैं। सबसे ज़्डादा नुकसान स्वियातोशिस्की जिले में हुआ, जहां एक नौ मंजिला इमारत का एक हिस्सा ढह कर नष्ट हो गया। घटनास्थल पर राहत एवं बचाव कार्य जारी है।

### 'मन्नू क्या करेगा' का टीजर रिलीज

**मुंबई।** फिल्म 'मन्नू क्या करेगा' का टीज़र अब रिलीज़ हो गया है। फिल्म मन्नू क्या करेगा का निर्देशन संजय त्रिपाठी ने किया है। इस फिल्म को शरद मेहरा ने क्यूरियस आइज़ सिनेमा के बैनर तले प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म हिंदी सिनेमा में व्योम और साची बिंद्रा की पहली फिल्म है, जो इंडस्ट्री की सबसे ताज़ा जोड़ी के रूप में दर्शकों को लुभाने के लिए तैयार हैं।

### मोदी, अमित शाह असम का करेंगे दौरा

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आठ सितम्बर को और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 29 अगस्त को राज्य की कई प्रमुख परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के लिए राज्य का दौरा करेंगे। सरमा ने यहां लोक सेवा भवन में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री नुमालीगढ़ में करीब 4,000 करोड़ रुपये की लागत से बनी दूसरी पीढ़ी की बांस से इथेनॉल बनाने वाली परियोजना का उद्घाटन करेंगे।

# पहली बार हिमालय के बादलों में मिली जहरीली धातुएं

## ये धातुएं गंभीर बीमारी का बन सकती हैं कारण

**नई दिल्ली।** वैज्ञानिकों ने पहली बार पूर्वी हिमालय और पश्चिमी घाट के पर्वतीय इलाकों के बादलों में जहरीली भारी धातुओं का पता लगाया है जो कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों का कारण बन सकती हैं। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के तहत स्वायत्त संस्थान बोस इंस्टीट्यूट ने मानसून के आगमन के दौरान पूर्वी हिमालय और पश्चिमी घाट में असंघनित बादलों में जहरीली धातुओं की मौजूदगी पाई है।

उन्होंने पाया कि कभी सबसे स्वच्छ पानी का स्रोत माने जाने वाले ये बादल प्रदूषित निचले इलाकों से अपने साथ विषैली भारी धातु भी लेकर आते हैं और धरती के सबसे ऊँचे तथा भंगुर पारिस्थितिकियों तक पहुंचाते हैं।

**■ जहरीली धातुओं से देश में व्यस्कों की तुलना में बच्चों को 30% अधिक खतरा**

विभाग द्वारा शुक्रवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह खोज न सिर्फ पहाड़ों की साफ बारिश के मिथक को तोड़ती है, बल्कि कैंसर और बच्चों में विसंगतियों के विकास के प्रति चिंता भी पैदा करती है। बोस इंस्टीट्यूट के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सनत कुमार दास के नेतृत्व वाली वैज्ञानिकों की टीम ने बताया कि पूर्वी हिमालय में प्रदूषण का स्तर 1.5 प्रतिशत बढ़ गया है। इसका कारण निचले इलाकों में वाहनों उद्योगों से निकलने वाले कैडमियम, तांबा और जिक जैसी धातुओं की मात्रा में 40 से 60 प्रतिशत की वृद्धि है। ये कैंसर का कारण बन सकते हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि असंघनित बादलों में मौजूद ये धातु सीधे सांसे के जरिये हमारे शरीर में प्रवेश करती हैं। इन जहरीली धातुओं से देश में व्यस्कों की तुलना में बच्चों को 30 प्रतिशत अधिक खतरा है। इनसे कैंसर के अलावा दूसरी बीमारियां भी हो सकती हैं। टीम ने यह भी पाया कि बादलों में घुले हुए क्रोमियम साँस के जरिये लेने से कैंसर का कारण बनने वाली बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। इन बादलों में कैडमियम, क्रोमियम, तांबा और जिक की ऊंची मात्रा पाई गई है जिसका कारण वाहनों और उद्योगों से निकलने वाला प्रदूषण है।

## जापान ने फुकुशिमा परमाणु संयंत्र से शोधित जल की निकासी फिर शुरू की

**टोक्यो।** जापान ने अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) को बताया है कि सुनामी के खतरे के कारण फुकुशिमा-1 परमाणु ऊर्जा संयंत्र से रोके गए शोधित रेडियोधर्मी जल को शुक्रवार से फिर से समुद्र में छोड़ना शुरू कर दिया गया है। आईएईए ने यह जानकारी दी। एजेंसी ने कहा कि सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुसार जापान के फुकुशिमा-1 परमाणु ऊर्जा संयंत्र में एएलपीएस प्रणाली द्वारा शोधित जल की निकासी रोक दिया गया है। आईएईए ने एक्स पर कहा कि जापान ने आईएईए को बताया है कि फुकुशिमा दाइची परमाणु ऊर्जा स्टेशन के तट से एएलपीएस द्वारा शोधित जल की निकासी आज फिर से शुरू हो गई है। गौरतलब है कि बुधवार को रूस के कामचटका प्रायद्वीप के तट पर रिक्टर पैमाने पर 8.8 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए थे।




नई दिल्ली। मानसून सत्र के दौरान संसद के बाहर SIR के विरोध में प्रदर्शन करते विपक्षी सांसद।

## जोमार्ट तोकायेव के निमंत्रण पर तीन अगस्त को कजाकिस्तान आएंगे गुटेरेस

**अल्माटी।** कज़ाखस्तान के राष्ट्रपति कासिम-जोमार्ट तोकायेव के निमंत्रण पर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस तीन अगस्त को यहां आएंगे। राष्ट्रपति कार्यालय ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि तीन अगस्त को, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस राष्ट्रपति तोकायेव के निमंत्रण पर कज़ाखस्तान का दौरा करेंगे। राष्ट्रपति कार्यालय के अनुसार दोनों नेता अल्माटी में वार्ता करेंगे और 2025 में संयुक्त राष्ट्र के एक प्रस्ताव द्वारा स्थापित पश्चिम एशिया और अफगानिस्तान के लिए सतत विकास लक्ष्यों के वास्ते स्थापित संरा के क्षेत्रीय केंद्र जाएंगे। गुटेरेस ने इससे पहले 2024 में संरा कार्यालय पहुंचे थे।

## चीन ने यूक्रेन संकट पर अमेरिकी आरोपों को किया खारिज

**संयुक्त राष्ट्र।** चीन ने कहा है कि न तो यूक्रेन संकट उसने शुरू किया और न ही वह इसमें शामिल है। उसने किसी भी पक्ष को कभी भी घातक हथियार नहीं दिए और उसने ड्रोन सहित दोहरे इस्तेवाल वाली चीजों के निर्यात पर कड़ा नियंत्रण रखा है।

संयुक्त राष्ट्र (संरा) में चीनी राजदूत ने अमेरिकी आरोपों के जवाब में यह बात कही। इससे पहले सुरक्षा परिषद की बैठक मेंअमेरिकी प्रतिनिधि ने कहा कि चीन इस युद्ध का 'सबसे महत्वपूर्ण आपूर्तिकर्ता' है। इसके जवाब में, संरा में चीन के उप-स्थाई प्रतिनिधि गेंग शुआंग ने अमेरिका के चीन के खिलाफ लगाए इन आरोपों को झूठा, अपमानजनक और पूरी तरह से अस्वीकार्य बताया। शुआंग ने कहा कि संघर्ष के पक्ष सुरक्षा परिषद के प्रतिबंधों के अधीन नहीं हैं। चीन के रूस और यूक्रेन के साथ सामान्य व्यापारिक संबंध हैं। ऐसा करके, वह अंतर्राष्ट्रीय कानून या अपने अंतर्राष्ट्रीय दायित्वों का उल्लंघन नहीं करता है। उन्होंने आगे कहा कि दरअसल, अब तक अमेरिका ने रूस के साथ अपना व्यापार जारी रखा है। अगर अमेरिका खुद ऐसा कर रहा है, तो वह दूसरों को भी ऐसा करने की अनुमति क्यों नहीं देता? अमे. रिका के लिए यह अनुचित है कि वह चीन से संघर्ष समाप्त करने में भूमिका निभाने की उम्मीद करे, तो दूसरी ओर चीन पर लगातार दबाव बनाए रखे।

# न्यूयॉर्क व न्यूजर्सी में भारी बारिश के कारण आपात की घोषणा

## एक घंटे में 3 इंच बारिश, सड़कें-मेट्रो स्टेशनों में पानी भरा

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के पूर्वी तट पर गुरुवार को तेज तूफान और भारी बारिश से बाढ़ आ गई। जिसके बाद न्यूयॉर्क शहर और न्यू जर्सी में इमरजेंसी घोषित कर दी गई। तूफान का असर न्यूयॉर्क से वॉशिंगटन डीसी तक दिखा। मौसम विभाग के अनुसार, कुछ इलाकों में एक घंटे में 3 इंच (7.6 सेमी) तक बारिश हुई, जिससे नाले और नदियां उफान पर आ गईं। न्यूयॉर्क में मेट्रो स्टेशनों में पानी भर गया। स्टेशन में दीवारों से पानी रिसता दिखा। भारी बारिश के कारण पटरियां पानी में डूब



**14 हजार लोग बिना बिजली के रह रहे, भारी बारिश के कारण पटरियां पानी में डूब गईं जिससे कई ट्रेनें व यात्री फंस गए**

गईं जिससे कई ट्रेनें और यात्री फंस गए। रेस्क्यू टीम ने यात्रियों को बचाया। सड़कों पर पानी भरने से कई गाड़ियां डूब गईं, और एक्सप्रेसवे बंद करना पड़ा। वहीं न्यू जर्सी में 14 हजार से ज्यादा लोग 24 घंटे बिना बिजली के रहे। न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल ने शहर और आसपास के इलाकों में आपातकाल की घोषणा की है। शुक्रवार तक और बारिश की आशंका है। प्रशासन ने लोगों को यात्रा न करने और बाढ़ से बचने की सलाह दी है।

# पुणे के दौंड में आपत्तिजनक पोस्ट के बाद तनाव

**पुणे।** पुणे के दौंड में शुक्रवार को सोशल मीडिया पर एक आपत्तिजनक पोस्ट के बाद तनाव बढ़ गया है। दो गुटों की भीड़ ने सड़कों पर कई गाड़ियों को आग लगा दी गई। धार्मिक स्थल पर पथराव किया है।

घटना पुणे से 80 किमी दूर दौंड के यवत गांव की है। तनाव को देखते हुए यवत का साप्ताहिक बाजार बंद कर दिया गया है। पुलिस ने हालात को काबू पाने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। यवत पुलिस निरीक्षक नारायण देशमुख ने बताया कि आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले युवक का नाम सैय्यद है और हिरासत में ले लिया है। दरअसल, 26 जुलाई को यवत

**■ धार्मिक स्थल पर पथराव, गाड़ियों को आग लगाई शिवाजी महाराज के अपमान के विरोध में प्रदर्शन हो रहा था**

के नीलकंठेश्वर मंदिर में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ की घटना हुई थी। इसी को लेकर गुरुवार से ही विरोध हो रहा था। इसी विवाद पर शुक्रवार को एक युवक की आपत्तिजनक पोस्ट वायरल हो गई। इसके बाद प्रदर्शनकारी यवत के सहकार नगर में युवक के घर पहुंचे और तोड़फोड़ की। तभी दो पक्षों में टकराव हो गया और तनाव की स्थिति बन गई।

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स Admission Open
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology(एक्स-रे टैक.), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्योपैथिक), ECCE(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTR, CCA(कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
:- प्रवेश हेतु सम्पर्क करें:-
श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

ROOP® RAKSHAK
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्ट्र्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782 9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट